ने साफ़-साफ़ कहा कि वे चर्चाओं से असंतुष्ट थे, क्योंकि सरकार ने उनके सवालों के जवाब नहीं दिए। विपक्षी नेताओं ने अमेरिका के उस हवाई हमले पर भी सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए, जिसमें ईरान में 160 स्कूली छात्राएं मारी गई थीं। लेकिन सरकार की ओर से कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण नहीं आया। दोनों पक्षों की बातों में सबसे बड़ा विरोधाभास बैठक में तृणमूल कांग्रेस पार्टी की अनुपस्थिति को लेकर था। जहां सरकार ने दावा किया कि टीएमसी नेता चुनावों के कारण यात्रा पर थे, वहीं टीएमसी ने खुद यह कहा कि उसने बैठक का बहिष्कार करने का फ़ैसला किया था। टीएमसी नेताओं ने इस बात पर सवाल उठाया कि जब संसद का सत्र चल रहा था, तब मध्य-पूर्व में युद्ध जैसे गंभीर मुद्दे पर बंद दरवाज़ों के पीछे बैठक करने का क्या औचित्य था। असल में, विपक्ष संसद में चर्चा की मांग कर रहा था, जिससे जनता को स्थिति समझने में मदद मिलती। इसके बजाय, सरकार ने एक चुनिंदा ब्रीफिंग करने का फैसला किया, जो प्रेस या आम जनता के लिए खुली नहीं थी। पिछले साल 'ऑपरेशन सिंदूर' पर हुई सर्वदलीय बैठक की तरह, इस बार मध्य-एशिया पर हुई बैठक में भी प्रधानमंत्री मौजूद नहीं थे। उन्होंने बैठक की अध्यक्षता का काम राजनाथ सिंह को सौंप दिया। दिलचस्प बात यह है कि राहुल गांधी पिछले साल 'ऑपरेशन सिंदूर' वाली बैठक में शामिल हुए थे, लेकिन मध्य-एशिया वाली बैठक में नहीं आए, ज़ाहिर तौर पर इसकी वजह यह थी कि केरल में उनके चुनाव से जुड़े कार्यक्रम पहले से तय थे। हालांकि, कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी जान-बूझकर इस बैठक से दूर रहे, क्योंकि उन्हें पता था कि प्रधानमंत्री मोदी वहां मौजूद नहीं होंगे।

गंगोत्री मंदिर में प्रवेश के लिये करना होगा पंचगव्य का सेवन

ऐसा लगता है कि उत्तराखंड में गंगोत्री मंदिर समिति ने राज्य के मंदिरों में पूजा-अर्चना की अनुमति देने से पहले, "सच्चे" हिंदुओं की पहचान करने के लिए कुछ कड़े नियम लागू किए हैं। नए नियमों के तहत, श्रद्धालुओं को अपनी आस्था साबित करने के लिए 'पंचगव्य' का सेवन करना

होगा। पंचगव्य, गाय के मूत्र, गोबर, दूध, दही और घी का मिश्रण होता है। यह फ़ैसला, राज्य के मंदिरों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के पहले के फ़ैसले के बाद आया है। अब, केवल हिंदू नाम होना ही धर्म का प्रमाण मानने के लिए काफ़ी नहीं होगा। मंदिर में प्रवेश चाहने वालों को पंचगव्य का सेवन करके अपनी हिंदू पहचान को और भी मज़बूती से साबित करना होगा। पंचगव्य को "दिव्य अमृत" माना जाता है और हिंदू अनुष्ठानों में इसका बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है।

नेपाल के 'बाबा बुलडोजर' हैं बालेन शाह

नेपाल की राजनीति में नायक के तौर पर उभरे बालेन शाह ने आज रामनवमी के दिन सांसद पद की शपथ ली. नेपाल में जेन जैड के हीरो बालेन शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने 5 मार्च को हुए चुनाव में 275 में से 182 सीटें जीतकर इतिहास रचा था. 1999 यानी 27 साल बाद नेपाल में यह पहला मौका है, जब किसी पार्टी को इतना प्रचंड बहुमत मिला हो। महज 35 साल के बालेन रैपर, इंजीनियर और काठमांडू के पूर्व मेयर रहे हैं। बता दें कि बालेन शाह के चुनाव प्रचार का तरीका बड़े राजनेताओं जैसा नहीं था। जनकपुर में उन्होंने अपनी मातृभाषा मैथिली में बात की, तो सुदूर पश्चिम में डोटेली बोली में संदेश दिया। वे मंच पर जाकर लंबे-चौड़े वादे नहीं करते थे, बल्कि जनता से सीधा संवाद करते रहे। पूरे चुनाव प्रचार के दौरान बालेन शाह की सबसे खास बात यह रही कि वे जनता से पूछते थे कि चाय पी ली आपने? आज कौन सी सब्जी खाई? सब्जी अपनी क्यारी की थी या बॉर्डर पार से आई थी?

यही वो सवाल थे जिन्होंने आम नेपाली नागरिक के दिल को छुआ। उन्होंने यह साबित कर दिया कि राजनीति 'स्विट्जरलैंड' बनाने के बड़े-बड़े ख्वाब दिखाने का नाम नहीं, बल्कि अपने देश की बडिमालिका और खप्तड की खूबसूरती को सहेजने का नाम है। अवैध कब्जों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन से उन्हें खूब तालियां बटोरीं। अतिक्रमण का शिकार हुई तुकुचा नदी का बड़ा एरिया खाली कराने को लेकर भी उन्होंने अभियान चलाया। काठमांडू में अवैध कब्जों को लेकर उन्होंने होटल-रेस्तरां मालिकों से सीधा मोर्चा लिया। अनाधिकृत डिजिटल होर्डिंग्स को हटाकर लाखों रुपये का नेपाली टैक्स भी वसूला। हालांकि कुछ लोगों ने इसे शाह का पब्लिसिटी स्टंट बताया है। अवैध ढांचों को हटाने के लिए बुलडोजर, जेसीबी का इस्तेमाल किया गया। कुछ सरकारी विभागों के अतिक्रमण को भी ध्वस्त किया गया.

राजनीति में आने से काफी पहले बालेन शाह नेपाली हिप-हॉप स्टार थे। उन्होंने 2013 में यूट्यूब सीरीज रॉ बार्ज से शोहरत हासिल की. भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और बेरोजगारी के मुद्दे उठाने वाले गानों ने बालेन शाह को युवाओं का चहेता बना दिया। साल 2012 का उनका पहला गाना स्ट्रीट चाइल्ड यानी गली का छोरा पूरे देश में छा गया। बालेन काफी पढ़े लिखे टेक्नोक्रेट भी हैं। बालेन ने काठमांडू विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियर में ग्रेजुएशन किया। फिर कर्नाटक की विश्वेश्वरैया टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में पोस्ट ग्रेजुएशन किया। सियासत के साथ वो काठमांडू विश्वविद्यालय में नेवारी विरासत पर पीएचडी कर रहे हैं। नेपाल में त्रिशंकु सरकारों के बीच भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी से युवाओं का गुस्सा जब उबाल मारने लगा तो बालेन शाह 2022 में एक स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर काठमांडू महापौर चुनाव जीतकर सबको चौंका दिया। बालेन शाह नेपाल के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो मधेशी मूल के हैं। चार साल काठमांडू के मेयर (2022-2026) के शासन के तौर पर उनका स्पष्ट, कठोर रुख चर्चा में रहा। मधेसी नेपाली लोगों का एक समूह है, जो नेपाल का तराई क्षेत्र है, लेकिन मूल रूप से वे भारतीय माने जाते हैं। अभी तक नेपाल की राजनीति में पहाड़ी नेताओं का वर्चस्व रहा है। नेपाली कांग्रेस को इस बार महज 38 सीटें मिली हैं। जबकि सीपीएन यूएमएल को 25 और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को 18 सीटें मिली हैं। श्रम शक्ति पार्टी को 7 सीटें और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी को 5 सीटें मिली हैं। नेपाली संसद में बहुमत का आंकड़ा 138 है। लेकिन 182 सीटों के साथ आरएसपी दो तिहाई बहुमत से भी सिर्फ दो सीट के फासले पर है। आरएसपी सचिव नारायण श्रेष्ठ का कहना है कि पार्टी सांसदों ने नई सरकार के गठन के लिए पूरा अधिकार पार्टी नेता बालेंद्र शाह को दिया है।

देश में उर्वरक का पर्याप्त भंडार, घबराने की जरूरत नहीं : नड्डा

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) रसायन और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि देश में उर्वरक का पर्याप्त भंडारण है और इसे लेकर अफरा-तफरी की कोई जरूरत नहीं है।

उन्होंने सदन में प्रश्नकाल के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे के पूरक प्रश्न के उत्तर में यह भी बताया कि उनकी बृहस्पतिवार को इस विषय पर प्रदेशों के कृषि मंत्रियों से बात हुई है।

अफरा-तफरी पैदा की जा रही है, उसकी कोई जरूरत नहीं है

नड्डा ने कहा, 'मैं सरकार की तरफ से देश की जनता को आश्वस्त करना चाहता हूं कि जहां तक उर्वरक का सवाल है तो सरकार ने इसकी पर्याप्त व्यवस्था कर रखी है। घबराने की कोई जरूरत नहीं है।' मंत्री ने कहा, 'मैंने कल ही सभी कृषि मंत्रियों से बात की है और सबसे कहा है कि जो अफरा-तफरी पैदा की जा रही है, उसकी कोई जरूरत नहीं है। हमारे पास पर्याप्त भंडारण है और किसानों को जितनी खाद की जरूरत होगी, उपलब्ध कराई जाएगी।' उन्होंने बताया कि जॉर्डन, सऊदी अरब और कई अन्य देशों के साथ दीर्घकालिक समझौते किए जा रहे हैं ताकि उर्वरक के लिए जरूरी सामाग्री का आयात किया जा सके। नड्डा ने कहा, 'यूरिया का उत्पादन बढ़ाया गया है। पिछले 10 साल में यूरिया का उत्पादन 230 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 315 लाख मीट्रिक टन हो गया है।'

ट्रेलर से टकराया पिकअप, 8 की मौत

कौशांबी, (पंजाब केसरी): उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में शुक्रवार को श्रद्धालुओं को ले जा रहे एक पिकअप वाहन के राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े एक ट्रेलर ट्रक से टकरा जाने के कारण पांच महिलाओं और तीन बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। सरकार ने पीड़ितों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जानमाल के नुकसान पर शोक व्यक्त किया। पुलिस के अनुसार, यह हादसा जिले के सैनी थाना क्षेत्र के डोरमा पेट्रोल पंप के पास लगभग शाम चार बजे हुआ। पिकअप वाहन प्रयागराज से फतेहपुर जा रहा था और सड़के किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गया। मृतकों की पहचान फतेहपुर जिले के जहानाबाद-बिंदकी क्षेत्र के निवासियों के रूप में हुई है। वे 'मां शीतला' के मंदिर कड़ा धाम में दर्शन करके लौट रहे थे। इससे पहले, वे एक बच्चे के मुंडन संस्कार में शामिल होने प्रयागराज गए थे। पुलिस के अनुसार, हादसे के समय पिकअप वाहन में महिलाओं और बच्चों समेत करीब 24 श्रद्धालु सवार थे। प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) ज्योति नारायण ने भी दुर्घटना स्थल का दौरा किया।

जन विश्वास विधेयक लोकसभा में पेश

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): सरकार ने छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और व्यापार एवं जीवन में सुगमता बढ़ाने के लिए शुक्रवार को लोकसभा में एक विधेयक पेश किया। वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने एक संसदीय समिति की सिफारिशों को शामिल करने के बाद, जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक, 2026 पेश किया। कांग्रेस सांसद के. काव्या और जी.के. पडवी ने विधेयक पेश किए जाने का विरोध करते हुए कहा कि यह संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है। पडवी ने सरकार से विधेयक को प्रवर समिति के पास वापस भेजने या संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'यह एक प्रशासनिक चूक है... विधेयक मनमाना है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। इस पर पुन: विचार-विमर्श किया जाना चाहिए।' उन्होंने यह भी कहा कि प्रवर समिति

छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने वाला विधेयक

की रिपोर्ट में भी विधेयक के प्रावधानों को लेकर असहमति जताई गई है।

पडवी ने कहा कि इसमें 'न्यायिक निगरानी की कमी' है और यह संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का हनन करता है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक कानून का उल्लंघन करने का लाइसेंस देता है। उन्होंने दावा किया, 'बड़ी कंपनियां जवाबदेही से बच जाएंगी और गरीब लोग कड़े प्रवर्तन का सामना करेंगे।' काव्या ने कहा कि विधेयक अधिकारियों को अत्यधिक शक्तियां देता है और न्यायिक निगरानी को कमतर करता है। उन्होंने कहा, 'यह विधेयक मनमाना है और आपराधिक न्याय प्रणाली को कमजोर करता है तथा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है।

राजस्थान से पाकिस्तानी जासूस आकाशदीप को किया गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (आईएएनएस)। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक लंबे समय से पाकिस्तान स्थित आतंकी शहजाद भट्टी के संपर्क में था।

थाना प्रभारी गुरमेल सिंह बराड़ के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान आकाशदीप (19) पुत्र पीरा सिंह, के रूप में हुई है, जो केसरीसिंहपुर का निवासी है और वर्तमान में चक केरा में रह रहा था।

आरोपी आकाशदीप लंबे समय से पाकिस्तान स्थित आतंकी शहजाद भट्टी के संपर्क में था। वह इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए लगातार उससे बातचीत कर रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने आतंकी के निर्देश पर कई संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले स्थानों की रेकी की और उनके वीडियो बनाकर पाकिस्तान भेजता था और उसके एवज में राशि लिया करता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से रियलमी कंपनी का एक मोबाइल फोन जब्त किया है, जिसमें संदिग्ध गतिविधियों के कई सबूत मिले हैं। मोबाइल की जांच में पाया गया कि आरोपी की इंस्टाग्राम आईडी थी।

आरोपी आकाशदीप आईडी के जरिए भारत और पाकिस्तान के लोगों के बीच वॉइस चैट और सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा रहा था। साथ ही, +92 कोड वाले नंबरों पर जानकारी साझा करने के प्रमाण भी मिले हैं। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से आतंकी शहजाद भट्टी के साथ अपनी फर्जी तस्वीरें तैयार कीं और उन्हें सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। व्हाट्सएप चैट में भी आरोपी की ओर से पाकिस्तान के नंबर पर संपर्क करने और जवाब मिलने के संकेत मिले हैं। पूछताछ के दौरान आकाशदीप ने स्वीकार किया कि उसने आतंकी के कहने पर पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, चंडीगढ़ और हरियाणा के अंबाला समेत कई महत्वपूर्ण स्थानों की रेकी की थी। उसने इन स्थानों के वीडियो बनाकर व्हाट्सएप के माध्यम से पाकिस्तान भेजे और वहां तक पहुंचने के रास्तों की जानकारी भी साझा की।

पुलिस को संदेह है कि आरोपी के तार अंबाला में बरामद आरडीएक्स, आईईडी और अन्य विस्फोटक सामग्री से भी जुड़े हो सकते हैं, जिन्हें ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से भारत भेजा गया था। फिलहाल पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

छात्रा से रेप, जिम ट्रेनर साथी समेत गिरफ्तार

सहारनपुर, (पंजाब केसरी): उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के बिहारीगढ़ थाना क्षेत्र में एक जिम ट्रेनर ने छात्रा को प्रोटीन में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस के अनुसार पीड़िता बीएससी (नर्सिंग) की छात्रा है। पीड़िता (21) की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि बुधवार को पीड़िता ने थाना बिहारीगढ़ पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह थाना क्षेत्र स्थित एक जिम पर जाती है, जहां उसकी पहचान जिम ट्रेनर शहजाद (निवासी बड़ी मस्जिद देहरादून रोड थाना गागलहेडी) से हुई थी। जैन ने बताया कि युवती का आरोप है कि शहजाद ने उसे विश्वास में लेकर देहरादून ले जाकर प्रोटीन में नशीला पदार्थ मिलाकर दे दिया, जिससे वह बेहोश हो गई और कार में उससे दुष्कर्म किया। उन्होंने कहा कि पीड़िता का आरोप है कि शहजाद का साथी मुकर्रम पीड़िता की गतिविधियों पर नजर रखता था और शहजाद की मदद करता था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि छात्रा की तहरीर पर थाना बिहारीगढ़ में मुकदमा दर्ज करते हुए शुक्रवार को आरोपी शहजाद (28) और मुकर्रम (27) को गिरफ्तार कर लिया गया है।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83

पंजाब केसरी

दिल्ली कार्यालय :

फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रैस, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

प्रभात खबर लीगल काउंसेलिंग आज

अधिवक्ता गौरी शंकर प्रसाद देंगे कानूनी सलाह

प्रभात खबर की ओर से 28 मार्च (शनिवार) को लीगल काउंसेलिंग का आयोजन किया गया है. झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता गौरी शंकर प्रसाद लोगों को कानूनी सलाह देंगे. उन्होंने रांची विश्वविद्यालय से लॉ की डिग्री लेने के बाद वर्ष 2001 में वकालत का लाइसेंस प्राप्त किया था. अधिवक्ता गौरी शंकर प्रसाद से दूरभाष संख्या-0651 6613208 पर दिन के 11 से 12 बजे तक लोग कानून सलाह ले सकते हैं. अधिवक्ता संवैधानिक, सर्विस व क्रिमिनल मामलों के जानकार हैं. इन विषयों से संबंधित समस्याओं को लेकर लोग उनसे सवाल कर सकते हैं.

तिथि : 28 मार्च (शनिवार) समय : दिन के 11 से 12 बजे तक
दूरभाष संख्या : 0651-6613208

प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें : हेमंत

- मुख्यमंत्री हेमंत ने पत्नी कल्पना सोरेन के साथ श्री राम जानकी तपोवन मंदिर में की पूजा

वरीय संवाददाता, रांची

प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें. सामाजिक सद्भाव और समरसता के साथ रामनवमी महापर्व को ऐतिहासिक और यादगार बनायें. उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कही. वे रामनवमी पर पत्नी कल्पना सोरेन के साथ श्री राम जानकी मंदिर तपोवन पहुंचे थे. यहां उन्होंने पूजा की और राज्य के लोगों को त्योहार की शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि यहां आकर हमें काफी प्रसन्नता मिलती है. भगवान श्री राम आप सभी की मनोकामनाएं पूरी करें.

आस्था के समागम में शामिल होने का मिला सौभाग्य : सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि रामनवमी महापर्व के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस बार भी आस्था के समागम में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है. आज यहां पूजा के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं. विभिन्न अखाड़ों की शोभायात्रा का आज यहां समागम हो रहा है.

तपोवन मंदिर का इतिहास काफी पुराना : सीएम ने कहा कि तपोवन मंदिर का इतिहास काफी पुराना है. इसकी एक अलग पहचान है. अब इसी पहचान को और मजबूत बनाने की दिशा में हमने कदम बढ़ा दिया है. मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है. हम सभी भगवान श्री राम से कामना करें कि इस मंदिर को भव्यता देने का काम जल्द से जल्द पूर्ण हो. इससे पहले मंदिर के महंत ओम प्रकाश शरण ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और पूजा करायी. इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दुबे, श्री महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष जय सिंह यादव आदि ने भी सीएम का स्वागत किया.

सीएम आवास में की पूजा : इसके पूर्व हेमंत सोरेन व कल्पना सोरेन ने सीएम आवास (कांके रोड) स्थित हनुमान मंदिर में विधि-विधान से पूजा की.

पत्नी कल्पना सोरेन के साथ तपोवन मंदिर में पूजा करने पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, साथ में कांग्रेस नेता आलोक दुबे व अन्य.

क्विक बाइट्स

पीएम के साथ बैठक में शामिल हुए सीएम हेमंत

रांची. पश्चिम एशिया में उभरते हालात के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपालों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की. इस दौरान देश की तैयारियों की समीक्षा की गयी. झारखंड से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व मुख्य सचिव अविनाश कुमार इस वर्चुअल बैठक में शामिल हुए.पीएम ने राज्यों से कहा कि आपूर्ति शृंखला का सुचारु संचालन सुनिश्चित करें और जमाखोरी तथा मुनाफाखोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें. पीएम ने राज्य और जिला स्तर पर कंट्रोल रूम सक्रिय रखने तथा प्रशासनिक सतर्कता बनाये रखने पर भी बल दिया, ताकि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में किसी तरह की बाधा न आये. बताया गया कि कई मुद्दों पर सीएम हेमंत ने भी अपनी बात रखी.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज जायेंगे असम

रांची. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को असम जायेंगे. वह रांची से दिन के 10.30 बजे विशेष विमान से गुवाहाटी रवाना होंगे. बताया गया कि पीएम के साथ शाम 6.30 से रात 8.30 बजे तक बैठक चलने के कारण वह शुक्रवार को नहीं जा सके. शनिवार को दिन के 2.20 बजे असम के गोसाईगांव विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे.

जय झारखंड अभियान ने गवर्नर के नाम दिया ज्ञापन

रांची. जय झारखंड अभियान नामक संगठन ने राज्यपाल के प्रधान सचिव को आवेदन देकर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति की अनुशंसाओं पर रोक लगाने की मांग की है. संगठन के संयोजक सुनील कुमार महतो ने कहा है कि सूचना आयुक्त के लिए अनुशंसित नामों में राजनीतिक दलों से जुड़े लोग भी शामिल हैं. प्रावधान के अनुसार, राज्य मुख्य सूचना आयुक्त या सूचना आयुक्त किसी राजनीतिक दल से संबद्ध नहीं हो सकते. आवेदन में न्यायालय के फैसलों का हवाला देते हुए चयन प्रक्रिया को पारदर्शी और गैर-राजनीतिक रखने की बात कही गयी है. संगठन ने राज्यपाल से अनुशंसाओं की स्वतंत्र व गहन जांच कराने की मांग की है.

विष्णुगढ़ घटना पर अंबा प्रसाद ने जताया आक्रोश

रांची. पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने विष्णुगढ़ पहुंचकर दुष्कर्म व हत्या की शिकार 12 वर्षीय बच्ची के परिजनों से मुलाकात की. उन्होंने घटना पर आक्रोश जताते हुए इसे निर्भया कांड से भी अधिक दर्दनाक बताया. उन्होंने कहा कि यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है. अंबा प्रसाद ने आरोप लगाया कि कई दिन बीत जाने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना पुलिस-प्रशासन की विफलता है. उन्होंने दोषियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग की. हजारीबाग पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए लोगों से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए एकजुट होने की अपील की.

आठवीं अनुसूची में शामिल हो कुड़माली : चंद्रप्रकाश

रांची. गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने लोकसभा में कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने और इसे भाषा कोड देने की मांग की. उन्होंने कहा कि यह कदम भाषा के सम्मान, संरक्षण और विकास के लिए बेहद जरूरी है. सांसद ने कहा कि कुड़माली केवल एक भाषा नहीं, बल्कि झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के लाखों लोगों की पहचान, संस्कृति और परंपरा का आधार है. यह भाषा सदियों से लोकगीत, लोक कथाओं और सामाजिक जीवन की समृद्ध विरासत को संजोये हुए है. उन्होंने कहा कि आठवीं अनुसूची में शामिल होने से भाषा को सरकारी मान्यता मिलेगी, शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में इसका उपयोग बढ़ेगा तथा आने वाली पीढ़ियां अपनी भाषा और संस्कृति से जुड़ी रहेंगी. श्री चौधरी ने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की अवधारणा तभी सार्थक होगी, जब देश की सभी भाषाओं को समान सम्मान मिले. कुड़माली भाषी लंबे समय से संवैधानिक मान्यता की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें उनका अधिकार नहीं मिल पाया है. उन्होंने केंद्र सरकार से मामले में जल्द ठोस निर्णय लेने की मांग की.

छात्रवृत्ति के अभाव में गरीब छात्र परेशान : जयराम

रांची. डुमरी विधायक जयराम महतो ने रांची में रिम्स के विस्तार कार्य को जल्द शुरू करने और संताल परगना में नेतरहाट की तर्ज पर विद्यालय स्थापित करने की मांग की. उन्होंने कहा कि राज्य में विकास योजनाओं की घोषणा तो होती है, लेकिन उसे धरातल पर उतरने में देरी हो रही है, जिससे आम जनता में असंतोष बढ़ रहा है. उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों में मौजूदा मुख्यमंत्री आवास के रखरखाव और मरम्मत पर लगभग 100 करोड़ रुपये खर्च किये जा चुके हैं. उन्होंने मरम्मत कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया. कहा : सरकार को इस मामले की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए. उन्होंने कहा कि ग्रामीण आबादी बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रही है और छात्रवृत्ति के अभाव में गरीब छात्र परेशान हैं. मुख्यमंत्री के नये आवास निर्माण को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला है. उन्होंने 67 करोड़ रुपये से नये मुख्यमंत्री आवास का निर्माण किये जाने पर भी सवाल उठाये. उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की है कि इस राशि को शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च किया जाये.

उच्च शिक्षा निदेशक ने सभी विश्वविद्यालयों को गाइडलाइन के साथ भेजा पत्र

मेंटल हेल्थ व आत्महत्या रोकथाम उपायों पर विवि से मांगी गयी रिपोर्ट

विशेष संवाददाता, रांची

राज्य सरकार ने सभी सरकारी और निजी विवि से 10 अप्रैल तक रिपोर्ट मांगी है कि उनके यहां मेंटल हेल्थ व आत्महत्या रोकथाम के लिए अब तक क्या-क्या कदम उठाये हैं. सरकार के निर्देश पर उच्च शिक्षा निदेशक सुधीर बाड़ा ने इस बाबत गाइडलाइन के साथ पत्र भेजा है. इसमें कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के आलोक में सभी विवि, सभी अंगीभूत व संबद्ध कॉलेजों, उच्च शिक्षण संस्थानों, कोचिंग संस्थानों सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों, छात्रावासों में मेंटल हेल्थ व आत्महत्या रोकने के उपाय अनिवार्य रूप से किया जाना है. निदेशक ने सभी विवि से इस बाबत 10 अप्रैल तक संबंधित दस्तावेज के साथ विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है. निदेशक द्वारा भेजी गयी गाइडलाइन के निर्देशों का अनुपालन भी करने की बात कही है. निदेशक के अनुसार ये दिशानिर्देश तब तक प्रभावी और बाध्यकारी रहेंगे, जब तक कि राज्य सरकार द्वारा कोई उपयुक्त कानून या नियामक ढांचा लागू नहीं कर दिया जाता है.

10 अप्रैल तक विश्वविद्यालयों को विस्तृत रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिये गये

उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में विद्यार्थियों के जाने पर रोक लगायें

सरकारी और निजी विवि को भेजी गयी गाइडलाइन में हिदायत दी गयी है कि सभी आवासीय-आधारित शैक्षणिक संस्थान परिसर में नशीले पदार्थों और अन्य हानिकारक पदार्थों का सेवन नहीं हो. छात्रावास में छेड़छाड़ नहीं होनेवाले सीलिंग पंखे या समकक्ष सुरक्षा उपकरण लगायें. विद्यार्थियों के छत, बालकनी तथा अन्य उच्च-जोखिम वाले क्षेत्रों तक पहुंचने पर प्रतिबंध रहेगा, ताकि आत्म-हानि के आवेगपूर्ण कृत्यों को रोका जा सके. जिन शैक्षणिक संस्थानों में 100 या उससे ज़्यादा छात्र नामांकित हैं, वहां कम से कम एक योग्य काउंसलर, मनोवैज्ञानिक या सामाजिक कार्यकर्ता नियुक्त करें. छात्रों के छोटे समूहों के लिए समर्पित मेंटर या काउंसलर नियुक्त होंगे. विवि, कॉलेज व कोचिंग संस्थानों में शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर बैच अलग करने, सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा करने या छात्रों की क्षमताओं से ज्यादा शैक्षणिक लक्ष्य देने से बचना होगा. आत्महत्या हेल्पलाइन नंबर, जिनमें टेली मानस और अन्य राष्ट्रीय सेवाओं की जानकारी छात्रावासों, कक्षाओं और वेबसाइट पर उपलब्ध करायें.

एसटी-एससी, ओबीसी और दिव्यांग विद्यार्थियों के साथ भेदभाव नहीं हो

संस्थानों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि शिक्षक, कर्मचारी, प्रशासनिक अधिकारी हाशिये पर पड़े पृष्ठभूमि के छात्र-छात्राओं के साथ संवेदनशील, समावेशी और बिना किसी भेदभाव के साथ व्यवहार करेंगे. इनमें विशेष रूप से एसटी/एससी/ओबीसी, इडब्ल्यूएस, आदिम जनजाति समुदायों के छात्र, दिव्यांग छात्र, घर से बाहर देखभाल में रहनेवाले छात्र, और शोक, आघात या पहले के आत्महत्या के प्रयासों से प्रभावित छात्र शामिल होंगे. इसके अलावा सभी शैक्षणिक संस्थानों को जाति, वर्ग, लिंग, दिव्यांगता, धर्म या जातीयता के आधार पर होनेवाले यौन उत्पीड़न, छेड़छाड़, रैगिंग और धमकाने की घटनाओं की रिपोर्ट करने, उनके निवारण और रोकथाम के लिए मजबूत, गोपनीय और सुलभ तंत्र स्थापित करने होंगे. प्रत्येक संस्थान एक आंतरिक समिति या नामित प्राधिकारी का गठन करेंगे. जिस पर शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई होगी. छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के बारे में माता-पिता और अभिभावकों के लिए नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे.

पढ़ाई के अलावा अन्य गतिविधियों का आयोजन होगा : सभी शैक्षणिक संस्थान शैक्षणिक के अलावा पाठ्येतर गतिविधियों को प्राथमिकता देंगे. इनमें खेल, कला, और व्यक्तित्व विकास की पहल शामिल होंगे. शैक्षणिक बोझ को कम करने और छात्रों में टेस्ट स्कोर और रैंक से परे पहचान की एक व्यापक भावना विकसित करें.

शिक्षा परियोजना निदेशक ने सभी डीएसइ को लिखा पत्र

जेटेट विसंगति को लेकर जिलों से 20 तक मांगी गयी रिपोर्ट

प्रमुख संवाददाता, रांची

झारखंड शिक्षा परियोजना ने सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) की झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) से जुड़ी विसंगति को लेकर जानकारी मांगी है. शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को पत्र लिखा है. जिलों से 20 अप्रैल तक इस संबंध में विस्तृत जानकारी देने को कहा गया है. जिलों को पारा शिक्षकों के चयन, शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक योग्यता एवं पदस्थापन से संबंधित पंचायतवार विवरणी देने को कहा गया है. इन शिक्षकों के प्रमाण पत्रों के सत्यापन की रिपोर्ट भी देने को कहा गया है.

क्या है मामला : राज्य में लगभग 2500 ऐसे पारा शिक्षक हैं, जो नियुक्ति कक्षा के अनुरूप जेटेट सफल नहीं हैं. ऐसे में उन्हें जेटेट सफल शिक्षक के अनुरूप मानदेय नहीं मिल रहा है. इस संबंध में झारखंड शिक्षा परियोजना ने महाधिवक्ता से राय मांगी थी. शिक्षकों के जेटेट सफल होने के अनुरूप मानदेय देने की स्थिति में पड़ने वाले वित्तीय बोझ का आकलन किया जायेगा. इसके बाद इस संबंध में वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजा जायेगा. वित्त विभाग की स्वीकृति के बाद इस संबंध में आगे की प्रक्रिया पूरी की जायेगी.

क्या जानकारी मांगी गयी है

- सहायक अध्यापक जिनका चयन कक्षा एक से पांच में हुआ है, पर वे कक्षा एक से पांच में जेटेट अनुत्तीर्ण किंतु छह से आठ में जेटेट सफल हैं.
- सहायक अध्यापक जिनका चयन कक्षा छह से आठ में हुआ है, पर वे कक्षा छह से आठ में जेटेट अनुत्तीर्ण किंतु एक से पांच में जेटेट सफल हैं.
- सहायक अध्यापक जिनका चयन कक्षा एक से पांच में हुआ है, पर वे कक्षा एक से पांच व छह से आठ दोनों में जेटेट सफल हैं.
- सहायक अध्यापक जिनका चयन कक्षा छह से आठ में हुआ है, पर वे कक्षा छह से आठ व एक से पांच दोनों में जेटेट सफल हैं.

असम में कांग्रेस की सरकार बनी तो मजदूरी में होगी वृद्धि : बंधु तिर्की

असम के चाय बागान में कार्यरत श्रमिकों से उनकी समस्या सुनते बंधु तिर्की.

रांची. असम के कामरूप मेट्रो जिले स्थित अमचोंग टी एस्टेट में शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने चाय बागान में कार्यरत श्रमिकों और उनके परिवारों से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने श्रमिकों की समस्याएं सुनीं. श्रमिकों से बातचीत करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि चाय बागान में काम करने वाले आदिवासी श्रमिकों की स्थिति में सुधार जरूरी है. उन्होंने आश्वासन दिया कि असम में कांग्रेस की सरकार बनने पर चाय बागान श्रमिकों के लिए दैनिक मजदूरी में बढ़ोतरी, भत्ता में सुधार और उन्हें उचित अधिकार दिलाने की दिशा में काम किया जायेगा. उन्होंने श्रमिकों से एकजुट रहने और अपने अधिकारों के लिए सजग होकर मतदान करने की अपील की. श्री तिर्की ने कहा कि अपने मत का प्रयोग सोच-समझकर करें, ताकि आनेवाले समय में उनकी समस्याओं का समाधान हो सके. श्रमिकों ने कहा कि अब तक कोई भी नेता उनके बीच आकर उनकी समस्याएं सुनने नहीं आया था.

मुख्यमंत्री ने जेएन सिंह को दी श्रद्धांजलि

रांची. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पिस्का मोड़ स्थित विनोद कुमार सिंह के आवास पर पहुंचकर उनके पिता (राज्य सरकार के पूर्व अधिकारी) जेएन सिंह को श्रद्धांजलि दी. मुख्यमंत्री ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की. जेएन सिंह झारखंड बिजली बोर्ड के सचिव रह चुके हैं. गुरुवार को उनका निधन हो गया था. शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार हरमू मुक्तिधाम में किया गया.

यूपीएससी : संताली विषय की कोचिंग करायेगी राज्य सरकार

प्रमुख संवाददाता, रांची

झारखंड सरकार यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को संताली (वैकल्पिक) विषय की निःशुल्क कोचिंग करायेगी. इस संबंध में डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान ने दिशा-निर्देश जारी किया है. इसमें कहा गया है कि कोचिंग का उद्देश्य सिविल सेवा परीक्षा में अभ्यर्थियों की सफलता की संभावनाओं को बढ़ाना है. कोचिंग के लिए 50 विद्यार्थियों का चयन किया जायेगा. कोचिंग के लिए अभ्यर्थियों की अर्हता तय कर दी गयी है. इसके लिए अभ्यर्थी का स्नातक पास होना अनिवार्य है. अभ्यर्थी की आयु संघ लोक सेवा आयोग सिविल सेवा परीक्षा की पात्रता के अनुरूप होनी चाहिए. कोचिंग में अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी. कोचिंग समन्वयक व अतिथि शिक्षक के लिए भी आवेदन आमंत्रित किया गया है. शिक्षक के लिए अनिवार्य है कि वे कॉलेज में संताली भाषा प्राध्यापक के रूप में कार्य किये हों. कोचिंग समन्वयक की नियुक्ति के लिए भी आवेदन आमंत्रित किया गया है.

कोचिंग समन्वयक के लिए स्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है. इसके साथ समन्वयक को संताली भाषा की जानकारी व अन्य समन्वयक को स्मार्ट क्लास की जानकारी होना अनिवार्य है. इसके लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 16 अप्रैल निर्धारित की गयी है. इस संबंध में विस्तृत जानकारी संस्थान की वेबसाइट www.trijharkhand.in/en/opportunities से प्राप्त किया जा सकता है.

कोचिंग के लिए 50 विद्यार्थियों का चयन किया जायेगा

- डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान करेगा कोचिंग का संचालन
- कोचिंग समन्वयक व अतिथि शिक्षक के लिए भी मांगे गये आवेदन



डायट में नामांकन के लिए 18 तक जमा होगा आवेदन

रांची. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी. दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक नीलम आईलीन टोप्पो ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिया है. संस्थान में नामांकन के लिए विद्यार्थी 18 अप्रैल तक आवेदन जमा कर सकते हैं. आवेदन स्पीड पोस्ट के माध्यम से क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक दक्षिणी प्रमंडल को भेजना है. आवेदन प्राप्ति का समय 18 अप्रैल की शाम पांच बजे तक निर्धारित किया गया है.

नये सचिवालय भवन के निर्माण के लिए राज्य सरकार ने 16वें वित्त आयोग से मांगा सहयोग

प्रमुख संवाददाता, रांची

झारखंड सरकार ने राज्य के प्रशासनिक ढांचे को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने की दिशा में कदम उठाते हुए नये सचिवालय भवन के निर्माण के लिए 16वें वित्त आयोग से विशेष वित्तीय सहयोग मांगा है. यह प्रस्ताव राज्य द्वारा आयोग के समक्ष रखी गयी 3.03 लाख करोड़ की समग्र वित्तीय सहायता मांग का अहम हिस्सा है. सरकार का मानना है कि वर्तमान सचिवालय भवन बढ़ती प्रशासनिक जरूरतों के अनुरूप पर्याप्त नहीं है. ऐसे में रांची में एक अत्याधुनिक, सुविधायुक्त और समेकित सचिवालय का निर्माण जरूरी है, जहां विभिन्न विभाग एक ही परिसर में कार्य कर सकें. इससे प्रशासनिक कार्यों में समन्वय और दक्षता बढ़ेगी. नये सचिवालय के निर्माण को राज्य के दीर्घकालिक विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया गया है. सरकार ने वित्त आयोग के समक्ष यह तर्क रखा कि मजबूत प्रशासनिक ढांचा राज्य के समग्र विकास की आधारशिला होता है. राज्य सरकार ने 16वें वित्त आयोग से शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, जल प्रबंधन, उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के विकास और आदिवासी सशक्तीकरण के लिए भी वित्तीय सहयोग की मांग की है. जानकारी के अनुसार, आयोग ने राज्य की मांगों पर विचार करते हुए वित्तीय अनुशासन और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन पर भी जोर दिया है. राज्य सरकार को स्थानीय निकायों को मजबूत करने और राजस्व बढ़ाने के उपायों पर ध्यान देने की सलाह दी गयी है.

सहायक वन संरक्षक परीक्षा के लिए कल से डाउनलोड होंगे एडमिट कार्ड

रांची. झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा सहायक वन संरक्षक के 78 पद पर चार से 12 अप्रैल तक नियुक्ति परीक्षा होगी. इसमें शामिल होनेवाले अभ्यर्थी 29 मार्च से एडमिट कार्ड व उपस्थिति पत्रक डाउनलोड कर सकेंगे. अभ्यर्थी अपना रजिस्ट्रेशन नंबर व जन्मतिथि डालकर वेबसाइट से एडमिट कार्ड व उपस्थिति पत्रक डाउनलोड कर सकते हैं. किसी अभ्यर्थी को अगर डाउनलोड करने में दिक्कत आती है, तो वे तीन अप्रैल तक अपना नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि व रजिस्ट्रेशन नंबर के साथ आवेदन देकर एडमिट कार्ड आयोग कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं. परीक्षा दो पाली में होगी. पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े नौ बजे से दिन के 12.30 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न ढाई बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक होगी. परीक्षा केंद्र पर बायोमीट्रिक व आइआरआइएस के माध्यम से प्रवेश मिलेगा. ऐसे में पहली पाली के अभ्यर्थियों को सुबह आठ बजे तक तथा द्वितीय पाली के अभ्यर्थियों को दोपहर एक बजे तक केंद्र पहुंचना जरूरी होगा. अभ्यर्थियों को केंद्र पर एडमिट कार्ड व उपस्थिति पत्रक के साथ चार रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो व वैद्य पहचान पत्र लेकर आना होगा. मोबाइल, गैजेट्स, कैलकुलेटर, किताब, नोट्स आदि लाना मना है. अभ्यर्थी को सभी पत्रों की परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है. प्रत्येक पाली के लिए अभ्यर्थी को एक ही उत्तरपुस्तिका मिलेगी. मुख्य परीक्षा के लिए पीटी में 1110 अभ्यर्थी सफल हुए हैं.

एचइसी स्थित कोर कैपिटल एरिया में 150 करोड़ से यूनिटी मॉल और 44 करोड़ से हो रहा है वर्ल्ड ट्रेड सेंटर का निर्माण

वर्ल्ड ट्रेड सेंटर और यूनिटी मॉल का निर्माण 50% पूरा

विशेष संवाददाता, रांची

रांची के एचइसी स्थित कोर कैपिटल एरिया में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर और यूनिटी मॉल का निर्माण किया जा रहा है. दोनों का निर्माण कार्य लगभग 50 प्रतिशत तक पूरा हो गया है. 150 करोड़ (केंद्र व राज्य सरकार के फंड से) से यूनिटी मॉल का निर्माण किया जा रहा है. केंद्र सरकार ने प्रत्येक राज्य की राजधानी में एक-एक यूनिटी मॉल की स्वीकृति दी थी. यूनिटी मॉल में राज्य के चिह्नित एक जिला एक उत्पाद के स्टॉल होंगे. इसके अलावा देश के सभी राज्यों के चिह्नित एक-एक जीआइ टैग वाले उत्पाद के स्टॉल भी होंगे, जो बिक्री व प्रदर्शनी के लिए उपलब्ध रहेंगे. यहां खान-पान के अलावा हस्तशिल्प व अन्य उत्पाद उपलब्ध होंगे. झारखंड की सोहराई व कोहबर पेंटिंग को जीआइ टैग मिला हुआ है. वहीं, बिहार के जर्दालु आम, लीची व मखाना, ओडिशा के रसगुल्ला व हिमाचल के चंबा चप्पल जैसे जीआइ टैग प्राप्त उत्पाद इस मॉल में रखे जायेंगे. यूनिटी मॉल के लिए वर्ल्ड ट्रेड सेंटर परिसर का ही चयन किया गया है. 3.5 एकड़ के इस परिसर में एक ओर वर्ल्ड ट्रेड सेंटर व दूसरी ओर यूनिटी मॉल बन रहा है. वर्ल्ड ट्रेड सेंटर का शिलान्यास मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 29 जुलाई 2022 को किया था. इसी दौरान केंद्र सरकार ने इसकी राशि रोक दी. तब राज्य सरकार ने राज्य के योजना मद से निर्माण कराने का निर्णय लिया था. इसके लिए 44 करोड़ रुपये की मांग की की गयी थी. पर योजना को फिलहाल टाल दिया गया था. अब राज्य सरकार अपने फंड से इसका निर्माण करा रही है. इसके लिए 40 करोड़ रुपये आवंटित भी कर दिये गये हैं. वर्ल्ड ट्रेड सेंटर जी प्लस फाइव होगा. बताया गया कि जून 2026 तक भवन का निर्माण कार्य पूरा हो जायेगा. फिर फिनिशिंग का काम चलेगा, जो जनवरी 2027 तक पूरा होगा.

वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में अंतरराष्ट्रीय व्यापार की मिलेगी सुविधा

वर्ल्ड ट्रेड सेंटर का निर्माण राज्य में स्थित उद्योगों व व्यापार द्वारा आयात-निर्यात के लिए किया जा रहा है. सेंटर के भवन में निर्यात करने वाली कंपनियों के कार्यालय, सेमिनार व प्रदर्शनी के लिए हॉल भी बनाने का प्रस्ताव है. भवन में ही निर्यात करने वाली वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाने का प्रस्ताव है. वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में अंतरराष्ट्रीय कारोबार से संबंधित सारी सुविधाएं एक ही परिसर में मिलेंगी. यहां विदेश व्यापार महानिदेशालय का क्षेत्रीय कार्यालय और भारतीय निर्यात परिसंघ से जुड़े कार्यालय भी होंगे. साथ ही करेंसी एक्सचेंज से लेकर मनी ट्रांसफर तक की सुविधाएं होंगी. एक्सपोर्ट लाइसेंस आदि लेने की सुविधा भी दी जायेगी. साथ ही पेटेंट कराने की सुविधा भी दी जायेगी.

प्रेरणा

आजादी दी नहीं जा सकती, आपको उसे हासिल करना चाहिए। - एलबर्ट हबर्ड

संपादकीय

ईरान युद्ध का खामियाजा पूरी दुनिया झेल रही है

वियतनाम युद्ध पर बोलते हुए अमेरिकी सीनेट की विदेश नीति पर समिति के अध्यक्ष फुलब्राइट ने 1966 में 'बलवान का घमंड' शीर्षक से एक मशहूर भाषण दिया था। इस भाषण के बाद अमेरिका ही नहीं, पूरे विश्व की विदेश नीति में मौलिक बदलाव आए। इसमें सीनेटर ने बताया कि बलशाली साम्राज्य अपने को नैतिक रूप से श्रेष्ठ मान लेता है और दुनिया को अपनी सोच के हिसाब से बदलने को मजबूर करता है। 60 साल बाद एक बार फिर अमेरिका वही गलतियां दोहराते हुए ईरान के साथ युद्धरत है। वियतनाम युद्ध के बाद के विश्लेषण में पता चला था कि अमेरिका ने वहां की जनता की राष्ट्रीयता की भावना को कमतर आंका था। जिस जनता को बचाने के लिए वियतनामी सत्ता से युद्ध का तर्क अमेरिका ने दिया था, उसी जनता को सर्वाधिक क्षति उस युद्ध से हुई। लेकिन इस बार पहली बार ऐसा हो रहा है कि ईरान युद्ध का खामियाजा पूरी दुनिया झेल रही है। यह बलशाली होने का अहंकार ही तो है कि वेनेजुएला के राष्ट्राध्यक्ष को उनके घर से उठाकर अमेरिकी जेल में डाल दिया जाता है और गलत खुफिया जानकारी के कारण ईरान के एक स्कूल पर बम गिराने से जब 200 बच्चे मारे जाते हैं तो इस पर अफसोस भी नहीं जताया जाता। युद्ध से पहले संसद से अनुमति तक नहीं ली जाती और कैबिनेट की बैठक भी युद्ध के आदेश के 28 दिन बाद की जाती है।

जीने की राह

पं. विजयशंकर मेहता

humarehanuman@gmail.com

संतुलित, मीठे और अर्थपूर्ण शब्द बोलें तो ये भी पूजा है

विवेकानंद कहते थे आपके शब्द आपके व्यक्तित्व के प्रतिनिधि हैं। वैसे तो आदमी आजकल ये कला सीख गया है कि बनाकर बात कैसे करना। तो भीतर कुछ और चल रहा है और बाहर बहुत मीठे शब्द बोले जा रहे हैं। लेकिन लंबे समय ऐसा चलता नहीं है। तो अध्यात्म कहता है- जो बोलो, दिल से बोलो। हृदय स्वच्छ रहता है तो वाणी भी पवित्र होगी। शब्दों में गजब की ताकत है। आप भीतर से जैसे हैं, वैसे ही शब्द बोल रहे हैं तो आपका आत्मबल और बढ़ जाएगा। आप शांत महसूस करेंगे। धीरे-धीरे नई पीढ़ी की शब्दावली और भ्रमित होने वाली है। विकृति की ओर तो चल ही रही है। सोशल मीडिया पर जो संदेश आदान-प्रदान होते हैं, उन्हें केवल आंखों से नहीं पढ़ा जा रहा, वे कानों से भी भीतर उतर रहे हैं। चूंकि उनमें सत्य नहीं होता, दुष्प्रचार होता है, लोगों को भ्रम में डालने के लिए आकर्षण होता है, इसलिए कम से कम अपने भीतर के शब्दों पर काम करिए और संतुलित, मीठे, अर्थपूर्ण शब्द ही बोलिए। ये भी अपने में एक पूजा और मेडिटेशन है।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

नजरिया • लीग का 19वां सीजन आज से...

टी-20 विश्व कप से भी बड़ा ब्रांड बन चुका है आईपीएल

क्रिकेट

बोरिया मजुमदार

सचिन तेंदुलकर की आत्मकथा के सहलेखक और खेल पत्रकार

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 19वां सीजन आज से शुरू हो रहा है। ऐसे में इस लीग की अब तक की यात्रा पर एक नजर डालना उचित होगा। आईपीएल ने बीसीसीआई और सभी प्रतिस्पर्धी टीमों के फ्रेंचाइजी मालिकों के लिए अभूतपूर्व आर्थिक लाभ उत्पन्न किया है। इसने विश्व क्रिकेट के केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को भी सुदृढ़ किया और भारतीय क्रिकेट के वित्तीय प्रभुत्व की प्रक्रिया को पूर्ण किया है।

फरवरी 2008 में जब आईपीएल के पहले सीजन के लिए बीसीसीआई द्वारा प्रतिष्ठित क्रिकेटरों को व्यावसायिक नीलामी में उतारने का निर्णय लिया गया था तो इसका कई वर्गों से तीव्र विरोध हुआ था। पूरे देश में नैतिकतावादी और राजनेता देश के सबसे बड़े खेल सितारों की सार्वजनिक नीलामी के खिलाफ खड़े हो गए थे। संसद में इस मुद्दे को उठाने तक की धमकी दी गई थी। हालांकि, बीसीसीआई इससे अप्रभावित रहा।

बीसीसीआई को इस लीग के कॉन्सेप्ट पर भरोसा था और वह इसे अंत तक ले जाने के लिए तैयार था। भारत के विश्व विजेता कप्तान और खिलाड़ियों (2007 के टी-20 विश्व कप विजेता) को नीलामी में खरीदने का विचार ही प्रशंसकों के उत्साह को जगाने और- उससे भी अधिक महत्वपूर्ण- निवेशकों की दिलचस्पी को खासा बढ़ा देने के लिए काफी था।

इसमें कोई संदेह नहीं कि 18 अप्रैल 2008 का दिन क्रिकेट इतिहास में उस तारीख के रूप में दर्ज होगा, जब यह खेल हमेशा के लिए बदल गया था। मेजर लीग बेसबॉल और नेशनल फुटबॉल लीग के मॉडल पर आधारित आईपीएल ऐसे समय में आया था, जब भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक पूंजी के लिए खुल चुकी थी और बड़े कॉर्पोरेट्स देश में निवेश के लाभदायक अवसरों की तलाश कर रहे थे। आईपीएल कई लोगों के लिए इसकी कुंजी था। एक ही झटके में इसने उन्हें एक अरब से अधिक लोगों के बाजार में प्रवेश दिला दिया और वैसी विजिबिलिटी दिलाई, जो विज्ञापनों पर खर्च किए करोड़ों डॉलर से भी संभव नहीं थी।

जिस देश में करोड़ों क्रिकेट प्रशंसक हों, उसमें बेहतरीन मार्केटिंग और हाइप के साथ स्टेडियमों को भरना कोई कठिन बात नहीं थी। शाहरुख खान जैसे सेलिब्रिटी ऑनर्स और प्रमुख बॉलीवुड सितारों के सक्रिय योगदान के चलते प्रशंसकों को कुछ सौ रुपयों में केवल क्रिकेट ही नहीं, बल्कि एक संपूर्ण मनोरंजक शाम का अनुभव मिलता था। देखते ही देखते स्पॉन्सर्स भी कतार में लग गए और दस-सेकंड के स्लॉट, स्टेडियम के होर्डिंग्स और टीमों की पोशाकों पर विज्ञापन के लिए लाखों डॉलर चुकाने लगे।

आईपीएल की स्थापना के बाद से बीते अठारह वर्षों के दौरान मैंने कई टीमों और मालिकों के साथ समय बिताया है और इस लीग द्वारा उत्पन्न जुनून को देखकर आश्चर्यचकित हुआ हूं। टीम के मालिक- वे पुरुष और महिलाएं जो बड़े-बड़े कॉर्पोरेशनों का संचालन करते हैं- अपनी व्यावसायिक बैठकों में उतने तनावग्रस्त नहीं होते, जितने कि आईपीएल मैचों के दौरान दिखाई देते हैं। आईपीएल में कई मुकाबले ऐसे होते हैं, जो भारत-पाकिस्तान मैच जितने बड़े माने जाते हैं। और यही कारण है कि यह टूर्नामेंट आज टी-20 विश्व कप से भी अधिक लाभदायक और मूल्यवान है।

इस मल्टी-बिलियन डॉलर की संपत्ति में अब भारत हर रात खेलता है और जीतता है- और यही इसे विश्व कप से बड़ा ब्रांड बनाता है। कॉर्पोरेट जगत के लिए यह मंदी-रहित और जोखिम-रहित निवेश है।

कॉर्पोरेट जगत के लिए आईपीएल एक मंदी-रहित और जोखिम-रहित निवेश है। इसमें निवेश पर रिटर्न मिलना तय है। प्रायोजक इसे विश्व कप पर प्राथमिकता देते हैं, जहां भारत का प्रदर्शन पूरे टूर्नामेंट को बना या बिगाड़ सकता है।

इसमें निवेश पर रिटर्न मिलना तय है और अधिकांश प्रायोजक इसे विश्व कप पर प्राथमिकता देते हैं, जहां भारत का प्रदर्शन पूरे टूर्नामेंट को बना या बिगाड़ सकता है। बीसीसीआई को आईपीएल हर वर्ष अरबों डॉलर कमाकर देता है और इसके परिणामस्वरूप अब बीसीसीआई, आईसीसी के रेवेन्यू-पूल पर निर्भर नहीं है। इससे भारत वैश्विक क्रिकेट का वित्तीय केंद्र भी बन गया है।

इतना ही नहीं, लगभग सभी आईपीएल फ्रेंचाइजी अब यूनिकॉर्न बन चुकी हैं। भारतीय क्रिकेट की बढ़ती ताकत तथा लोगों के उपभोग के पैटर्न के अधिक आक्रामक होते जाने के साथ इसमें कोई संदेह नहीं कि अगले दशक में भी आईपीएल एक ब्रांड के रूप में अपनी चमक नहीं खोने वाला है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

डिफ्रेंट एंगल • चाय के सहारे देश का पहिया घूमता है

नारियल पानी वालो करो न गुरूर, चाय का है अपना सुरूर

कप ऑफ टी

रश्मि बंसल

लेखिका और स्पीकर

mail@rashmibansal.in

मेरी बेटी को चाय बिलकुल पसंद नहीं। वो सिर्फ कॉफी पीती है।

सोचा था, वो बड़ी होगी, कहेगी- मम्मी, एक कप चाय बना दूं? साथ पीएंगे। वो दिन कभी आया नहीं। मेरी नाक के नीचे मेरे खून ने मुझसे ही बगावत कर दी!

और अब हमारे घर में एक जंग छिड़ी हुई है- चाय बेहतर या कॉफी?

वैसे बचपन में मैंने भी कभी चाय नहीं पी थी, होस्टल में जाकर आदत पड़ी। फिर ऑफिस में 11 बजे और 3 बजे इंतजार रहता था- कब टपरी से बालू आएगा, चाय का घूंट पिलाएगा।

मुम्बई में इसे कहते हैं 'कटिंग'- शीशे के एक छोटे ग्लास में जरा-सी चाय आती है। लेकिन आहाहाहा, क्या किक देकर जाती है।

पहला सिप मानो अमृत- मीठी, कड़क, अदरक-भरी। थके मन, झुके तन को जगा देने वाला घूंट।

बॉस की चिड़चिड़ाहट को शांत करने वाला घूंट।

भूत-प्रेत को डरा देने वाला घूंट।

यह वो चाय है जिसके सहारे देश का पहिया घूमता है। बूढ़ा और नौजवान झूमता है।

लेकिन मेरी बेटी नहीं। उसका मानना है कि कॉफी ही वो एकमात्र ड्रिंक है जिसे पीकर दिन शुरू होता है। चाहे उसे बनाने में आधा दिन निकल जाए।

पहले वो कॉफी बीन्स ग्राइंडर में पीसती है, फिर फिल्टर पेपर से सींचती है। इस लंबे-चौड़े प्रोसेस के बाद मिलता है काला पानी, जिसे शौकीन कहते हैं- 'फ्रेश ब्रू'।

जी हां, ऐसे ही फैंसी शब्दों से कॉफी ने हमारे जेन-जी का दिल और दिमाग जीत लिया है।

एक तो कॉफी शॉप इतनी ठंडी-ठंडी, कूल-कूल। इसकी तुलना में कहां चाय की टपरी का टूटा हुआ स्टूल। स्टारबक्स में कॉफी की इतनी वैरायटी, कि सटक गई चायप्रेमी सोसाइटी। अब तो आंटी-अंकल भी कैप्पुचीनो पीने वहां जाते हैं, लेकिन क्या सचमुच वो आनंद पाते हैं?

सबसे बड़ा धोखा यह- चाय के नाम पर 'चाय-लाते' (chai-latte)। यह एक ऐसा गंदा ड्रिंक है, जो मैंने पहली बार अमेरिका में पिया और तुरंत फेंक दिया। बचपन में एग्जाम के पहले दूध में नेस्कैफे घोल कर जो अपमान हमने कॉफी का किया, शायद उसी के बदले में गोरों ने 'चाय-लाते' ईजाद किया।

खैर, जो भी विदेश गया है, वो जानता है कि बाकी दुनिया चाय के नाम पर कुछ बकवास ही बिक रहा है।

अगर आपने रेस्तरां में चाय मंगाने की बेवकूफी की तो आपको मिलेगा गरम पानी और एक टी-बैग।

वो टी-बैग एक नाजुक-सी अप्सरा है, जो आपके चाय के कप में दस मिनट के डांस के बाद पानी को हल्का सा भूरा करेगी। बस।

उससे भी बदतर है हर्बल टी। भाई, वो तो आप दवाई समझकर पी लो, चाय का नाम क्यों खराब करते हो? वैसे हर्बल कॉफी तो मैंने कभी सुनी नहीं, तो फिर चाय के ही साथ यह बदसलूकी क्यों?

और 'ग्रीन टी' ने तो हद ही कर दी। आजकल सरकारी दफ्तरों में भी लोग यही पी रहे हैं, कहते हैं स्वास्थ्य के लिए अच्छी है।

असली समस्या आपको बताऊं- चाय पीने वालों में अब एकता नहीं!

आप चार लोगों से पूछो- चाय लोगे- तो चार जवाब आते हैं। एक कहता है बिना शक्कर, एक कहता है कम दूध। किसी को मसाला तेज चाहिए, किसी को नो अदरक नो इलायची। भाई, चार कप के लिए चार पतीले कौन चढ़ाएगा?

चाय की टपरी के आगे होती हैं बातें, कलकत्ते के कॉफी हाउस में ढलती हैं रातें। आओ तुम्हारे लिए एक चाय बना दूं, मूड तुम्हारा ठीक करा दूं। चीनी कम लेते हो, कोई बात नहीं, दो कण प्यार के घोल दिए हैं, स्वाद लो वही।

खैर, चाय-कॉफी के वाद-विवाद के बीच एक नया प्राणी प्रकट हुआ है। जो कहता है- नो थैंक यू, दोनों ही जहर हैं। मैं तो सिर्फ नारियल पानी पीता हूं।

मतलब वो योगा या हेल्थ फ्रीक, जिसने हम चाय-कॉफी वालों को बुरी आदत पालने वालों का खिताब दे दिया है।

नारियल पानी वालो, करो न गुरूर। चाय-कॉफी का है अपना सुरूर। हमें सुबह-शाम जो सुकून मिलता है, अंदर से हमारा जो दिल खिलता है।

आपको वो सुख प्राप्त नहीं, हमें आदत का पश्चाताप नहीं। चाय की टपरी के आगे होती हैं बातें, कलकत्ते के कॉफी हाउस में ढलती हैं रातें।

नारियल पानी में वो दम नहीं, दीवानों को कोई गम नहीं। जिंदगी थोड़ी छोटी भी हो, कमर थोड़ी मोटी भी हो। आओ तुम्हारे लिए एक चाय बना दूं, मूड तुम्हारा ठीक करा दूं।

चीनी कम लेते हो, कोई बात नहीं, दो कण प्यार के घोल दिए हैं, स्वाद लो वही।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

28 मार्च के अंक से विशेष अनुबंध के तहत सिर्फ दैनिक भास्कर में

इकोनॉमिस्ट ने मिडिल ईस्ट युद्ध के मौजूदा हालात पर रोशनी डाली है। मैगजीन के अनुसार ईरान के पास कारगर विकल्प हैं। बेंगलुरु में अरबपतियों की परोपकारी गतिविधियों पर भी फोकस किया है।

The Economist

दैनिक भास्कर अब आप इकोनॉमिस्ट के सभी आर्टिकल DB एप पर हर शनिवार पढ़ सकते हैं। डाउनलोड करें डीबी एप।

ओपिनियन होर्मुज की खाड़ी पर ईरान की पकड़ को ढीला करना मुश्किल, सत्ता पर दबदबा , रिवोल्यूशनरी गार्ड्स पर पूरा नियंत्रण, आंतरिक विरोध भी लगभग शांत

अमेरिका-इजराइल से ज्यादा मजबूत स्थिति में ईरान, ट्रम्प के पास विकल्प कम

अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव एक नए और खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले ईरान के ऊर्जा ढांचे पर हमले की धमकी दी, लेकिन अचानक रुख बदलते हुए संभावित बातचीत के संकेत दे दिए। वहीं दूसरी तरफ अपनी सेना की तैनाती बढ़ाने की भी बात कही है, जिससे हालात और अनिश्चित हो गए हैं।

इस बीच, भारी नुकसान झेलने के बावजूद ईरान की स्थिति उतनी कमजोर नहीं दिख रही जितनी मानी जा रही थी। उसके कई सैन्य ठिकाने तबाह हुए हैं और बड़े नेता मारे गए हैं, फिर भी उसका शासन कायम है। अमेरिका और इजराइल के हमलों के बावजूद सत्ता पर पकड़ और मजबूत हुई है। रिवोल्यूशनरी गार्ड्स पूरी तरह नियंत्रण में हैं, जबकि आंतरिक विरोध लगभग शांत हो चुका है। इसके अलावा, उसने होर्मुज जलडमरूमध्य पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित कर लिया है, जो वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का करीब 20% हिस्सा प्रभावित करता है।

ईरान की रणनीति का एक अहम हिस्सा उसके युद्ध का तरीका है। मिसाइलों, सस्ते ड्रोन और संभावित समुद्री बारूदी सुरंगों के जरिए वह अमेरिका जैसी महाशक्ति को चुनौती दे रहा है। हालांकि उसके सहयोगी पहले से कमजोर हुए हैं, फिर भी ईरान के पास क्षेत्रीय स्तर पर कई विकल्प मौजूद हैं। आगे जाकर हूती विद्रोही लाल सागर में गोलाबारी रोकने के लिए उत्तरी यमन पर अपने नियंत्रण जैसी ऊंची कीमत मांग सकते हैं। इराक में ईरान समर्थित शिया समूह सक्रिय हो रहे हैं। जबकि लेबनान में हिज्बुल्ला खुद को प्रतिरोध के प्रतीक के रूप में फिर से स्थापित कर सकता है।

ट्रम्प के पास युद्ध तेज करने या बातचीत का ही विकल्प बचा है। तनाव बढ़ाने के लिए अमेरिका ईरान के तेल और रणनीतिक ढांचों पर हमला कर सकता है, लेकिन इससे सीमित फायदा होगा क्योंकि ईरान मिसाइल और ड्रोन हमले जारी रख सकता है। वहीं सेना उतारने से भी निर्णायक जीत मिलना मुश्किल है। इसलिए बातचीत का विकल्प अपेक्षाकृत बेहतर है। वैसे अमेरिका ने बातचीत को लेकर अविश्वास की स्थिति पैदा की है। उसने चर्चा की आड़ में ईरान पर हमला किया। लिहाजा, ट्रम्प को पूर्ण युद्धविराम के लिए सहमत होकर इजराइल को उसका पालन करने के लिए मजबूर करना चाहिए। होरमुज खोलने और ईरान को उसके परमाणु कार्यक्रम से अलग करने की वार्ता बेहद मुश्किल हो सकती है। युद्ध शुरू होने से पहले जैसा समझौता होता उसकी तुलना में अब कोई भी समझौता बदतर होगा। इसका परिणाम यह है कि कम से कम इस वक्त ईरान फायदे में है। उसकी स्थिति बेहतर है।

© 2022 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved

डोनाल्ड ट्रम्प पर दबाव बढ़ेगा

अमेरिका और इजराइल की सैनिक ताकत के बावजूद ईरान महसूस करता है कि ट्रम्प के सामने उसका पलड़ा भारी है। उसने दिखाया है कि वह दर्द सहने और चोट पहुंचाने के मामले में अमेरिका से अधिक सक्षम है। ट्रम्प को लड़ाई में अब तक कोई बड़ी जीत नहीं मिली है। युद्ध की राजनीतिक कीमत जितनी बढ़ेगी ट्रम्प पर दबाव बढ़ेगा।

इजराइल भी पहले जैसा सुरक्षित नहीं

इजराइल भी अब पहले की तुलना में सुरक्षित नहीं है। ईरानी मिसाइल इजराइल के एयर स्पेस को भेद चुकी हैं। ईरान का परमाणु खतरा खत्म नहीं हुआ है। ईरान में शासन बदले बिना बैलिस्टिक मिसाइल का खतरा लौट आएगा। ऐसे में इजराइल को लगातार कुछ-कुछ अंतराल पर हमले करने होंगे।

अमेरिका और इजराइल के रिश्तों में खिंचाव बढ़ा

ईरान से युद्ध में इजराइल और अमेरिका के रिश्तों में तनाव दिख रहा है। अधिकतर अमेरिकी युद्ध नहीं चाहते हैं। यदि मृतकों की संख्या बढ़ी, पेट्रोल के दाम उछले और शेयर बाजार नीचे आए तो दोष किसका होगा? खासकर युवा अमेरिकी इजराइल के खिलाफ हैं।

खाड़ी देश ईरान के संभावित इरादों से आशंकित हैं

खाड़ी में अमेरिका के सहयोगियों को आशंका है कि घायल और निडर ईरान पहले से अधिक बड़ा खतरा बन सकता है। उनकी अर्थव्यवस्था ईरानी धमकियों के सामने बंधक रहेगी। यूएई ने ईरान से बातचीत के खिलाफ चेतावनी दी है। सऊदी अरब चाहता है कि अमेरिका सेना उतारे।

वर्ल्ड इन ब्रीफ

पश्चिमी देशों से लाखों लोग दूसरे देशों में जा रहे हैं

पश्चिमी देशों में एक व्यापक ट्रेंड सामने आया है। लोग बड़ी संख्या में अपना देश छोड़कर दूसरे देशों में जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, कनाडा और जर्मनी सहित 31 देशों के आंकड़ों के अनुसार 2024 में इन देशों से 40 लाख लोग बाहर गए। वहीं बड़ी संख्या में यूरोप से लोग अमेरिका में आकर बस रहे हैं। दूसरे देशों में जाने के 3 प्रमुख कारण हैं। घर से काम करने का ट्रेंड, अमीरों पर ज्यादा टैक्स और राजनीति।

इटली की पीएम मेलोनी के खिलाफ असंतोष बढ़ा

इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी 2022 का चुनाव जीतने के बाद अजेय लगती थीं। उनकी ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी अब भी सर्वेक्षणों में आगे है। लेकिन 23 मार्च को वोटरों ने न्यायिक प्रणाली पर बदलाव के बारे में एक जनमत संग्रह में सरकार के काम पर असंतोष जताया है। मेलोनी के पक्ष में 46% और विरोध में 56% वोट पड़े। विपक्ष ने इसे सरकार के खिलाफ अविश्वास करार दिया है। जनमत संग्रह में 59% वोटरों ने हिस्सा लिया। यह 2022 की वोटिंग से पांच अंक कम है।

© 2022 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved

नया रास्ता युवाओं के लिए ब्रेन रिसर्च लैब जैसी संस्थाएं तैयार कर रहे हैं

परोपकार की नई परिभाषा गढ़ रहे हैं बेंगलुरु के अरबपति, विज्ञान व कला पर करोड़ों खर्च कर रहे

परोपकार के पुराने तरीकों के तहत दान का आधा हिस्सा अब भी शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में जा रहा है, लेकिन भारत को अब सिर्फ बुनियादी सुविधाओं से ज्यादा की जरूरत है। जिन लोगों को शिक्षा और स्वास्थ्य तक पहुंच मिल चुकी है, उन्हें अब मानसिक और बौद्धिक विकास के अवसर चाहिए। साथ ही, ऐसे संस्थानों की भी जरूरत है जो शासन व्यवस्था को बेहतर बना सकें। इस मामले में बेंगलुरु के टेक उद्यमियों की नई पीढ़ी परोपकार की नई परिभाषा गढ़ रही है।

इस नई सोच के प्रमुख चेहरों में इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणी शामिल हैं। नीलेकणी आधार प्रणाली के प्रमुख वास्तुकार रहे हैं और 'इंडिया स्टैक' जैसे तकनीकी ढांचे से जुड़े हैं, जो देश की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने का प्रयास करता है। उनकी पत्नी रोहणी भी दान से जुड़े ऐसे कामों में बढ़चढ़कर भागीदारी कर रही हैं।

इंफोसिस के ही एक अन्य सह-संस्थापक क्रिस गोपालकृष्णन ने बेंगलुरु और चेन्नई में ब्रेन रिसर्च लैब स्थापित करने के लिए करोड़ों रुपए दान किए हैं। वहीं बायोटेक उद्यमी किरण मजूमदार-शॉ ने, नीलेकणी दंपत्ति और गोपालकृष्णन के साथ मिलकर, बेंगलुरु में साइंस गैलरी को फंड किया है, जिसका उद्देश्य युवाओं को विज्ञान और कला के जरिए प्रेरित करना है। इसके अलावा, वी. रविचंदर जैसे लोग, जो अरबपति नहीं बल्कि करोड़पति हैं, शासन व्यवस्था सुधारने के लिए बिना किसी शुल्क के काम कर रहे हैं। उन्होंने बेंगलुरु की नई सिविक अथॉरिटी के डिजाइन में भी योगदान दिया है। यह पीढ़ी, जो आज 60-70 वर्ष की उम्र में है, बेंगलुरु के नए अरबपतियों के लिए एक मॉडल बन चुकी है। ये लोग चुपचाप काम करते हैं, सलाह देते हैं और दान देने वालों का नेटवर्क तैयार करते हैं। इसी का असर है कि बेंगलुरु अब संस्थान-निर्माण पर आधारित परोपकार का एक प्रमुख केंद्र बन गया है। इसमें युवा अरबपति भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभा रहे हैं।

आम इंसानों जैसा रहा है बेंगलुरु के कई अमीरों का शुरुआती जीवन

निखिल कामथ (39) और उनके भाई नितिन (46) उदार दानदाता हैं। वे शहरी गवर्नेंस सिस्टम जैसे काम कर रहे हैं। बेंगलुरू के अमीरों का अलग होने का एक कारण है कि उनमें से कई लोग आम आदमी रहे हैं। उन्होंने पब्लिक ट्रांसपोर्ट में यात्रा की है। वे सार्वजनिक सेवाओं से उलझते रहे हैं। वहीं मुंबई या दिल्ली में अधिकांश अरबपतियों को खानदानी कारोबार विरासत में मिला है।

© 2022 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved

कानून अमेरिका में गूगल-मेटा पर जुर्माना

सोशल मीडिया लत के खिलाफ नजीर बनेगा कोर्ट का फैसला

सोशल मीडिया कंपनियों पर बढ़ते दबाव के बीच अमेरिका की एक अदालत का फैसला सोशल मीडिया के मामले में बड़ा मोड़ साबित हो सकता है। कैलिफोर्निया की एक जूरी ने इंस्टाग्राम और यूट्यूब की मूल कंपनियों, मेटा और गूगल, को एक युवती को 56 करोड़ रुपए का हर्जाना देने का आदेश दिया है।

यह मामला 20 साल की युवती कैली से जुड़ा है, जिसने 6 साल की उम्र में ही सोशल मीडिया इस्तेमाल करना शुरू कर दिया था। उसका कहना है कि इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर घंटों बिताने की आदत धीरे-धीरे लत में बदल गई। इससे उसे अपने शरीर को लेकर असंतोष होने लगा और मानसिक रूप से वह इतना प्रभावित हुई कि उसके मन में खुद को नुकसान पहुंचाने जैसे विचार आने लगे।

अदालत ने उसके दावों को सही माना। हालांकि यह रकम कंपनियों की कुल कमाई के मुकाबले बेहद छोटी है, लेकिन इसका असर बड़ा हो सकता है। इस मामले में वकीलों ने एक नई कानूनी रणनीति अपनाई, जिसमें कंटेंट के बजाय प्लेटफॉर्म के डिजाइन को जिम्मेदार ठहराया गया। उनका तर्क था कि ऑटो-प्ले वीडियो, पर्सनलाइज्ड सुझाव और अनंत स्क्रॉल जैसे फीचर्स बच्चों को लंबे समय तक जोड़े रखने के लिए बनाए गए हैं। यह फैसला मेटा और गूगल के खिलाफ चल रहे हजारों मामलों को प्रभावित कर सकता है। कुछ विशेषज्ञ इसकी तुलना तंबाकू कंपनियों के खिलाफ पुराने मुकदमों से कर रहे हैं, जिनके बाद सख्त नियम लागू हुए थे। अमेरिका के अलावा यूरोप में भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर नजर कड़ी हो रही है। यूरोपीय आयोग ने टिकटॉक के कुछ फीचर्स को लत पैदा करने वाला मानते हुए बदलाव के निर्देश दिए हैं।

टीनएजर्स को दूर रखें

पिछले साल सर्वे एजेंसी इप्सॉस की 30 देशों में एक स्टडी में पूछा गया कि क्या 14 साल से कम आयु के लोगों को सोशल मीडिया से अलग रखना चाहिए। हर देश में लोगों का बहुमत इस आयु के लोगों को सोशल मीडिया से दूर रखने के पक्ष में था।

© 2022 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved

बिज़नेस भास्कर
Business Standard और TheEconomist की ख़बरों के साथ
नई दिल्ली, शनिवार 28 मार्च, 2026

बिजनेस ब्रीफ

चांदी 13,167 और सोना 3,263 रुपए सस्ता

मुंबई | घरेलू सराफा बाजार में शुक्रवार को चांदी 13,167 रुपए सस्ती होकर 2,21,647 रुपए किलो पर आ गई। 24 कैरेट सोना 3,263 रुपए टूटकर 1,42,942 रुपए और 22 कैरेट (जेवराती) सोना 2,989 रुपए गिरकर 1,30,935 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा। कच्चे तेल की महंगाई और रेट कट की उम्मीद खत्म होने से निवेशकों का रुझान सोने के बजाय डॉलर और बॉन्ड की तरफ बढ़ा है।

देश का फॉरेक्स रिजर्व 700 अरब डॉलर के नीचे

मुंबई | देश का विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स रिजर्व) 20 मार्च को समाप्त सप्ताह में 11.413 अरब डॉलर घटकर 698.346 अरब डॉलर रह गया। मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार की वैल्यू 13.495 अरब डॉलर गिरने से यह कमी आई है, जो अब 117.186 अरब डॉलर पर आ गया है। पिछले हफ्ते भी भंडार 7.052 अरब डॉलर घटा था। 27 फरवरी को यह 728.494 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर था।

3 सरकारी बैंकों, पाइन लैब्स पर 2 करोड़ जुर्माना

मुंबई | आरबीआई ने बैंकिंग नियमों के उल्लंघन पर 3 सरकारी बैंकों, फिनटेक पाइन लैब्स पर 2.2 करोड़ जुर्माना लगाया। यूनियन बैंक पर 95.4 लाख का जुर्माना। अनाधिकृत लेनदेन की सूचना के 10 दिनों के भीतर ग्राहकों को पैसा लौटाने में विफल रहा। सेंट्रल बैंक पर 63.6 लाख और बीओआई पर 58.5 लाख पेनल्टी लगी। बिना केवाईसी प्रीपेड कार्ड जारी करने पर पाइन लैब्स पर 3 लाख का दंड लगाया।

सॉफ्टबैंक: ओपनएआई में 3.7 लाख करोड़ लगाएगी

टोक्यो| जापानी निवेश दिग्गज सॉफ्टबैंक ग्रुप ने ओपनएआई में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए 3.7 लाख करोड़ रुपए का लोन जुटा लिया है। इस अनसिक्योर्ड लोन का उपयोग ओपनएआई में अतिरिक्त निवेश और सामान्य कॉर्पोरेट कार्यों के लिए किया जाएगा। यह कर्ज जेपी मॉर्गन चेस, गोल्डमैन सैक्स, मिजुहो बैंक और मित्सुबिशी यूएफजे जैसे प्रमुख वैश्विक बैंकों के माध्यम से जुटाया गया है।

ट्रेडिंग गुरु यश गर्ग पर सेबी ने रोक लगाई

मुंबई | सेबी ने यश ट्रेडिंग एकेडमी के मालिक यश गर्ग पर शेयर बाजार में कारोबार की रोक लगा दी है। निवेशकों से अवैध रूप से वसूले 93 लाख रुपए 3 माह में लौटाने का निर्देश दिया है। यश पर 16 लाख रुपए का जुर्माना भी लगा है। जांच में सामने आया कि वह बिना रजिस्ट्रेशन के इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी और पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सेवाएं दे रहा था।

भास्कर एनालिसिस रुपया रिकॉर्ड लो पर पहुंचने से सहमा बाजार; पांचवें हफ्ते गिरावट

जंग और बढ़ने का डर... सेंसेक्स 1,690 अंक टूटा और निफ्टी 22,820 पर आया

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को चौतरफा बिकवाली देखने को मिली। निफ्टी भारी गिरावट (गैप डाउन) के साथ खुला और पूरे सत्र के दौरान दबाव में रहा। अंततः 2.09% की गिरावट के साथ 22,820 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स 1,690.23 अंक (2.25%) टूटकर 73,583 पर बंद हुआ। यह लगातार पांचवां हफ्ता है जब बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ है, जो पिछले आठ महीनों का सबसे खराब दौर है। एसबीआई सिक्युरिटीज के सुदीप शाह के मुताबिक इस गिरावट के पीछे कई बड़ी आर्थिक चुनौतियां रहीं। कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, रुपए का रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचना, अमेरिका और जापान में 10 साल की बॉन्ड यील्ड में उछाल और 'इंडिया विक्स' में आई तेजी ने निवेशकों के सेंटिमेंट को प्रभावित किया। पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव ने अनिश्चितता और बढ़ा दी है। शाह के मुताबिक बुधवार को 23,350–23,400 के रेसिस्टेंस जोन को पार करने में विफल रहने के बाद निफ्टी में बिकवाली का नया दौर शुरू हुआ।

30 दिन में सेंसेक्स 10% गिरा... टाटा मोटर्स पीवी का शेयर 21%, मारुति का 18% गिरा

जंग से 41.35 लाख करोड़ यानी 9 फीसदी घटा बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप

सेंसेक्स: 15 कंपनियां 10% से ज्यादा तक टूटी, ये शेयर सबसे ज्यादा टूटे

सेंसेक्स की कंपनी	बदलाव
टाटा मोटर्स पीवी	-20.62%
मारुति सुजुकी	-17.74%
बजाज फिनसर्व	-17.31%
बजाज फाइनेंस	-17.28%
एल&टी	-17.07%
एचडीएफसी बैंक	-16.69%
इंडसइंड बैंक	-15.51%
अल्ट्राटेक सीमेंट	-15.26%
एसबीआई	-15.01%
एक्सिस बैंक	-14.07%
कोटक महिंद्रा बैंक	-13.90%
महिंद्रा&महिंद्रा	-12.91%
हिंदुस्तान यूनिलीवर	-12.62%
अडानी पोर्ट्स	-12.49%

बीएसई 500: एक माह में 45% तक टूटे शेयर, इनमें सबसे ज्यादा गिरावट

राजेश एक्सपोर्ट्स	-44.38%
आईडीबीआई बैंक	-43.60%
मैक्रोटेक डेवलपर्स	-31.64%
सनटेक रियल्टी	-29.54%
रिलैक्सो फुटवियर्स	-29.32%
इजी ट्रिप प्लानर्स	-27.17%
बीपीसीएल	-25.84%
सैफायर फूड्स इंडिया,	-25.54%
होम फर्स्ट फाइनेंस	-25.44%
गोदरेज इंडस्ट्रीज	-25.18%

मार्केट में डर हावी हो रहा...
बाजार में घबराहट को मापने वाला इंडेक्स इंडिया विक्स 8.7% बढ़कर 26.8 पर पहुंच गया। यह जून 2024 के बाद का उच्चतम स्तर है, जो संकेत देता है कि Eis बाजार में भारी उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

एक माह में रियल्टी इंडेक्स में सबसे ज्यादा 14% की गिरावट

सूचकांक	बदलाव%
सेंसेक्स	9.5
निफ्टी	9.4
इंडेक्स	**बदलाव**
रियल्टी	14.2
बैंक	13.7
ऑटो	13.4
ऑयल-गैस	13.3
वित्त सेवाएं	12.6
सर्विसेज	11.6
उपभोक्त विवेकाधीन	10.9
इंडस्ट्रियल्स	10.7

ये इंडेक्स सबसे कम टूटे

आईटी	4.4
हेल्थकेयर	3.4
पावर	2.4
यूटिलिटीज	1.7

ट्रेंड पलटा... इस गिरावट में छोटे शेयरों से ज्यादा बड़े शेयर टूटे

कैटेगरी	बदलाव
मिडकैप	-8.8
स्मॉल कैप	-8.4
लॉर्ज कैप	-9.7

गिरावट % में, सोर्स: बीएसई

सिफारिश • आयात घटाने के लिए पूरी फसल लेने का सुझाव

तिलहन-दालों की 100% खरीद एमएसपी पर करे केंद्र: संसद समिति

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

संसद की कृषि समिति ने दाल और खाद्य तेल के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए बड़ी सिफारिश की है। समिति ने सरकार को तिलहन और दालों की मौजूदा 25% के बजाय पूरी 100% उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने का सुझाव दिया है। भारत अपनी जरूरत का 56% खाद्य तेल और 21.3 लाख टन दालें विदेश से मंगाता है। इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ता है और भारतीय किसान वैश्विक कीमतों के उतार-चढ़ाव से नुकसान होता है। लोकसभा में शुक्रवार को पेश 33वीं रिपोर्ट में पीएम-आशा योजना का दायरा बढ़ाकर अरहर, उड़द और मसूर की पूरी खरीद सुनिश्चित करने का प्रस्ताव किया गया है। इसके लिए दूर-दराज के इलाकों में अधिक खरीद केंद्र खोलने, डिजिटल पोर्टल बनाने और 24 घंटे किसान हेल्पलाइन शुरू करने की वकालत की गई है। साथ ही 1966 के पुराने बीज कानून को बदलकर सख्त सजा वाला नया कानून लाने को कहा है।

सुरक्षा: कृषि समिति का पाम ऑयल पर 20% सुरक्षा शुल्क लगाने का सुझाव

सस्ते आयात से घरेलू किसानों को बचाने के लिए समिति ने डायनेमिक इम्पोर्ट ड्यूटी सिस्टम की वकालत की है। इसके तहत अंतरराष्ट्रीय बाजार में पाम ऑयल की कीमत 800 डॉलर प्रति टन से नीचे आने पर 20% सेफगार्ड ड्यूटी लगनी चाहिए। इससे विदेशी तेल बाजार में नहीं आएगा और स्थानीय किसानों को सही दाम मिलेगा।

पहल: 'भारत ऑयल' ब्रांड से खाद्य तेल बेचने का प्रस्ताव, ताकि सस्ता तेल मिले

किसानों की आय बढ़ाने के लिए 'भारत दाल' की तर्ज पर 'भारत ऑयल' ब्रांड शुरू करने का प्रस्ताव है। इसके तहत लोगों को किफायती तेल मिलेगा। उत्तर-पूर्वी राज्यों में दाल-तिलहन क्लस्टर विकसित करने का सुझाव है। जीएम फूड की पहचान के लिए उनकी अनिवार्य लेबलिंग और योजनाओं में 40% लाभ महिला किसानों को देने की सिफारिश की गई है।

नई बीज किस्में लाने की सिफारिश

समिति ने उत्पादकता बढ़ाने के लिए उन्नत बीज तकनीकों में निवेश की मांग की है। फसलों की कीट-प्रतिरोधी किस्में विकसित करने के लिए 'क्रिसपर' और 'मार्कर-असिस्टेड सिलेक्शन' जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर जोर दिया है। आईसीएआर को 2028 तक नई किस्में लाने और 2030 तक हर जिले में 'सीड हब' बनाने का सुझाव दिया गया है।

पैदावार: गेहूं के रिकॉर्ड 11.4 करोड़ टन उत्पादन का अनुमान

देश में इस साल रिकॉर्ड 11.4 करोड़ टन गेहूं पैदावार की उम्मीद है, जो पिछले साल के 11 करोड़ टन से अधिक है। फ्लोर मिलर्स फेडरेशन का यह अनुमान 12.02 करोड़ टन के सरकारी अनुमान से कम है। बारिश ने फसल को झुलसने से बचाया है, जिससे कीमतों में स्थिरता आएगी। हालांकि, ओलावृष्टि से उत्तर भारत में फसल गिरने के कारण अनाज की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है।

निवेश • एनएसई के नए इंडेक्स ने खोली राह

भारत में जल्द लॉन्च होंगे रीट्स -फोकस्ड फंड्स

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में एक नए युग की शुरुआत होने जा रही है। एनएसई द्वारा निफ्टी रीट्स एंड रियल्टी इंडेक्स लॉन्च किए जाने के बाद अब 2026 की दूसरी छमाही तक देश के पहले रीट-फोक्स्ड पैसिव फंड्स बाजार में दस्तक दे सकते हैं। सेबी द्वारा रीट्स को इक्विटी के रूप में मान्यता देने के फैसले ने न केवल लिक्विडिटी की राह खोली है, बल्कि रिटेल निवेशकों के लिए रियल एस्टेट में निवेश के सुरक्षित और डाइवर्सिफाइड विकल्प भी बढ़ा दिए हैं। उम्मीद है कि ऐसी पहली पैसिव योजनाएं 2026 की दूसरी छमाही में बाजार में दस्तक देंगी, जब नियामक नियम फंड हाउसों को इन प्रोडक्ट्स को पेश करने की अनुमति देंगे। यह घटनाक्रम सेबी के उस महत्वपूर्ण फैसले के बाद आया है, जिसमें जनवरी 2026 में रीट्स को 'इक्विटी' के रूप में वर्गीकृत किया गया था। पहले इसे 'हाइब्रिड इंस्ट्रूमेंट' माना जाता था, जिससे एक्टिव फंड्स में इनका निवेश 10% तक सीमित था।

एक जुलाई से इक्विटी इंडेक्स में शामिल होगा

1 जुलाई से इन्हें इक्विटी इंडेक्स में शामिल करने की अनुमति मिल गई है। एसेट मैनेजमेंट कंपनियां (एएमसी) वर्तमान में इस नए इंडेक्स के मूल्यांकन में जुटी हैं। नवी एएमसी के सीईओ आदित्य मुल्की ने कहा, "हम इस इंडेक्स का गहराई से मूल्यांकन कर रहे हैं, क्योंकि यह रिटेल निवेशकों के लिए एसेट एलोकेशन के विकल्प बढ़ाने के हमारे उद्देश्य के अनुरूप है।

कैसा है निफ्टी रीट्स-रियल्टी इंडेक्स?

यह इंडेक्स रीट्स और रियल एस्टेट कंपनियों का एक अनूठा मिश्रण है। 15 शेयर शामिल हैं, जिनमें 5 लिस्टेड रीट्स की हिस्सेदारी करीब 64% है। बाकी हिस्से में डीएलएफ और फोनिक्स मिल्स जैसी प्रमुख रियल्टी कंपनियां शामिल हैं। किसी भी एक कंपनी का वेट 15% से अधिक नहीं रखा गया है।

संकट • जंग के चलते कच्चे माल की लागत में उछाल और सप्लाई चेन में बाधित होने का असर

1 अप्रैल से 12% महंगे होंगे टीवी, फ्रिज व एसी

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

अगले महीने से घर के लिए टीवी, एसी और वॉशिंग मशीन खरीदना जेब पर भारी पड़ेगा। 1 अप्रैल से इन इलेक्ट्रॉनिक समानों की कीमतों में 7-12% तक की बढ़ोतरी होने जा रही है। कच्चे माल की लागत में उछाल और सप्लाई चेन में आई रुकावटों के कारण कंपनियों ने यह फैसला लिया है। बाजार में नया प्राइस सर्कुलर भी जारी कर दिया गया है। हाईसेंस इंडिया के सीईओ पंकज राणा ने भी इस मूल्य वृद्धि की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि गर्मी से ठीक पहले आ रहे इस बदलाव का सबसे ज्यादा असर एयर कंडीशनर पर पड़ेगा। रिटेल स्टोर्स के पास पुराना स्टॉक होने से ग्राहकों को बढ़ी हुई कीमतों का असर धीरे-धीरे महसूस होगा।

असर: एसी 12% और टीवी 7% तक होंगे महंगे

- **10-12%** इजाफा होगा एसी की कीमतों में सबसे ज्यादा
- **5-7%** तक बढ़ सकते हैं टीवी के दाम, वजह मेमोरी कॉस्ट का बढ़ना है
- **7-8%** बढ़ोतरी की संभावना है वॉशिंग मशीन, फ्रिज के दाम में

सीजन: इंडस्ट्री को उम्मीद इस वर्ष एसी की मांग 25% बढ़ेगी

कंपनियों का मानना है कि कीमतों में इजाफे के बावजूद कम पेनिट्रेशन और गर्मी के कारण मांग बनी रहेगी, पर मध्यम अवधि में इसका असर दिख सकता है। इंडस्ट्री को उम्मीद है कि इस साल एसी की बिक्री में 20-25% की बढ़त होगी। टीवी की डिमांड सिंगल डिजिट में रह सकती है, जबकि वॉशिंग मशीन मार्केट 10-12% की दर से बढ़ेगा। एलपीजी की उपलब्धता और कंटेनर की कमी उत्पादन के लिए अब भी चुनौती बनी हुई है।

वजह: रुपया कमजोर होने, दुलाई महंगी होने से दबाव

- प्लास्टिक, पॉलिमर जैसे कच्चे माल के दाम बढ़ने से मैन्युफैक्चरिंग कॉस्ट बढ़ी है।
- कंपनियां एलपीजी की किल्लत के कारण महंगी ऑक्सी-एसिटिलीन का रुख कर रही हैं।
- रुपया कमजोर होने और कंटेनर फ्रेट रेट्स में उछाल आने से लागत का बोझ बढ़ा है।
- जंग चलते कच्चे माल की सप्लाई चेन प्रभावित हुई है।

इक्रा रिपोर्ट

5 साल के निचले स्तर पर बिजली की मांग

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

भारत में बिजली की मांग की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2026 के अंत तक गिरकर 1% पर रह सकती है। यह पांच वर्षों में मांग का सबसे निचला स्तर होगा। रेटिंग एजेंसी इक्रा की रिपोर्ट के अनुसार मार्च के पहले 22 दिनों में भी बिजली की मांग में केवल 0.8% की मामूली बढ़त देखी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबा मानसून सीजन रहने के कारण अप्रैल से फरवरी के दौरान बिजली की खपत कम रही। हालांकि बिजली उत्पादन क्षमता के मामले में यह साल पिछले एक दशक में सबसे बेहतर रहा है। अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के बीच देश में 52.5 GW की रिकॉर्ड बिजली क्षमता जोड़ी गई।

भेल और सेल अब चीन से मंगा सकेंगी 21 तरह के क्रिटिकल इक्विपमेंट, सरकार ने मंजूरी दी

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

भारत सरकार ने चीन से जुड़े सख्त नियमों में ढील देते हुए सरकारी कंपनियों को क्रिटिकल इक्विपमेंट खरीदने की अनुमति दे दी है। इससे भेल, सेल जैसी बड़ी कंपनियां जरूरी उपकरण चीन से मंगा सकेंगी। 2020 में सीमा विवाद के बाद लगे प्रतिबंधों के कारण कई प्रोजेक्ट्स में देरी और सामान की कमी हो रही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की हालिया मुलाकात के बाद दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों में यह बड़ा सुधार हुआ है। सरकार ने इसके साथ ही चीन से निवेश के नियमों को भी आसान बना दिया है। सीमा विवाद के बाद भारत सरकार ने ने चीन सामान की खरीद और निवेश पर पाबंदियां लगाई थीं। लेकिन अमेरिकी टैरिफ के कारण वैश्विक व्यापार में आए बदलावों से भारत को अपनी नीति बदलनी पड़ी है। अब बिजली उपकरण निर्माता भेल चीन से 21 तरह के क्रिटिकल इक्विपमेंट खरीद सकेगा। सेल भी कुछ खास कलपुर्जों मंगा सकेगी। अन्य सरकारी कंपनियां भी अब कोयला गैसीकरण से जुड़े उपकरण चीन से मंगा सकेंगी। इससे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की रफ्तार बढ़ेगी।

आईपीओ रिटर्न ट्रैकर्स • इस साल प्राइमरी मार्केट से भी निराशा मिली

वित्त वर्ष 2026 में लिस्ट हुए 75% शेयर इश्यू प्राइस से नीचे, रिकॉर्ड 1.8 लाख करोड़ जुटाए

देवांशु सिंगला | नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2025-26 में आए 112 मेनबोर्ड आईपीओ ने रिकॉर्ड 1.79 ट्रिलियन रुपए (1.79 लाख करोड़ रुपए) जुटाए, लेकिन इस साल लिस्ट हुई 75% कंपनियां लिस्टिंग प्राइस से नीचे हैं। हालांकि इस साल आए आईपीओ ने 130 फीसदी तक का शानदार रिटर्न भी दिया। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि अत्यधिक सप्लाई, महंगी वैल्युएशन और सेकेंडरी मार्केट में अस्थिरता ने निवेशकों का सेंटिमेंट बिगाड़ दिया है। लिस्ट हुए 107 मेनबोर्ड आईपीओ में से केवल 26 अपने लिस्टिंग प्राइस से ऊपर हैं, जबकि 81 कंपनियां (75%) नीचे फिसल गई हैं। चॉइस कैपिटल के सीईओ रतिराज टिबरेवाल के अनुसार, 'न्यू-एज' टेक कंपनियों ने भविष्य की ग्रोथ के आधार पर कीमतें बहुत ज्यादा रखी थीं, जो मौजूदा अनिश्चितता में टिक नहीं पाईं। वहीं, वेल्थमिल्स सिक्युरिटीज के क्रांति बाथिनी का कहना है, हालिया गिरावट के बाद कुछ न्यू-एज कंपनियों की वैल्युएशन काफी हद तक वाजिब हुई है, जो लंबी अवधि के निवेशकों के लिए अवसर हो सकती है।

टॉप गेनर्स- एथर ने दिया 130 फीसदी रिटर्न

एथर एनर्जी	+129.55%
बेलराइज इंडस्ट्रीज	+86.14%
जैन रिसोर्स रिसाइकिलिंग	+65.91%
आदित्य इन्फोटेक	+61.17%
बिलियनब्रेन्स गैराज वेंचर्स	+42.28%

टॉप लूजर्स: इन कंपनियों ने दिया बड़ा झटका

सोलरवर्ल्ड एनर्जी सॉल्यूशंस	-62.42%
एलेनबेरी इंडस्ट्रियल गैसेस	-62.35%
वीएमएस टीएमटी	-62.12%
मंगल इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्रीज	-60.82%
हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर	-60.71%

सप्लाई चेन • 5 लाख टन माल समुद्र में फंस गया

जंग से मेटल स्क्रैप का 20% आयात ठप, एल्युमीनियम 15% महंगा हुआ

साकेत कुमार | नई दिल्ली

ईरान-अमेरिका जंग ने भारतीय रिसाइक्लिंग उद्योग की कमर तोड़ दी है। खाड़ी देशों से होने वाला देश का 20% मेटल स्क्रैप आयात पूरी तरह रुक गया है। जेबेल अली और अबु धाबी जैसे प्रमुख बंदरगाह बंद होने के कारण 5 लाख टन कच्चा माल रास्ते में ही फंसा हुआ है। सीधा असर धातुओं की कीमतों पर पड़ा है, जिससे एल्युमीनियम 15% तक महंगा हो गया है।

मटेरियल रिसाइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने अब सरकार से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। इस उद्योग से जुड़े ढाई लाख श्रमिकों और 1,800 सदस्यों की आजीविका पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

माल दुलाई 10 गुना बढ़ी

खाड़ी युद्ध से पहले कंटेनर की ढुलाई दर 300 डॉलर तक थी, जो अब 2,000 डॉलर पहुंच गई है। यूरोप के लिए शिपमेंट लागत 1,200 से बढ़कर 3,000 डॉलर हो गई है। जहाजों को अब केप ऑफ गुड होप जैसे लंबे रास्तों से आना पड़ रहा है। इससे ईंधन खर्च और माल पहुंचने का समय दोनों कई गुना बढ़ गए हैं।

उद्योगों की पूंजी फंसी

बाजार में स्क्रैप की कीमतों में 30 डॉलर प्रति टन तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बंदरगाहों से माल वापस लाकर गोदामों में रखने के कारण कारोबारियों की वर्किंग कैपिटल अटक गई है। रिसाइक्लिंग सेक्टर की 25 हजार एसएमई इकाइयों पर वित्तीय दबाव बढ़ गया है।

बिजनेस एंकर जापान में वेंडिंग मशीनों के मुकाबले सुपरमार्केट में ड्रिंक्स 20% से 30% तक सस्ते

जापान में खत्म हो रहा 'वेंडिंग मशीनों' का कल्चर

बिजनेस संवाददाता। टोक्यो

जापान की पहचान उसकी बुलेट ट्रेनों और चेरी ब्लॉसम से जितनी जुड़ी है, उतनी ही वहां की गलियों में चमकती वेंडिंग मशीनों से भी। कभी जापान की कार्यकुशलता और इनोवेशन का पर्याय रहीं ये वेंडिंग मशीनें धीरे-धीरे दम तोड़ रही हैं। इस संकट की सबसे बड़ी वजह महंगाई और बढ़ती परिचालन लागत के चलते उपभोक्ताओं का बदलता व्यवहार है। इसके चलते सैपोरो होल्डिंग्स, डायडो ग्रुप और इटो एन जैसी दिग्गज कंपनियां भारी घाटे में हैं। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक 1997 में इन मशीनों से रिकॉर्ड 7.2 करोड़ केस ड्रिंक्स बिकते थे, वहीं 2024 में यह आंकड़ा घटकर 4.2 करोड़ ही रह गया। इस ट्रेंड के पलटने की बड़ी वजह महंगाई भी है। वेंडिंग मशीनों की तुलना में सुपरमार्केट और 'कन्वीनियंस स्टोर्स' पर ड्रिंक्स 20% से 30% तक सस्ते मिलते हैं। लोग अब सुविधा के बजाय बचत को प्राथमिकता दे रहे हैं और मशीनों के महंगे उत्पादों को छोड़कर डिस्काउंट स्टोर्स या निजी लेबल ब्रांड्स की ओर रुख कर रहे हैं। जापानी रिटेल एनालिस्ट मिहोको यामागुची का कहना है कि इस गहराते संकट की वजह गहराता लॉजिस्टिक्स संकट और ट्रक ड्राइवरों की भारी कमी है। वेंडिंग मशीनें केवल उपभोक्ता की तरफ से स्वचालित हैं। पर्दे के पीछे, वे आज भी 20वीं सदी के श्रम-प्रधान मॉडल पर चल रही हैं, जो अब 2024 के लॉजिस्टिक्स संकट को झेलने में सक्षम नहीं है। दरअसल, स्टॉक भरना, नकदी निकालना और मरम्मत जैसे काम आज भी पूरी तरह मानव श्रम पर निर्भर हैं। अधिकांश मशीनों में रियल-टाइम मॉनिटरिंग न होने से ड्राइवरों को बिना जरूरत भी मशीनें चेक करनी पड़ती हैं, जिससे ईंधन और समय की भारी बर्बादी हो रही है। इस घाटे से निपटने के लिए कंपनियां अब 'स्मार्ट वेंडिंग टेक्नोलॉजी' और 'प्रीमियम लोकेशन' का नया रास्ता तलाश रही हैं। अब ऐसी हाई-टेक मशीनें लाई जा रही हैं जो डिजिटल डेटा के जरिए खुद स्टॉक खत्म होने की जानकारी देती हैं, ताकि ड्राइवरों के अनावश्यक चक्कर बच सकें।

ड्राइवर के ओवरटाइम नियम के चलते भी रिफिल नहीं हो पा रहीं मशीनें

ड्राइवरों की कमी के कराण ज्यादातर मशीनें खाली पड़ीं है। इसका मुख्य कारण श्रम सुधार कानून-2024 है, जिसके तहत ड्राइवरों के ओवरटाइम पर सख्त कानूनी सीमा तय कर दी गई। इस पाबंदी के कारण ड्राइवरों की कार्यक्षमता और सामान ढोने की कुल क्षमता में अचानक बड़ी गिरावट आई है, जिससे पूरी सप्लाई चेन और वेंडिंग मशीनों को रिफिल करने की प्रक्रिया बुरी तरह प्रभावित हुई है।

लक्ष्य • आय बढ़ाने के लिए 30-35 बड़ी डील होने की संभावना

आईटी कंपनियां अधिग्रहण पर इस साल 66,250 करोड़ रुपए खर्च करने जा रहीं

अविक दास | बेंगलुरु

आईटी सेवा कंपनियां कमजोर आर्थिक माहौल में अपनी ग्रोथ के लिए इस साल आक्रामक तरीके से अधिग्रहण करने की तैयारी में हैं। कंसल्टेंसी फर्म अनअर्थइनसाइट के अनुसार, बड़ी और मध्यम स्तर की कंपनियां जनवरी से दिसंबर 2026 के बीच करीब 700 करोड़ डॉलर (करीब 66,250 करोड़ रुपए) खर्च कर सकती हैं। पिछले साल यह खर्च 5 अरब डॉलर रहा था। इस साल सौदों की संख्या भी 25 से बढ़कर 30-35 होने की उम्मीद है। कंपनियां मुख्य रूप से क्लाउड, डेटा वर्टिकल, एआई और एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में छोटी कंपनियों को खरीद रही हैं। इन्फोसिस ने हाल में हेल्थकेयर सेक्टर की अमेरिकी कंपनी ऑप्टिमम हेल्थकेयर को 46.5 करोड़ डॉलर में खरीदा है।

इनोवेशन: एआई सर्विसेज पर फोकस बढ़ रहा है

अनअर्थइनसाइट के फाउंडर गौरव वासु के अनुसार, 'इस साल ज्यादातर अधिग्रहण क्लाउड, डेटा वर्टिकल, एंटरप्राइज प्लेटफॉर्म और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में होंगे। कमजोर आर्थिक माहौल में कंपनियां अपनी आय बढ़ाने के लिए इस रास्ते को अपना रही हैं।'

अमेरिका में हो रहे सबसे ज्यादा 52% अधिग्रहण

- आईटी क्षेत्र के कुल अधिग्रहणों में से 52% अमेरिका में हो रहे हैं।
- यूरोप में 19% और ऑस्ट्रेलिया में 14% सौदे हो रहे हैं, जो मुख्य रूप से साइबर सिक्युरिटी और क्लाउड टैलेंट पर केंद्रित हैं।
- भारत और मध्य पूर्व में होने वाले अधिग्रहण बुनियादी ढांचे और डिजिटल जरूरतों पर आधारित हैं।

कल्पमेधा

जैसे एक फूल बहुत प्यारा और सुंदर है, पर उसमें खुशबू नहीं है। ठीक वैसे ही किसी की कही हुई अच्छी बातें व्यर्थ हैं, अगर वह उनको अमल में नहीं लाता।

– महात्मा बुद्ध

दहेज का दंश

इससे विडंबना ही कहा जाएगा कि देश में सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद दहेज के लिए विवाहिता की हत्या या उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। इक्कीसवीं सदी में शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने के बावजूद इस मामले में समाज के एक हिस्से की रूढ़िवादी मानसिकता नहीं बदली है। यही नहीं, कानूनों को सख्ती से लागू करने के मामले में भी विभिन्न स्तरों पर लापरवाही देखी जाती है, जिस कारण इस कुप्रथा की जड़ें नष्ट होने के बजाय गहरी होती जा रही हैं। इसका दंश महिलाओं के खिलाफ हिंसा और उत्पीड़न तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह उनकी जान पर भी भारी पड़ रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने एक फैसले में इस पर गहरी चिंता जताई और दहेज के मामलों में महिलाओं की मौत की घटनाओं को समाज पर गहरा धब्बा करार दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस सामाजिक कुरीति के कारण आज भी हजारों महिलाएं बेमौत मारी जाती हैं।

सरकारी स्तर पर देश में दहेज प्रथा पर अंकुश लगाने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि इसकी वास्तविक तस्वीर बेहद चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की एक रपट के मुताबिक, वर्ष 2023 में दहेज संबंधी अपराधों के तहत दर्ज मामलों में चौदह फीसद की बढ़ोतरी देखी गई है। देश भर में इससे संबंधित पंद्रह हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए, जिनमें छह हजार से ज्यादा महिलाओं की मौत हो गई। जबकि वर्ष 2022 और 2021 में यह संख्या क्रमशः 13,479 और 13,568 थी। सवाल है कि इस तरह की घटनाओं पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है? क्या वजह है कि दहेज प्रथा को बढ़ावा देने वालों में कानून का जरा भी खौफ नहीं है! इसके लिए निश्चित तौर पर कानून प्रवर्तन एजंसियों का ढुलमुल रवैया भी जिम्मेदार है। पुलिस की लापरवाही की वजह से कई बार दहेज से संबंधित मामलों के आरोपी अदालत में सबूतों के अभाव में बरी हो जाते हैं। कई दफा पीड़ित महिलाओं को शिकायत दर्ज कराने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जो पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

दहेज प्रथा केवल सामाजिक बुराई ही नहीं, बल्कि मानवाधिकारों और गरिमा का भी गंभीर उल्लंघन है। मगर कई मामलों में पीड़ित महिलाओं के परिजन कानूनी जागरूकता की कमी और सामाजिक दबाव के कारण पुलिस में शिकायत तक दर्ज नहीं करा पाते। ऐसे में इस बात पर गहराई से विचार करने की जरूरत है कि क्या भौतिक वस्तुएं, पैसा और झूठी शान किसी महिला की जान से ज्यादा मूल्यवान है! इस बात पर भी गौर करना जरूरी है कि दहेज उत्पीड़न या हत्या के मामलों की शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया को आसान बनाया जाए और ऐसे मामलों को गंभीरता से लेकर उनकी गहन जांच की जाए। इस तरह के मामलों की सुनवाई त्वरित अदालतों में की जानी चाहिए, ताकि पीड़ित पक्ष को जल्द न्याय मिल सके। इसके साथ ही सामाजिक स्तर पर भी जागरूकता और अन्य पहलों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है, जैसे महिलाओं को शिक्षित और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना तथा बेटियों को लेकर समानता आधारित दृष्टिकोण को धरातल पर सही मायने में अमल में लाना। सच यह है कि कानूनी सख्ती के समांतर जब तक समाज की सोच नहीं बदलेगी, तब तक किसी भी कुरीति को पूरी तरह खत्म कर पाना संभव नहीं है।

लापरवाही बदस्तूर

पिछले कुछ समय से सफर के दौरान ट्रेनों में यात्रियों को खराब खाना परोसे जाने की शिकायतें सुर्खियों में रही हैं। ऐसे मामले सामने आने के बाद भारतीय रेल की ओर से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और भविष्य में बेहतर सेवा देने के आश्वासन दिए जाते हैं। मगर ऐसा लगता है कि संबंधित महकमों को ट्रेनों में खराब खाना देने की शिकायतों को गंभीरता से लेने और उसमें सुधार करने की कोई फिक्र नहीं है। वरना क्या वजह है कि जब कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तब रेलवे के अधिकारी या मंत्रालय थोड़ा सक्रिय दिखते हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर से वही दशा आम हो जाती है। हालत यह है कि वंदे भारत जैसी जिन ट्रेनों को उच्च और प्रीमियम दर्जे की सुविधाओं से लैस बताया जाता है, उनमें भी खराब खाने की शिकायतें अक्सर आती रहती हैं। गौरतलब है कि पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस में एक यात्री ने खाने में परोसे गए दही में कीड़ा होने की शिकायत की। आसपास मौजूद अन्य यात्रियों के साथ-साथ इसका वीडियो फैलने के बाद आम लोगों के बीच इस बात पर नाराजगी बढ़ी। इसके बाद रेल मंत्रालय ने लापरवाही बरतने पर आइआरसीटीसी पर दस लाख रुपए का जुर्माना लगाया, वहीं उस ट्रेन में खानपान सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी पर पचास लाख रुपए का जुर्माना लगाने के साथ-साथ अनुबंध खत्म करने का भी आदेश दिया।

इस तरह का यह कोई अकेला मामला नहीं है। पिछले वर्ष जुलाई में खुद रेल मंत्रालय ने संसद को बताया था कि 2024-25 के दौरान ट्रेनों में खराब खाने को लेकर 6,645 शिकायतें दर्ज की गई थीं। ऐसे मामले भी होते होंगे, जिनमें किसी यात्री को मिला खाना खराब होता होगा, लेकिन वे औपचारिक तौर पर शिकायत दर्ज नहीं कराते होंगे। सवाल है कि खानपान की गुणवत्ता को हर तरह से स्वच्छ और बेहतर बनाने का रेल महकमे का ढांचा आखिर कैसे काम करता है कि आए दिन यात्रियों को खराब खाना परोसे जाने के मामले सामने आते हैं। क्या यह यात्रियों की सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं है? रेल मंत्रालय की ओर से कई बार सख्त कार्रवाई की जाती है, लेकिन बार-बार ऐसी शिकायतों के बावजूद इस समस्या पर लगाम लगाना मुश्किल क्यों बना हुआ है!

संभावनाओं और चुनौतियों के बीच चांद

अमेरिका और चीन चांद को भविष्य की अंतरिक्ष गतिविधियों, संसाधनों पर वर्चस्व और तकनीकी बढ़त का आधार बनाना चाहते हैं। निजी कंपनियां भी इस दौड़ में उतर चुकी हैं, जिससे अंतरिक्ष अब सरकारों तक सीमित न रह कर आम आदमी के भविष्य से जुड़ता जा रहा है।

विजन कुमार पांडेय



अंतरिक्ष अब केवल वैज्ञानिकों की प्रयोगशाला तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह दुनिया की बड़ी ताकतों के बीच शक्ति और वर्चस्व की नई जमीन बन चुका है। इस बदले दौर में चांद एक बार फिर रणनीतिक होड़ का केंद्र बन गया है। अमेरिका और चीन चांद को भविष्य की अंतरिक्ष गतिविधियों, संसाधनों पर वर्चस्व और तकनीकी बढ़त का आधार बनाना चाहते हैं। निजी कंपनियां भी इस दौड़ में उतर चुकी हैं, जिससे अंतरिक्ष अब सरकारों तक सीमित न रह कर बाजार, रोजगार और आम आदमी के भविष्य से जुड़ता जा रहा है। चांद पर जाने की यह जल्दबाजी केवल विज्ञान की जिज्ञासा नहीं, बल्कि आने वाले समय में ताकत की रूपरेखा तय करने की तैयारी है। जो देश आज चांद पर अपनी मौजूदगी मजबूत करेंगे, वही कल अंतरिक्ष से जुड़ी कमाई और बड़े फैसलों पर असर डालेंगे। ऐसे में भारत के सामने भी सवाल है कि क्या वह इस बदलती अंतरिक्ष राजनीति को समझ कर समय रहते अपनी योजना बनाएगा?

मनुष्य सबसे पहले मंगल पर कब पहुंचेगा, यह सवाल लंबे समय तक रोमांच बना रहा। 'स्पेसएक्स' और 'ब्लू ओरिजिन' ने इसी सपने को अपनी पहचान बनाया। एलन मस्क समय सीमा घोषित करते रहे। उद्देश्य था- महत्त्वाकांक्षा दिखाना और प्रतिभा आकर्षित करना। मगर हाल के महीनों में तस्वीर बदली है। हकीकत यह है कि पर्दे के पीछे 'स्पेसएक्स' लंबे समय से नासा के साथ चांद से जुड़े काम में लगी थी। आर्टेमिस कार्यक्रम के तहत मानव को चांद पर उतारने का जिम्मा इसी का प्रमाण है। उधर, जेफ बेजोस की कंपनी भी तेजी से आगे बढ़ रही है। इससे स्पष्ट है कि अंतरिक्ष की अगली निर्णायक मंजिल मंगल नहीं, बल्कि चांद है।

इसके पीछे सबसे बड़ा कारण नासा की बदलती प्राथमिकताएं हैं। अमेरिका का आर्टेमिस कार्यक्रम चांद पर स्थायी उपस्थिति बनाने की दिशा में बढ़ रहा है। यह केवल वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था की नींव रखने का प्रयास है। चांद पर खनिज संसाधन और ऊर्जा के स्रोत मौजूद हैं। इनका उपयोग अंतरिक्ष अभियानों की लागत कम कर सकता है। साथ ही अमेरिका को यह चिंता भी सता रही है कि यदि उसने चांद पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज नहीं कराई, तो चीन यह बढ़त हासिल कर लेगा। उसने चांद पर कई सफल मिशन भेजे हैं और वह 2030 के लिए मानव मिशन की घोषणा कर चुका है।

भारत के लिए इस वैश्विक बदलाव में कई गहरे संकेत छिपे हैं। चंद्रयान-3 के माध्यम से उसने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफलता से उतर कर यह दिखा दिया कि वह केवल अंतरिक्ष दौड़ का दर्शक नहीं, बल्कि सक्रिय खिलाड़ी है। यह क्षेत्र इसलिए खास माना जाता है, क्योंकि यहां जल और बर्फ के मौजूदगी की संभावना है, जो भविष्य में ईंधन, आक्सीजन और मानव बस्तियों की आधारशिला बन सकती है। इस उपलब्धि के साथ भारत अब उन चुनिंदा देशों की कतार में है जिनके पास चांद तक पहुंचने और वहां उतरने की क्षमता है। यह सफलता केवल वैज्ञानिक गौरव का विषय नहीं, बल्कि रणनीतिक शक्ति का संकेत भी है। इससे भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ी है और इसरो को अंतरराष्ट्रीय सहयोग के नए अवसर मिले हैं।

असली परीक्षा वैज्ञानिक या तकनीकी नहीं, बल्कि आर्थिक भी है। प्रश्न यह नहीं कि भारत चांद तक पहुंच सकता है या नहीं। यह तो वह सिद्ध कर चुका है। असली प्रश्न यह है कि क्या भारत इस सफलता को ऐसी दीर्घकालिक राष्ट्रीय अंतरिक्ष रणनीति में बदल पाएगा, जो देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सके और जोखिमों को कम कर सके। क्या चांद पर नियमित मिशन भेजने, वहां उपलब्ध संसाधनों की खोज और भविष्य की औद्योगिक गतिविधियों के लिए स्पष्ट, समयबद्ध और वित्तपोषित कार्ययोजना है? अंतरिक्ष में हर असफल प्रयास केवल वैज्ञानिक झटका ही नहीं देते, बल्कि भारी आर्थिक नुकसान भी कराते हैं। अरबों रुपए का निवेश, वर्षों की मेहनत और अनगिनत मानव-घंटे एक झटके में दांव पर लग जाते हैं।

> **भारत ने चंद्रयान-3 के माध्यम से चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफलता से उतर कर यह दिखा दिया कि वह केवल अंतरिक्ष दौड़ का दर्शक नहीं, बल्कि सक्रिय खिलाड़ी है। यह क्षेत्र इसलिए खास माना जाता है, क्योंकि यहां जल और बर्फ की मौजूदगी की संभावना है, जो भविष्य में ईंधन, आक्सीजन और मानव बस्तियों की आधारशिला बन सकती है। इस उपलब्धि के साथ भारत अब उन चुनिंदा देशों की कतार में है जिनके पास चांद तक पहुंचने और वहां उतरने की क्षमता है। यह सफलता केवल वैज्ञानिक गौरव का विषय नहीं, बल्कि रणनीतिक शक्ति का संकेत भी है।**

यदि भारत इस अवसर को सही ढंग से साधता है, तो अंतरिक्ष क्षेत्र केवल खर्च का मद नहीं रहेगा, बल्कि रोजगार सृजन, उच्च-प्रौद्योगिकी, उद्योगों और नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार भी बनेगा। तब भारत केवल एक सफल मिशन वाला देश नहीं, बल्कि अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में निर्णायक भूमिका निभाने वाली शक्ति होगा। अमेरिका और चीन चांद को भविष्य की अंतरिक्ष गतिविधियों का बड़ा केंद्र बनाने की होड़ में हैं। वे वहां ठिकाने बसाने, संसाधनों पर पकड़ बनाने और निजी कंपनियों के लिए नए मौके खोलने की तैयारी कर रहे हैं। साफ है कि अंतरिक्ष अब केवल विज्ञान का विषय नहीं रहा, बल्कि रोजगार, उद्योग और कमाई की नई जमीन बन चुका है। ऐसे में भारत के सामने भी निर्णायक स्थिति है। क्या वह सिर्फ मिशन भेज कर खुश रहेगा या चांद पर स्थायी मौजूदगी की ठोस योजना बनाएगा? यह सवाल केवल वैज्ञानिकों का नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक के भविष्य से जुड़ा है।

इसरो की कम लागत वाली और भरोसेमंद तकनीक भारत की सबसे बड़ी ताकत है। अब समय आ गया है कि निजी कंपनियों और युवाओं को बड़े पैमाने पर अंतरिक्ष क्षेत्र में शामिल किया जाए। इससे नए उद्योग खड़े होंगे, नौकरियां सृजित होंगी और अंतरिक्ष क्षेत्र आम लोगों की तरक्की का माध्यम बनेगा। हाल के वर्षों में भारत सरकार ने निजी कंपनियों के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र खोला है। नवउद्यम उभर रहे हैं, राकेट और उपग्रह बनाने की पहल हो रही है, लेकिन इस प्रयास को और तेज करने की जरूरत है। चांद और गहन अंतरिक्ष मिशनों के लिए भारी निवेश, दीर्घकालिक नीति चाहिए।

'स्पेसएक्स' और 'ब्लू ओरिजिन' की रणनीति एक अहम सबक देती है कि बड़े सपने दिखाना आसान है, लेकिन काम छोटे और ठोस कदमों से ही आगे बढ़ता है। सीधे मंगल की छलांग नहीं, पहले चांद पर मजबूत कदम जरूरी है। यही रास्ता व्यावहारिक है। चांद पर लगातार उपग्रह भेजने और आगे चल कर मानव मिशन की तैयारी ही हमें बड़े लक्ष्यों तक पहुंचाएगी। जो देश सीढ़ी-दर-सीढ़ी चढ़ता है, वही शिखर पर पहुंचता है। अंतरिक्ष अन्वेषण का भविष्य केवल वैज्ञानिक खोज नहीं, बल्कि आर्थिक गतिविधियों से भी जुड़ा है। उपग्रह सेवाएं, अंतरिक्ष पर्यटन, संसाधन खनन और संचार नेटवर्क आने वाले समय में बड़ी अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनेंगे। जो देश अभी तैयारी करेंगे, वही आगे चल कर लाभ उठाएंगे।

'स्पेसएक्स' और 'ब्लू ओरिजिन' का चांद की ओर बढ़ना बताता है कि अंतरिक्ष की दौड़ अब सपनों की कहानी नहीं रही। यह आज राष्ट्रीय शक्ति, रोजगार, उद्योग और तकनीक की सीधी लड़ाई बन चुकी है। जो देश चांद पर अपनी मजबूत मौजूदगी बनाएगा, वही आने वाले समय की दिशा भी तय करेगा। भारत के लिए यह आत्मसंतोष का नहीं, बल्कि साहसिक फैसले लेने का समय है। चंद्रयान-3 की सफलता को केवल उपलब्धि मान कर रुकना काफी नहीं होगा। अब जरूरत है कि हम चांद पर लगातार मिशन भेजें और दीर्घकालिक कार्यक्रम बनाएं। इससे देश में नई नौकरियां बनेंगी, तकनीक आगे बढ़ेगी और आम आदमी को भी इसका लाभ मिलेगा। यदि भारत आज सही फैसले करता है, तो वह सिर्फ अंतरिक्ष तक नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाला देश बनेगा।

आनंद के ठौर

मनीषा मंजरी

हमारा यह जीवन केवल सांसों का नियमित प्रवाह नहीं है, बल्कि अनुभवों, भावनाओं और चेतना की एक गहन यात्रा भी है। इस यात्रा में सामान्यतः सुख और दुख, आशा और निराशा, संघर्ष और विश्राम सब एक साथ चलते रहते हैं। पर आधुनिक जीवन की भागदौड़, प्रतिस्पर्धा और अनिश्चितताओं ने हमारे मन को इतना व्याकुल कर दिया है कि हम जीवन के वास्तविक सौंदर्य और आनंद को महसूस नहीं कर पाते हैं। हमें ऐसा लगता है कि हमारे जीवन का अधिकांश भाग चिंता, तनाव और असंतोष से भरा हुआ है। मगर गहराई से विचार करें, तो पाएंगे कि मनुष्य का जीवन केवल चिंता और तनाव के लिए नहीं है, बल्कि आनंद, आशा और संतुलन के लिए भी है। जीवन की कठिनाइयां हमें परखने और मजबूत बनाने के लिए आती हैं, लेकिन उनका उद्देश्य हमारे भीतर के उत्साह और आशा को समाप्त करना नहीं होता।

जब हम जीवन को केवल समस्याओं और संघर्षों की शृंखला मान लेते हैं, तब हम अपने ही भीतर के आनंद के स्रोत से दूर हो जाते हैं, लेकिन जीवन को एक व्यापक चेतना की प्रक्रिया के रूप में देखें, तो हमें अनुभव होगा कि चिंता और तनाव जीवन के अंतिम सत्य नहीं हैं। उनके साथ-साथ आनंद, आशा और संतुलन भी जीवन के अभिन्न आयाम हैं। हमारा मन स्वभावतः चंचल होता है। यह या तो अतीत की स्मृतियों में उलझा रहता है या भविष्य की आशंकाओं में स्वयं को भटकाता रहता है। इसी कारण वर्तमान क्षण की सहजता और सुंदरता हमसे अक्सर छूट जाती है। चिंता का मूल भी यही है, वह उस समय पैदा होती है, जब मन वर्तमान से दूर हो जाता है। दर्शन की दृष्टि से देखा जाए, तो जीवन का वास्तविक अनुभव केवल वर्तमान में ही संभव है। जब हमारा मन वर्तमान के इस क्षण को स्वीकार करता है और उसमें उपस्थित छोटी-छोटी खुशियों को पहचानता है, तब जीवन का बोझ हल्का होने लगता है।

अक्सर हम यह मान बैठते हैं कि सुख केवल बड़ी-बड़ी सामाजिक उपलब्धियों में निहित है, जैसे प्रतिष्ठा, संपत्ति या सफलता में। मगर यह विचार अधूरा है। जीवन का गहन आनंद कई बार उन साधारण क्षणों में छिपा होता है, जिन्हें हम सामान्य समझकर अनदेखा कर देते हैं। जैसे किसी प्रियजन की मुस्कान, प्रकृति का शांत सौंदर्य या मन का एक शांत क्षण। यही छोटे-छोटे अनुभव जीवन को सार्थकता प्रदान करते हैं। अगर हम इन सूक्ष्म आनंदों को पहचानना सीख जाएं, तो हमारे भीतर संतोष का भाव विकसित होने लगता है। सकारात्मकता का अर्थ यह नहीं है कि हम दुख या कठिनाइयों से बच सकते हैं। जीवन में संघर्ष और पीड़ा का होना स्वाभाविक है, क्योंकि वही अनुभव हमारे व्यक्तित्व को परिपक्व बनाते हैं। सकारात्मकता का वास्तविक अर्थ यह है कि हम कठिन परिस्थितियों के बीच भी आशा को जीवित रख सकें। यह आशा ही वह शक्ति है, जो अंधकार के क्षणों में भी हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

इसके साथ ही यह भी महत्त्वपूर्ण है कि हम अपने व्यवहार और शब्दों के माध्यम से दूसरों के जीवन में भी आशा और उत्साह का संचार करें। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और उसका जीवन दूसरों से गहराई से जुड़ा हुआ होता है। हमारे शब्द और व्यवहार कई बार किसी के मन पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं। अगर हम अपने व्यवहार में सहानुभूति, करुणा, संवेदनशीलता और सकारात्मकता रखें, तो हम अनजाने में ही किसी के जीवन में प्रकाश की किरण बन सकते हैं। एक स्नेहपूर्ण शब्द, एक प्रोत्साहन या एक छोटी-सी मदद भी किसी निराश व्यक्ति के मन में नई आशा जगा सकती है। यही कारण है कि दार्शनिक दृष्टि से जीवन का मूल्य केवल व्यक्तिगत सुख में नहीं, बल्कि उस प्रकाश में भी है, जिसे हम दूसरों के जीवन में बांटते हैं। जब हम अपने भीतर की सकारात्मक ऊर्जा को साझा करते हैं, तब हम अपने अस्तित्व को अधिक सार्थक बनाते हैं।

आज के युग में जब हम लगातार बाहरी उपलब्धियों की दौड़ में निरंतर व्यस्त रहते हैं, तब यह याद रखना भी जरूरी है कि जीवन की वास्तविक शांति बाहर नहीं, बल्कि भीतर से उत्पन्न होती है। अगर हम अपने भीतर संतुलन, आशा और करुणा को विकसित कर लें, तो बाहरी परिस्थितियां हमें अधिक विचलित नहीं कर पातीं। इस स्थिति में जीवन केवल संघर्ष का क्षेत्र नहीं रह जाता, बल्कि आत्मबोध और अनुभव की एक गहरी यात्रा बन जाता है। यह विचार करना जरूरी है कि जीवन का सत्य यही है और उसमें प्रकाश तथा अंधकार, दोनों साथ-साथ उपस्थित रहते हैं। मगर हमारे पास यह स्वतंत्रता होती है कि हम किस पक्ष को अधिक महत्त्व देते हैं।

यही मौका कई बार सबसे संवेदनशील साबित होता है। अगर हम अपने भीतर आशा को जीवित रखें, छोटी-छोटी खुशियों को स्वीकार करें और अपने व्यवहार से दूसरों के जीवन में भी उत्साह और शांति का प्रकाश फैलाएं, तो जीवन का मार्ग अधिक सरल और सुंदर बन सकता है। इस प्रकार जीवन को केवल चिंता और तनाव के रूप में देखना उसके व्यापक अर्थ को सीमित कर देना है। जीवन एक ऐसी यात्रा है, जिसमें आनंद, आशा, संघर्ष और अनुभव, सभी मिलकर हमारे अस्तित्व को पूर्णता प्रदान करते हैं। जब हम इस सत्य को समझ लेते हैं, तब हम जीवन को केवल जीते ही नहीं, बल्कि उसे गहराई से अनुभव भी करते हैं।

दुनिया मेरे आगे

> **जीवन की वास्तविक शांति भीतर से उत्पन्न होती है। अगर हम अपने भीतर संतुलन, आशा और करुणा को विकसित कर लें, तो बाहरी परिस्थितियां हमें अधिक विचलित नहीं कर पातीं। इस स्थिति में जीवन केवल संघर्ष का क्षेत्र नहीं रह जाता, बल्कि आत्मबोध और अनुभव की एक गहरी यात्रा बन जाता है।**

संकट के बीच

भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 60 फीसद से अधिक हिस्सा मध्य-पूर्व से आयात करता है और इसका एक बड़ा भाग होर्मुज जलमार्ग से आता है। पिछले चार सप्ताह से अमेरिका और इजराइल के ईरान के साथ चल रहे युद्ध ने भारत सहित विश्व के अधिकांश देशों में तेल और गैस संकट बढ़ा दिया है। भीषण युद्ध और बाधित मार्गों के बावजूद, भारत के कूटनीतिक प्रयासों के कारण हमारे जहाज कच्चा तेल और गैस लेकर देश पहुंच रहे हैं। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए एक बार फिर कच्चे तेल और गैस की कमी की आशंका है। ऐसे में केंद्र सरकार को नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने के साथ-साथ कठोर कदम उठाने होंगे। इस युद्ध की आड़ में कुछ लोग मुनाफाखोरी की तैयारी में हैं। पेट्रोल पंपों और गैस एजंसियों पर बढ़ती भीड़ इसी ओर संकेत करती है। केंद्र और राज्य सरकारों को चाहिए कि वे जिला, ब्लाक और ग्राम स्तर तक सख्ती से निगरानी रखें और आपदा के समय आम जनता का शोषण करने वाले लोगों पर कठोर प्रावधानों के तहत कार्रवाई करें, ताकि ऐसे तत्त्वों पर नियंत्रण रहे।

– अरविंद रावल, झाबुआ, मप्र

यात्रियों के साथ

'समय की पाबंदी' (संपादकीय, 26 मार्च) पढ़ा। रेल यात्रा आम आदमी की जरूरत है और मजबूरी भी। ऐसे में यदि नए नियमों के अनुसार लंबी दूरी की ट्रेनों में निर्धारित यात्रा से आठ घंटे से कम समय रह जाने पर आरक्षित टिकट रद्द कराने पर कोई किराया वापस नहीं होगा, तो यह फैसला यात्रियों के हित में कम और रेलवे की कमाई नीति अधिक प्रतीत होती है। कई बार यात्रा रद्द करना यात्री की गलती नहीं होती। अचानक बीमारी, परिवार में कोई आपात स्थिति, परीक्षा की तिथि बदलना, नौकरी से जुड़ी बाध्यता या फिर कोई और प्राकृतिक कारण। ऐसी परिस्थितियों में टिकट रद्द कराना आदमी की मजबूरी बन जाता है। यदि यात्री समय रहते सीट खाली कर दे, ताकि रेलवे किसी अन्य प्रतीक्षारत यात्री को वह सीट दे सके, फिर भी यदि उसका पैसा पूरी तरह जब्त कर लिया जाए, तो यह दंड जैसा है। ईमानदार व मजबूर यात्रियों और टिकट की कालाबाजारी करने वालों को एक तराजू में तौलना उचित नहीं है।

– इशरत अली कादरी, भोपाल

शांति का सूत्र

परंपरिक मान्यता रही है कि राष्ट्रों के बीच एक-दूसरे पर निर्भरता युद्ध की संभावना को कम करती है। यूरोपीय संघ इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहां कोयले और स्टील के व्यापारिक गठबंधन ने कभी शत्रु रहे देशों को शांति के सूत्र में बांध दिया। मगर वर्तमान वैश्विक परिदृश्य, विशेषकर ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच बढ़ते तनाव ने चिंता बढ़ा दी है। ईरान के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई करते समय उसकी आर्थिक शक्ति का तो सही आकलन किया गया, लेकिन उसकी भौगोलिक स्थिति के प्रभाव को कम आंका गया। ईरान ने अपनी भौगोलिक निकटता और कम लागत वाले ड्रोन जैसी तकनीक से खाड़ी देशों के व्यापार और बुनियादी ढांचे पर दबाव बनाने की क्षमता प्रदर्शित की है। इस संघर्ष ने वैश्विक आपूर्ति शृंखला को बुरी तरह प्रभावित किया है, जिससे भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे तेल आयातक देश चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में आर्थिक अंतर्निर्भरता अब संघर्ष की स्थिति में काम आ सकती है।

– प्रसिद्ध यादव, फुलवारी, पटना

अफवाहों का जाल

अफवाह कई बार लोगों का विवेक हर लेती है। अफवाहें अदृश्य शक्ति की तरह होती हैं, लेकिन इसको फैलाने वाले आमतौर पर शातिर होते हैं, जिन्हें दूसरे लोगों को परेशान देखने में आनंद आता है। पिछले दिनों अफवाह उड़ी कि देश में पेट्रोल और डीजल का संकट है। यह अफवाह जैसे ही फैली, पेट्रोल-डीजल पंपों पर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। शोर-शराबा मचने लग गया। किसी ने सोचने समझने की जरूरत महसूस नहीं की कि पेट्रोल डीजल का फिलहाल कोई संकट नहीं है। अब अफवाहों का जब इस तरह संज्ञान लेकर लोग भागदौड़ करेंगे. तो अफवाहें फैलाने वालों को आनंद आएगा ही। इसलिए अफवाहों को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। असलियत जानना भी जरूरी है। दुर्भाग्य है कि कम पढ़े-लिखे ही नहीं, पढ़े-लिखे और समझदार लोग भी अफवाहों के भंवरजाल में अक्सर फंस जाते हैं।

– हेमा हरि उपाध्याय,'अक्षत', उज्जैन

भारत के निर्वाचन आयोग यानी चुनाव आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 को की गई थी। यह एक स्वायत्त संवैधानिक निकाय है जो भारत में संघ और राज्य चुनाव प्रक्रियाओं का संचालन करता है। संविधान के अनुच्छेद 324 से 329 तक चुनाव आयोग और सदस्यों की शक्तियों, कार्य, कार्यकाल, पात्रता आदि से संबंधित हैं। स्थापना के समय आयोग में केवल एक चुनाव आयुक्त का प्रावधान था। भारत के प्रथम चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन थे।

मेरे टूटे हौसले के पर निकलते देख कर
उसने दीवारों को अपनी ओर और ऊंचा कर दिया
–आदिल मंसूरी

भारत के संविधान को उसके नागरिकों का शुक्रगुजार होना चाहिए कि लाख बाधाओं के बावजूद लोकतंत्र पर उनकी आस्था बरकरार है और वे चुनावी प्रक्रिया में पूरे उत्साह से हिस्सा लेते हैं। गरीबी, अशिक्षा, व्यवस्थागत भ्रष्टाचार के बावजूद जब वे भारत के मतदाता बने रहना चाहते हैं, तो उनके लिए चुनाव आयोग अपनी दीवार और ऊंची कर दे रहा है। मतदान का दिन, नतीजों का दिन, उम्मीदवार, वादे-इरादे सब घोषित हो चुके हैं। अगर कोई काम अधूरा है तो वह मतदाता सूची का काम। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर त्रुटि हो जाती है, वह त्रुटिवश केरल भाजपा की मुहर के साथ अपना पत्र जारी कर देता है। संसाधनों से भरे संस्थान की इतनी गलतियों के बरक्स लोकतंत्र की रीढ़ की हड्डी बचाए रखने में जुटे संसाधन विहीन नागरिकों पर बेबाक बोल।

बेबाक बोल

रीढ़ की हड्डी

मुकेश भारद्वाज

'एक समय सिस्टम ने गलती से यह दिखाया कि राज्य के सभी मतदाता विचाराधीन हैं। जबकि ऐसा नहीं था, यह केवल एक त्रुटि थी।' मीडिया रपटों के मुताबिक यह एक चुनाव अधिकारी का बयान है। पश्चिम बंगाल, केरल सहित पांच राज्यों में जब अप्रैल में चुनाव होने हैं, नेताओं को टिकट देने व नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, तब भी बंगाल में मतदाताओं का एक तबका इस बात को लेकर 'विचाराधीन' है कि वह ताजा चुनाव प्रक्रिया में मतदाता है या नहीं? आरोप है कि बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद, लगभग 60 लाख नामों को मतदाता के रूप में उनकी पात्रता की जांच के लिए अलग रखा गया है। ये राज्य के कुल मतदाताओं का लगभग 8.5 फीसद हिस्सा हैं। मौजूदा तारीख तक मतदाता सूची में इनका दर्जा बतौर 'विचाराधीन' है।

जब पांच राज्यों में चुनाव के नतीजों का दिन मुकर्रर हो चुका है, तब तक एक राज्य की 8.5 फीसद मतदाता का दर्जा मुकर्रर नहीं हो पाया है। भारतीय संविधान ने नागरिकों को सबसे ज्यादा अधिकारों से लबरेज किया है। गणतंत्र का आधार ही नागरिकों की गणतांत्रिक शक्तियां होती हैं। लेकिन, जमीनी हकीकत यही है कि राजनीतिक दलों से लेकर संवैधानिक संस्थाओं को सबसे कम परवाह इसी की दिखती है। जिन नागरिकों, मतदाताओं से देश, संविधान, भाजपा-कांग्रेस-वाम जैसे राजनीतिक दल, चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं का वजूद है, बार-बार उन्हीं के वजूद पर सवाल उठा दिए जाते हैं।

देश की सीमाओं के अंदर घुसपैठिये आ गए हैं तो इसके लिए किसी भी तरह से नागरिक या मतदाता जिम्मेदार नहीं हैं। फिर बिहार से लेकर बंगाल तक चुनाव आते ही घुसपैठियों का मसला कैसे आ जाता है? राजनीतिक दलों ने चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को नागरिकता साबित करो बनाम घुसपैठिया में तब्दील कर दिया। 2014 के पहले की सरकार ने 'आधार' परियोजना पर इस देश के संसाधन का बड़ा हिस्सा खर्च किया। बाद की मौजूदा सरकार ने भी सभी सरकारी सेवाओं को आधार से जोड़ा। लेकिन बिहार विधानसभा चुनाव के पहले इसे निराधार साबित करने की पूरी कोशिश की गई।

बिहार विधानसभा चुनाव के वक्त विपक्षी दलों के विरोध-प्रदर्शन से लगा था कि इस गहन पुनरीक्षण में वह तो जनता का गहनता से साथ देगा। बाद में यह भी वैसा ही हंगामा निकला, जिसमें सूरत बदलने की कोई कोशिश नहीं थी। अदालत में पता चला कि एक दो राजनीतिक दलों के अलावा किसी दल ने मतदाता सूची से खारिज की जा रही जनता को लेकर अदालत पहुंचने में रुचि नहीं ली।

चुनाव आयोग के लिए तकनीकी त्रुटि, लिपिकीय त्रुटि कहते हुए पल्ला झाड़ कर निकल जाना जितना आसान है, क्या यह आम नागरिकों के लिए भी उतना ही आसान है? आम नागरिक ने अपने दस्तावेज दिए और जिम्मेदार संस्था ने गलत नाम लिख दिया। अब वो मतदाता नहीं 'विचाराधीन' है। वहीं केरल में चुनाव आयोग के कार्यालय ने जो पत्र जारी किया, उस पर भाजपा की केरल इकाई की मुहर लगी हुई थी। आयोग ने माना कि यह गलती थी और इसके लिए चुनाव आयोग के एक अधिकारी को निलंबित भी किया गया। कहा गया कि भाजपा के द्वारा दाखिल दस्तावेज ही प्रत्युत्तर में शामिल कर दिए गए थे। अब इस गलती को एक तथ्य के रूप में माना जा रहा है। लेकिन गलती के दोनों पक्ष मजेदार हैं। गलती करने का आरोप चुनाव आयोग पर, और मुहर केरल भाजपा की। मुहर तो किसी भी सत्ता और उसके दस्तावेज का इकबाल होती है। इसलिए आपकी इस गलती को इतनी साधारण नहीं माना गया और पूरे देश में संशय फैला। इस संशय के पर्याप्त कारण थे। पिछले हुए चुनावों में आयोग पर आरोप लगे कि आचार संहिता सिर्फ विपक्ष के लिए है, सत्ता पक्ष के लिए तो वह खट्टा-मीठा अचार सा है, जिसे खिचड़ी के साथ खाए या फिर पराठे के साथ। सत्ता-पक्ष के नेताओं के आचार संहिता को तार-तार करने वाले दृश्य सोशल मीडिया पर आम होने लगे तो बीच खेल में चुनाव आयोग ने संहिता ही बदल दी, और राजनीतिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्षों को नोटिस भेजने की भी शुरुआत कर डाली।

पिछले चुनाव के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के प्रेस कांफ्रेंस के बाद आपका 'माताओं-बहनों के वीडियो' वाला तारीखी तर्क भी याद है, जहां आपने देश के नागरिकों और उनके अधिकारों का लैंगिक वर्गीकरण कर दिया था। आजाद भारत के संविधान ने अपने निर्माण के साथ ही महिला और पुरुष दोनों को नागरिक मानते हुए एक जैसे मताधिकार दिए, लेकिन जब मताधिकार की हकमारी पर सवाल हुए तो आपने संवैधानिक अधिकारी नहीं बल्कि किसी सामंती घर-परिवार के पुरुष मुखिया वाला तर्क प्रस्तुत कर दिया।

चुनाव को लोकतंत्र का आधार माना जाता है। वहीं निष्पक्ष मतदाता सूची को चुनाव का आधार माना जाता है। मतदाता सूची देश के उन्हीं नागरिकों से बनती है जिसका एक बड़ा तबका बुनियादी सुविधाओं के लिए भी जूझ रहा है। उसे हर रोज अपनी अशिक्षा और व्यवस्था के भ्रष्टाचार से जूझना पड़ता है। बिहार में देखा गया था कि मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण की अवधि में दस्तावेज बनवाने की प्रक्रिया के दौरान ही भ्रष्टाचार के कई गुणा बढ़ जाने के आरोप लगे। अपना नाम मतदाता सूची में देखने के लिए प्रवासी कामगारों को कई दिन की छुट्टी लेकर अपने गृह-प्रदेश में मौजूद रहना पड़ा था। स्त्रियां अपने दस्तावेज के लिए मायके की खाक छान रही थीं।

इन मतदाताओं में एक बड़ा तबका ऐसा भी है जो सरकार के दिए मुफ्त राशन पर निर्भर है। हमारी सरकार इनकी संख्या अस्सी करोड़ बताती है। चुनाव आयोग खुद ही अंदाजा लगाए कि यह भारत के कुल मतदाताओं का कितना फीसद होगा? जिस तबके की पहुंच जीवन निर्वाहक बुनियादी चीजों तक नहीं है, उनसे आप उम्मीद कर रहे हैं कि उनकी इंटरनेट तक पहुंच हो, उनकी तरफ से सब दुरुस्त हो। वो आपके एक फरमान पर, आपकी दी हुई तारीख तक सब दुरुस्त करवा लें और आप अपने कार्यालय से निकले कागज तक की निगरानी नहीं रख पाएं कि उस पर मुहर किसकी है। आप चुनाव की तारीखों के एलान के बाद भी अपने कागज और मतदाताओं को 'विचाराधीन' रख दें।

मतदाता और मतदाता सूची चुनाव की रीढ़ हैं। देश के संविधान को यहां के नागरिकों का शुक्रगुजार होना चाहिए की उसने खुद पर कई मुसीबतें झेल कर गणतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी को बचाए रखा है। अपनी मजदूरी कटवा कर, घंटों कतार में खड़े रह कर, भीड़ भरी ट्रेन में सफर करके वह देश की संवैधानिक, गणतांत्रिक व्यवस्था से जुड़े रहना चाहता है। इस देश का लोकतंत्र उन नागरिकों के भरोसे बचा है, जो आपके पक्षपात के इतने आरोपों, इतनी गलतियों को नजरअंदाज कर मतदान करने निकलेगा। चुनाव आयोग से अनुरोध है, कृपया इस रीढ़ की हड्डी को तोड़ने का काम नहीं कीजिए। गलतियां थोड़ी कम कीजिए। आपकी गलतियां लोकतंत्र की रीढ़ पर भारी पड़ती हैं।

सांसद नाम के

हडप्पा संस्कृतीतील लोक कोण होते? त्यांचे आजच्या मानवाशी जनुकीय नाते आहे का? ही संस्कृती लयाला गेल्यावर ते लोक कुठे गेले? अशा प्रश्नांची उत्तरे जनुकीय संशोधनामुळे (डीएनए) मिळू लागली आहेत. ६५ हजार वर्षांपूर्वी आफ्रिकेतून आलेल्या आपल्या पूर्वजांचा अंश भारतातल्या कोणत्या भागांत किती आढळतो? अशा सगळ्याच प्रश्नांवर आता संशोधन झाले असून हे सर्व 'अर्ली इंडियन्स' या पुस्तकातून वाचायला मिळते. भारतीयच नव्हे, तर जगात आज अस्तित्वात असलेली मानवजात ही आफ्रिकेतून बाहेर पडलेल्या होमो सेपियन्सची वंशज आहे, हे आता जनुकीय संशोधनातून सिद्ध झाले आहे. उत्क्रांतीचा सिद्धांत मांडणाऱ्या चार्ल्स डार्विनने संपूर्ण मानवजातीचे मूळ आफ्रिकेत आहे, असे १८७१ मध्येच सांगितले होते. पण त्या त्या देशातले लोक त्या त्या ठिकाणच्या आदिमानवांचे वंशज असू शकतात, असा सिद्धांत काही वर्षांपूर्वीपर्यंत जगात प्रचलित होता. आपण इथेच जन्मलेल्या पूर्वजांचे वंशज आहोत आणि आपले पूर्वज बाहेरून आलेले नाहीत, असाही एक मतप्रवाह आपल्याकडे पूर्वी होता. पण हा सिद्धांत तितकासा बरोबर नसल्याचे शास्त्रज्ञांनी संशोधनाने आणि पुराव्यानिशी दाखवून दिले आहे.

दक्षिण आशियाच्या इतिहासातील जुने प्रश्न निर्णायकपणे सोडवतानाच आपल्यापैकी सर्वजण स्थलांतरित आहोत आणि अखेरीस एकमेकांचे वंशशास्त्रीयदृष्ट्या नातेवाईक आहोत, सगळीकडचा मानव हा एकच आहे हे जोसेफ दाखवून देतात. पण काही धूर्त लोक मात्र त्याचे राजकारण करतात, तर काही अर्थकारण!

बुक-नेट

यान मार्टेलची लेखनसाधना...

'**लाइफ ऑफ** पाय' या कादंबरीवर आधारित चित्रपट आणि त्यानंतर कादंबरीची भारतातील मागणी अद्यापही थांबलेली नाही. सुरुवातीच्या तीन पुस्तकांना थंड प्रतिसाद मिळाल्यानंतर आयुष्यात काहीच नीट होत नसलेला हा कॅनडातील लेखक नव्वदीच्या दशकात भारतात भटकंतीसाठी आला. माथेरानमधील अल्प-निवासात 'लाइफ ऑफ पाय'चे कथानक त्याला सुचले आणि पुढे त्या पुस्तकाने यान मार्टेलचे नाव जगप्रसिद्ध केले. पण आधीच्या पुस्तकांप्रमाणेच नंतरच्या पुस्तकांनाही 'लाइफ ऑफ पाय'इतकी ओळख मिळाली नाही. आता या आठवड्यात (३१ मार्च) त्याचे आठवे पुस्तक - 'सन ऑफ नोबडी' येत आहे. इतिहास-वर्तमान यांच्या सांध्यावर चालणाऱ्या त्याच्या कथानकाबाबत बरेच कुतूहल आहे. नव्या पुस्तकाच्या निमित्ताने 'लिटररी हब'ने त्याला गोष्ट सांगण्याच्या लकबीबद्दल, घाट-शैलीबद्दल लिहिण्यास प्रवृत्त केले आहे. या आठवड्यात दाखल होणाऱ्या ताज्या पुस्तकात काय आहे, हेदेखील यानिमित्ताने या दुव्यावर वाचता येईल.

https://tinyurl.com/5 audxytx

भुत्तोंचा श्वान...

फातिमा भुत्तो यांचे साडेचारशे पानी आत्मवृत्त २०१० साली खळबळ माजवत पार पाकिस्तानी सीमा भेदून भारतातही लोकप्रिय झाले. भुत्तो कुटुंबातील कलह, वडिलांची पोलीस चकमकीत करण्यात आलेली हत्या या तपशिलांसह त्यांतील बेनझीर भुत्तो, आसिफ अली झरदारी यांच्याबाबतचे खळबळजनक आरोप पुस्तकात ठासून भरलेले असल्यामुळे खुपविक्या लेखिकांच्या पंगतीत फातिमा भुत्तो समाविष्ट झाल्या. पुढे कादंबऱ्या लिहिल्या, भारतीय चित्रपटांपासून ते कोरियन पॉप बॅण्डवर अकथनात्मक लेखनाचे पुस्तक आले. मधल्या काळात ब्रिटिश वृत्तपत्रांत त्यांचे लेखन झळकले. सध्या त्यांचे नवे आत्मकथन 'द अवर ऑफ द वूल्फ' बाजारात दाखल झाले आहे. त्याचा बहुतांश भाग हा 'कोको' नावाच्या कुत्र्याने व्यापलेला आहे. भेट देण्यासाठी आणलेला हा कुत्रा त्यांनी स्वतःसाठीच ठेवून घेतला. वाईट प्रसंगात या कुत्र्याने दिलेला आधार पुस्तकात शब्दबद्ध केला आहे. या तपशिलांनी दुथडी भरलेले दोन लेख येथे वाचता येतील.

https://tinyurl.com/2v5fzmk9

https://tinyurl.com/4kj7v4hf

दखल

स्त्री पात्र साकारणाऱ्यांच्या कथा-व्यथा

लोककलांमध्ये पुरुषांनी स्त्री पात्र साकारण्याची परंपरा भारताच्या विविध राज्यांत, प्रदीर्घ काळ जोपासली गेली. मात्र व्यावसायिकरीत्या स्त्री पात्र वठवणाऱ्यांच्या आयुष्यातील आव्हानं काही कोणत्याच काळात कमी झाली नाहीत. पश्चिम बंगालमध्ये चपल राणी म्हणून प्रसिद्ध असलेले लोककलाकार चपल भादुरी यांचा प्रवास हा या सर्व आव्हानांचा आणि चढउतारांचा आलेख म्हणावा असाच. 'चपल रानी, द लास्ट क्वीन ऑफ बंगाल : द लाइफ अँड टाइम्स ऑफ अ फीमेल इंपर्सनेटर' हे संदीप रॉय यांनी लिहिलेलं भादुरी यांचं चरित्र नुकतंच प्रसिद्ध झालं. पुस्तक चपल राणीची कथा आणि व्यथा मांडतानाच बंगालमधील लोकनाट्यांचा प्रवासही कथन करतं. चपल भादुरी आणि प्रसिद्ध अभिनेत्री असलेली त्यांची आई यांच्यातील बंधाचा वेध पुस्तकात घेण्यात आला आहे. सुरुवातीच्या काळातील संघर्ष ते एकप्रभावशाली व्यक्तिमत्त्व असा प्रवास, लोकनाट्यांत स्त्री कलाकार अभिनय करू लागण्याचा काळ, त्यातून स्त्री पात्र साकारणाऱ्या पुरुष कलाकारांची पीछेहाट, चपल यांच्या आयुष्यावरील माहितीपट, त्यांची कॅनडा भेट आणि वृद्धाश्रमात संपलेला त्यांचा जीवनप्रवास पुस्तकात मांडण्यात आला आहे.

अमर उजाला

प्रवाह

7 साल बेमिसाल

निर्भीक पत्रकारिता का आठवां दशक

स्थापना : 18 अप्रैल 1948 • आगरा

नई दिल्ली ■ शनिवार, 28 मार्च 2026

फिल्म बनाने का कोई पक्का नियम नहीं होता, पर सबसे बड़ी खूबी होती है दर्शकों का मनोरंजन करना। -फ्रैंक काप्रा

नेपाल और भारत

ऐसे समय में, जब दक्षिण एशिया राजनीतिक अस्थिरताओं, आर्थिक चुनौतियों और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धाओं से जूझ रहा है, तब बालेंद्र शाह का देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेना नेपाल की राजनीति में एक ऐतिहासिक मोड़ और पड़ोसी मुल्क की बदलती राजनीतिक चेतना का प्रतीक तो है ही, यह भारत के लिए भी विशेष महत्व रखता है। गौरतलब है कि नेपाल के मतदाताओं ने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) को भारी बहुमत देकर बालेंद्र शाह और उनकी सरकार को नेपाल के पूर्ण परिवर्तन के लिए सशक्त जनादेश दिया है। युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार, दूसरे देशों में काम की तलाश में भटक रहे लोगों के पलायन को रोकना, तीव्र समावेशी आर्थिक विकास को प्रोत्साहन, भाई-भतीजावाद व भ्रष्टाचार का अंत और सुशासन की स्थापना ही वे चुनौतियां हैं, जिनका सामना नई सरकार को करना होगा। कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने चुनाव से पहले कहा था कि नेपाल के युवा हताशा में सड़कों पर उतरे थे और अगर फिर वही स्थितियां पैदा होती हैं, तो इससे निराशाजनक कुछ नहीं होगा। जहां तक भारत के साथ संबंधों की बात है, तो 1950 की शांति व मैत्री संधि नेपाल व भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों की नींव बनी हुई है, फिर भी दोनों देशों के बीच सहयोग का दायरा औपचारिक राजनयिक ढांचों से कहीं अधिक व्यापक है। हाल के वर्षों में भी नेपाल के साथ भारत के संबंध विकास, बुनियादी संरचना, डिजिटल कनेक्टिविटी और ऊर्जा पर केंद्रित रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नेपाल के चुनाव में भारत कोई मुद्दा नहीं रहा और भारत ने भी बगैर किसी शोर-शराबे के हमेशा अपने इस पड़ोसी का समर्थन ही किया है। ऐसे में, उम्मीद की जानी चाहिए कि नेपाल के नए निजाम दोनों देशों के बीच की मौजूदा सद्भावना का फायदा उठाते रहना चाहेंगे। चीन की दशकों पुरानी कम्युनिस्ट पार्टियों को एकजुट करने की रणनीति हालिया चुनाव में हार के बाद कमजोर पड़ती दिख रही है, इसके बावजूद नेपाल की नई सरकार भारत से अच्छे रिश्ते बनाए रखते हुए चीन के साथ आर्थिक संबंध स्थापित करना चाहेगी। दूसरी

ओर, ट्रंप द्वारा सहायता कार्यक्रमों पर अंकुश लगाने व पश्चिम एशियाई संकट से नेपाल की आर्थिक मुश्किलात बढ़ सकती हैं। इन परिस्थितियों में बालेंद्र शाह का उदय एक पीढ़ीगत बदलाव का संकेत है और अगर यह बदलाव सही दिशा में आगे बढ़ता है, तो न केवल नेपाल के भविष्य को नई दिशा देगा, बल्कि भारत व नेपाल के संबंधों में भी नई इबारत लिखेगा।

पड़ोस

चुनौतियां हैं तो उम्मीदें भी हैं

पहले मधेशी नेपाली प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह का उदय भारत के लिए एक संभावित नए सिरे की शुरुआत का संकेत है। चुनौतियां बेशक बहुत हैं, लेकिन उम्मीद भी उतनी ही प्रबल है।

■ के एस तोमर

यह किसी सिंड्रेला की कहानी जैसा लगता है। बालेंद्र शाह (जिन्हें 'बालेन' के नाम से जाना जाता है) का नेपाल में नाटकीय और लगभग अविश्वसनीय उदय हुआ। नेपाल ऐसी धरती है, जहां मधेशी समुदायों के लिए 'समान अधिकार' आज भी दूर की कौड़ी है, जिनके खून, भाषा और आस्था के तार बिहार और उत्तर प्रदेश के मैदानी इलाकों से जुड़े हुए हैं।

बालेंद्र शाह ने 'रामनवमी' के शुभ हिंदू पर्व पर प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। काठमांडो की सड़कों से सिंह दरबार तक का बालेन का सफर किसी किंवदंती से कम नहीं है। पूर्व रैपर, इंजीनियर और काठमांडो के प्रभावशाली मेयर रहे बालेंद्र शाह देश के प्रधानमंत्री बनने वाले पहले मधेशी हैं। लोगों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाने के लिए, बालेंद्र का मंत्रिमंडल शासन-प्रशासन से जुड़े और सार्वजनिक सेवाओं के वितरण को आसान बनाने वाले 100 निर्णय लेने के लिए तैयार है, जिनमें मुख्य जोर डिजिटलीकरण पर होगा। लेकिन उनका काम शपथ के साथ समाप्त नहीं होता।

बालेंद्र शाह को एक ऐसे राष्ट्र की बागडोर मिली है, जहां उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना है, जो उनकी कड़ी परीक्षा लेंगी। नेपाल आर्थिक संकटों के दौर से गुजर रहा है, जहां की अनुमानित विकास दर पांच फीसदी से कम है, युवाओं में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी है, और पर्यटन क्षेत्र अब भी महामारी के बाद के जख्मों और जलवायु संबंधी आपदाओं से उबरने की कोशिश कर रहा है। देश में व्याप्त भ्रष्टाचार ने ही जेन-जी विद्रोह को हवा दी थी, आज भी भूतों की तरह मंडरा रहा है। इसके अलावा, प्रांतीय स्वायत्तता और संसाधनों के बंटवारे को लेकर मधेश की पुरानी शिकायतों के तत्काल समाधान की आवश्यकता है। रोजगार तथा बदलाव के बड़े-बड़े वादों को पूरा करने के लिए बेहद सटीक और बारीक रणनीति की आवश्यकता होगी। अगर वह इसमें विफल रहते हैं, तो उन्हीं युवाओं को निराश करेंगे, जिन्होंने उन्हें आगे बढ़ाया था। इससे उम्मीदें निराशा में बदल जाएंगी।

भारत के लिए इस बदलाव के गहरे निहितार्थ हैं, विशेष रूप से ओली के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट सरकारों के कठिन दौर के बाद, जिसने भारत के साथ पारंपरिक रोटी-बेटी के रिश्तों में कड़वाहट ला दी थी। अब, बालेन शाह का उदय एक संभावित नए सिरे की शुरुआत का संकेत देता है। जीत के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बधाई पर उनकी प्रतिक्रिया सौहार्द्रपूर्ण थी। उन्होंने कनेक्टिविटी, ऊर्जा, व्यापार और सांस्कृतिक पर्यटन के जरिये संबंधों को 'मजबूत, गहरा और अधिक परिणामोन्मुख' बनाने का संकल्प लिया। भारत ने लगातार मधेशियों के सांविधानिक अधिकारों का समर्थन किया है।

नई दिल्ली के लिए, पहाड़ी क्षेत्रों के प्रभाव व कम्युनिस्ट सोच की ओर झुकी नेतृत्व शैली से यह बदलाव एक अच्छा मौका है। इससे भरोसा फिर से बनाया जा सकता है, लोगों के रिश्ते मजबूत किए जा सकते हैं और चीन के बचे हुए प्रभाव का सामना किया जा सकता है। संभवतः, यह सब ज्यादा असरदार परियोजनाओं और ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग के माध्यम से किया जा सकता है। सीता की पवित्र धरती पर जन्मे एक मधेशी का नेतृत्व, पहाड़ी-केंद्रित परंपराओं और कम्युनिस्ट-युग के झुकावों से हटकर एक व्यावहारिक संतुलन की ओर देश को ले जा सकता है। नेपाल और भारत के लोगों को इस गर्मजोशी और साझा समृद्धि से अपार लाभ मिलने की उम्मीद है; चुनौतियां बेशक बहुत हैं, लेकिन उम्मीद भी उतनी ही प्रबल है।

- लेखक, वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक हैं, जो 1992 से 1998 तक नेपाल में रहे हैं।

'धुरंधर' को आने में देर हुई

धुरंधर **फिल्म को लेकर जो विरोध का हल्ला है, वह हमें फिल्म के शिल्प पर कुछ नहीं बताता। लेकिन वह हमें उन लोगों के बारे में बहुत कुछ बताता है, जो लंबे समय से, इस मामले में एकमात्र लाउडस्पीकर अपने ही हाथों में रखने में सहज महसूस करते रहे हैं।**

कोई भी राष्ट्र, जो खुद को अपनी ही वीरता की कहानियां सुनाने से कतराता है, वह इससे ज्यादा ईमानदार नहीं बन जाता, बल्कि वह और भी ज्यादा कमजोर हो जाता है- दूसरों के गढ़े हुए मिथकों, लगातार खुद पर संदेह करने की जड़ता, और इस खोखले विश्वास के सामने कि अपनी नियति खुद तय करने की शक्ति तो बस दूसरे देशों के पास ही होती है। राष्ट्र हमेशा से ऐसा ही करते आए हैं। लेकिन, भारत ने अपनी आजादी के ज्यादातर समय में, अपनी खुद की कहानियां गढ़ने से परहेज किया है।

जब वह हॉलीवुड के 'अमेरिकी श्रेष्ठता' वाले नजरिये को नहीं अपना रहा होता था, तब वह ऐसी फिल्में बना रहा होता था, जो पश्चिमी दुनिया की वाहवाही पाने के लिए धारावी की गरीबी को दिखाती थीं-यही वह संदर्भ है, जिसमें *धुरंधर* आती है। आदित्य धर की दो-भाग वाली जासूसी थ्रिलर, जिसमें एक काल्पनिक रॉ एजेंट भारत-पाकिस्तान संघर्ष के एक दशक के दौरान कराची के अंडरवर्ल्ड में घुसपैठ करता है, ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। आलोचकों के वर्ग ने इसे 'अंधराष्ट्रवादी, सिनेमा की आड़ में प्रोपेगेंडा, और सच को कल्पना के साथ बेझिझक मिलाने' के कथित अक्षम्य पाप का दोषी करार दिया है।

> सिनेमा पत्रकारिता नहीं है; न ही यह कोई शपथ पत्र पर दी गई गवाही है।
>
> **राघवन एस राव**
> स्वराज मैगजीन

मेरा मानना है कि इन आरोपों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और इन्हें इनके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जाना चाहिए; जिसका निष्कर्ष यह है कि या तो राष्ट्रीय सिनेमा की पूरी परंपरा ही उसी अपराध की दोषी ठहरती है, या फिर भारतीय सिनेमा के संदर्भ में 'प्रचार' (प्रोपेगेंडा) शब्द का अर्थ किसी और के संदर्भ में इसके अर्थ से बिल्कुल ही अलग है।

धुरंधर एक मसाला एंटरटेनर फिल्म है। यह अपने हर स्लो-मोशन एंट्री, हर सीना ठोकने वाले डायलॉग और तोप के गोलों की बौछार की तरह आने वाले हर बैकग्राउंड स्कोर के साथ खुद को इसी रूप में पेश करती है। एकतरफा खलनायक और लंबाई से जुड़ी आलोचनाएं जायज हैं, लेकिन जिस आलोचना ने चर्चा पर अपना दबदबा बनाया है, वह शिल्प के बारे में नहीं है। आरोप लगाने वालों का इसके क्राफ्ट को लेकर दावा नहीं है कि फिल्म की गति धीमी है या इसकी पटकथा किसी और से ली गई है, बल्कि यह है कि फिल्म की भावनात्मक दिशा ही गलत है। इस नजरिये से देखें तो,

एक सिंगल-स्क्रीन थिएटर में तीन हजार लोगों का सीटियां बजाकर जोश दिखाना, उन दर्शकों का अनुभव नहीं है, जिन्हें अपनी भावनाओं को बाहर निकालने का मौका मिल रहा हो। वे हेर-फेर के शिकार हुए हैं। तो फिर, आलोचकों को यह तय करने का अधिकार किसने दिया कि आम जनता को किन भावनाओं को महसूस करने की अनुमति है?

जोसेफ नाई ने 1990 में 'सॉफ्ट पावर' शब्द गढ़ा था, जिसका इस्तेमाल उन्होंने जबर्दस्ती के बजाय आकर्षण के जरिये दूसरों की पसंद को प्रभावित करने की क्षमता को बताने के लिए किया था। उन्होंने संस्कृति, और सबसे बढ़कर सिनेमा को इसका सबसे असरदार जरिया माना। वह फाइटर पायलट, जो कभी नहीं हारता। वह खुफिया एजेंट, जो हमेशा अपने लक्ष्य को पा लेता है। अफसरशाही के खिलाफ खड़ा अकेला नायक। ये असलियत की झलकियां नहीं हैं। ये मिथक हैं-और मिथक, जैसा कि यूनानियों के समय से हर सभ्यता ने समझा है, वे कहानियां हैं, जो लोग खुद को बताते हैं कि वे कौन हैं और वे क्या बनना चाहते हैं।

चीन ने 2017 में *वुल्फ वॉरियर 2* बनाई, तो इस्राइल ने हमें *फौदा* दिया और ब्रिटेन ने *जेम्स बॉन्ड*। इनमें से किसी भी देश ने मनोरंजन को राष्ट्रीय गौरव के साधन के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए माफी नहीं मांगी। 1.4 अरब लोगों की एक सभ्यता, जो परमाणु हथियारों से लैस है, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, और जिसने अपनी धरती पर बार-बार आतंकवादी हमलों का सामना किया है, अब ऐसी लोकप्रिय फिल्में बना रही है, जो यह संदेश देती हैं कि हम इस कहानी में हमेशा पीड़ित बनकर नहीं रहेंगे।

हैरानी की बात यह नहीं है कि *धुरंधर* जैसी फिल्में मौजूद हैं। हैरानी की बात तो यह है कि इसमें इतना ज्यादा समय लग गया। *धुरंधर* पर आरोप लगाया जाता है कि वे सच और कल्पना को बेझिझक मिलाते हैं, लेकिन यह तो दुनिया भर के ऐतिहासिक सिनेमा की एक बुनियादी कार्यप्रणाली रही है। फिल्म *ब्रेवहार्ट* ने पांच ऑस्कर जीते थे, जबकि उसमें 'किल्ट्स' (स्कॉटिश स्कर्ट) को असल समय से दो सौ साल पहले और चेहरे पर 'वोड' (नीला रंग) लगाने की प्रथा को असल समय से एक हजार साल बाद का दिखाया गया था। *ग्लैडिएटर* का नायक पूरी तरह से काल्पनिक है। *आर्गो* ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता, जबकि इसके हवाईअड्डे पर हुए क्लाइमेक्स को मनगढ़ंत बनाया गया था। *अमेरिकन स्नाइपर* इतिहास की सबसे अधिक कमाई करने वाली युद्ध फिल्म बन गई, जबकि इसमें एक ऐसे नायक का महिमामंडन किया गया था, जिसके बारे में जूरी ने पाया कि उसने अपने संस्मरण में कई महत्वपूर्ण दावे मनगढ़ंत किए थे। सिनेमा पत्रकारिता नहीं है; न ही यह कोई शपथ पत्र पर दी गई गवाही है। जब *धुरंधर* अपने काल्पनिक रॉ एजेंट को आईसी-814 अपहरण, संसद हमले और 26/11 जैसी घटनाओं से गुजारती है, तो वह वही कर रही होती है, जो ऐतिहासिक ड्रामा हमेशा से करता आया है। वह यह काम कितनी कुशलता या कितने अनाड़ीपन से करती है, यह तो उसकी कलाकारी का सवाल है। लेकिन, वह ऐसा करती है, यह कोई शर्मनाक बात नहीं है।

जब कोई तमाशा उदारवादी अंतरराष्ट्रीय सोच को भाता है, तो उसे 'कला' कहा जाता है। और जब वह राष्ट्रवादी सोच को भाता है, तो उसे 'प्रचार' कहा जाता है। भारत ने दशकों तक हॉलीवुड की उन 'पेंटागन-समर्थित' काल्पनिक कहानियों को देखते हुए बिताए हैं, जिनमें अमेरिकी एजेंट दुनिया के संघर्ष-ग्रस्त इलाकों में बेखौफ होकर घूमते हैं और 'न्याय' करते हैं। भारत ने इन फिल्मों को बिना किसी आलोचना के, केवल मनोरंजन के तौर पर स्वीकार किया है। लेकिन जिस पल भारत अपना खुद का ऐसा ही कोई संस्करण बनाता है, तो अचानक ही, मानो किसी जादू-टोने से, 'प्रचार' शब्द सामने आ जाता है।

धुरंधर फिल्म को लेकर जो विरोध का हल्ला है, वह हमें फिल्म के बारे में कुछ नहीं बताता। लेकिन वह हमें उन लोगों के बारे में बहुत कुछ बताता है, जो बहुत लंबे समय से, इस मामले में एकमात्र लाउडस्पीकर अपने ही हाथों में रखने में सहज महसूस करते रहे हैं। edit@amarujala.com

एआई के साथ हम खुद को पंख लगा रहे हैं, ताकि संभावनाओं के अंतहीन आसमान में ऊंची उड़ान भर सकें।

-थॉमस फ्रे

'क्यों' और 'कैसे' की जादुई दुनिया

जब युवाओं के मन में 'क्यों' और 'कैसे' की आग जलती है, तभी वे किताबों से आगे बढ़कर दुनिया को समझने, बदलने और नया रचने की ताकत पाते हैं। जरूरी है कि युवा केवल विज्ञान को पढ़ें नहीं, बल्कि उसे महसूस करें, प्रश्न करें, खोजें और उससे जुड़ें।

जब मैं हाई स्कूल के छात्रों से बात करता हूं, तो एक चिंताजनक तस्वीर सामने आती है। वे 'तथ्यों' को रट तो लेते हैं, पर उन तथ्यों के पीछे छिपी जिज्ञासा और खोज का आनंद उनसे कहीं दूर हो चुका होता है। उनके भीतर का विस्मय धीरे-धीरे समाप्त हो गया है, जबकि संदेह करने और प्रश्न उठाने की क्षमता विकसित ही नहीं हो पाई। वे सवाल पूछने से घबराते हैं, अधूरे या संतोषजनक न होने वाले उत्तरों को भी स्वीकार करने को तैयार रहते हैं, और कोई सवाल भी नहीं करते हैं।

कार्ल सेगन

कक्षा में एक अजीब-सा माहौल होता है, जहां छात्र एक-दूसरे को तिरछी नजरों से देखते रहते हैं, ताकि वे पल-पल यह भांप सकें कि उनके साथी उन्हें कितना स्वीकार कर रहे हैं। वे अपने सवाल पहले से कागज पर लिखकर लाते हैं और चुपचाप उन्हें देखते रहते हैं। इससे वे कक्षा में चल रही असली चर्चा से लगभग अलग हो जाते हैं। यही वह बिंदु है, जहां विज्ञान की वास्तविक आत्मा खो जाती है।

जीवन धारा

विज्ञान तो जिज्ञासा, खोज व निरंतर प्रश्न करने की प्रक्रिया है। जब युवाओं के मन में 'क्यों' और 'कैसे' की आग जलती है, तभी वे किताबों से आगे बढ़कर दुनिया को समझने, बदलने और नया रचने की ताकत पाते हैं। जिज्ञासा ही वह शक्ति है, जो पढ़ाई को ज्ञान में और ज्ञान को नवाचार में बदल देती है। जब हम प्रकाश-वर्षों की विशालता और समय की अनंत यात्रा में अपनी जगह समझते हैं, और जीवन की जटिल सुंदरता को महसूस करते हैं, तब जो अनुभूति जन्म लेती है, वह उत्साह और विनम्रता का संगम होती है। ऐसी ही भावनाएं हमें महान कला, संगीत या साहित्य के सान्निध्य में भी अनुभव होती हैं, या फिर गांधी या मार्टिन लूथर किंग जूनियर जैसे लोगों के निःस्वार्थ साहस के अनुकरणीय कार्यों को देखकर हमारे मन में उठने वाली भावनाएं भी ठीक वैसी ही होती हैं। यह धारणा कि विज्ञान और आध्यात्मिकता एक-दूसरे के विरोधी हैं, वास्तव में एक भ्रम है।

जरूरी है कि युवा केवल विज्ञान को पढ़ें नहीं, बल्कि उसे महसूस करें, प्रश्न करें, खोजें और उससे जुड़ें। तभी वे एक अच्छे विद्यार्थी बनने के साथ-साथ संवेदनशील, जिज्ञासु और जागरूक इन्सान भी बन पाएंगे।

कहीं आप एआई का लिखा तो नहीं पढ़ रहे

एआई से लिखी गई सामग्री खुद से प्रकाशित ई-बुक्स के अलावा अब पारंपरिक रूप से प्रकाशित उपन्यासों में भी दिख रही है।

एलेक्जेंड्रा ऑल्टर

द न्यूयॉर्क टाइम्स

महीनों से, ऑनलाइन यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि एक चर्चित हॉरर उपन्यास, *शाय गर्ल* एआई की मदद से लिखा गया था। यह उपन्यास एक ऐसी बेबस युवती के बारे में है, जिसे ऑनलाइन मिले एक व्यक्ति ने बंधक बना लिया और उसे पालतू जानवर की तरह रहने पर मजबूर किया। इस उपन्यास को डरावनी कहानियों के शौकीनों के बीच जल्द ही लोकप्रियता मिल गई।

इस साल की शुरुआत में, पैनग्राम (एक एआई डिटेक्शन प्रोग्राम) के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी मैक्स स्पेरो ने *शाय गर्ल* के बारे में किए जा रहे दावों के बारे में सुना, तो पूरे पाठ को जांचने का फैसला किया। पता चला कि यह उपन्यास 78 प्रतिशत एआई द्वारा तैयार किया गया था। *द टाइम्स* ने इसके कुछ अंशों का विश्लेषण करने के लिए कई एआई डिटेक्शन टूल्स का इस्तेमाल किया और पाया कि उनमें एआई द्वारा लिखे गए टेक्स्ट की कुछ खास विशेषताएं बार-बार देखने को मिलीं-जैसे तर्क में कमियां और नाटकीय विशेषणों का अत्यधिक इस्तेमाल। जब इस उपन्यास के पाठकों ने व्यापक रूप से इसके एआई द्वारा लिखे जाने की ऑनलाइन शिकायतें कीं, तब भी प्रकाशक चुप रहा। *शाय गर्ल* की लेखिका मिया बैलार्ड ने भी एआई के इस्तेमाल से इन्कार किया, पर उनका कहना था कि जिस व्यक्ति को उन्होंने उपन्यास के स्व-प्रकाशित संस्करण को संपादित करने का काम सौंपा था, उसने एआई का इस्तेमाल किया था। इन आरोपों के बारे में पूछे जाने पर प्रकाशक हैचेट की प्रवक्ता ने बताया कि एक लंबी और गहन समीक्षा के बाद इसका प्रकाशन रद्द करने का फैसला लिया गया।

लगता है कि *शाय गर्ल* किसी बड़े प्रकाशक का पहला ऐसा व्यावसायिक उपन्यास है, जिसे एआई के इस्तेमाल से लिखने के सबूत मिलने पर वापस ले लिया गया है। इसे रद्द करना इस बात का संकेत है कि एआई से लिखी गई सामग्री न सिर्फ उन सस्ती, खुद से प्रकाशित ई-बुक्स में दिख रही है, जिनसे अमेजन भरा पड़ा है, बल्कि यह पारंपरिक रूप से प्रकाशित उपन्यासों में भी अपनी जगह बना रहा है। यह चौंकाने वाली बात है कि *शाय गर्ल* संपादन प्रक्रिया में इतनी आगे तक पहुंच गई और एआई के उपयोग से जुड़े दावों की जांच होने से पहले ही ब्रिटेन में रिलीज भी कर दी गई। यह संकेत है कि किताबों की दुनिया में बहुत से लोग एआई के बढ़ते प्रभाव से निपटने के लिए कितने कम तैयार हैं। यह किताबों की दुनिया के लिए एक अनिश्चित नए दौर की शुरुआत का भी संकेत देता है, क्योंकि संपादक और पाठक, दोनों ही यह सोचकर असमंजस में हैं कि वे जो गद्य पढ़ रहे हैं, वह किसी इन्सान ने लिखा है या मशीन ने।

कुछ प्रकाशकों को चिंता है कि एआई के दखल को रोकने के लिए ज्यादा कुछ नहीं किया जा सकता, खासकर तब, जब यह तकनीक तेजी से और ज्यादा उन्नत होती जा रही है। ग्रोव अटलांटिक के प्रकाशक मॉर्गन एंट्रेकिन ने कहा, 'यह साहित्यिक चोरी जैसा ही है। आप लेखक की मर्जी पर निर्भर होते हैं। हमें अपने साझेदारों पर भरोसा रखना होगा।' कुछ लोगों का मानना है कि यह तकनीक तेजी से फैल रही है और स्व-प्रकाशित किताबों को उठाकर उन्हें पारंपरिक प्रकाशकों के जरिये दोबारा जारी करने का चलन भी बढ़ रहा है।

यह अंदाजा लगाना लगभग नामुमकिन है कि एआई द्वारा लिखी गई कितनी सामग्री प्रकाशित हो रही है, पर इसके सबूत हैं कि इस तकनीक की वजह से किताबों की संख्या में जबर्दस्त बढ़ोतरी हुई है। किताब उद्योग से जुड़े आंकड़े इकट्ठा करने वाली संस्था बॉकर के अनुसार, पिछले साल 35 लाख से ज्यादा किताबें स्व-प्रकाशित हुईं, जो 2024 के 25 लाख के आंकड़े से कहीं ज्यादा है। पारंपरिक प्रकाशकों ने पिछले साल 6,42,000 से ज्यादा किताबें प्रकाशित कीं। लेखकों द्वारा एआई के इस्तेमाल को विनियमित करने में एक दिक्कत यह है कि ज्यादातर कॉरपोरेट पब्लिशिंग हाउस इसे पूरी तरह से प्रतिबंधित नहीं करना चाहते। संपादक यह समझते हैं कि लेखक एआई का इस्तेमाल लिखने के अलावा भी कई अलग-अलग तरीकों से करते हैं। क्या कोई उपन्यासकार एआई से कहानी में मोड़ सुझाने, कोई दूसरा अंत बताने या किसी ड्राफ्ट को बेहतर बनाने के लिए कह सकता है, और फिर भी उसे अपना मौलिक काम बता सकता है? किस मोड़ पर आकर कोई काम 'इन्सानी' नहीं रह जाता?

आथर्स गिल्ड की मुख्य कार्यकारी मैरी रासेनबर्गर का कहना है कि यह एक असली समस्या है, और हमें कुछ सुरक्षा उपाय तो खोजने ही होंगे। लेखकों और पाठकों के बीच एआई की मदद से लेखन अब भी बेहद विवादास्पद बना हुआ है। कुछ लोगों को चिंता है कि एआई को लेकर अस्पष्टता और साहित्यिक जगत में इस एआई से जुड़े कलंक के कारण लेखकों द्वारा इसके बारे में खुलकर बात न करने की संभावना बढ़ जाती है।



डिस्क्रिप्ट एआई

डिस्क्रिप्ट एआई एक आधुनिक और बेहद स्मार्ट ऑडियो-वीडियो एडिटिंग प्लेटफॉर्म है, जो पारंपरिक एडिटिंग की जटिलताओं को खत्म करके पूरी प्रक्रिया को सरल और सहज बना देता है। यह उपयोगकर्ता की ऑडियो या वीडियो फाइल को अपने आप टेक्स्ट में बदल देता है। इसके बाद उन्हें भारी-भरकम टूल्स से जूझने की जरूरत नहीं होती। अगर वे टेक्स्ट का कोई हिस्सा हटाते, जोड़ते या इधर-उधर करते हैं, तो वही बदलाव सीधे फाइल में भी दिखने लगता है। इसी कारण, डिस्क्रिप्ट एआई कंटेंट क्रिएटर्स, पॉडकास्टर्स और वीडियो एडिटर्स के लिए बेहद प्रभावी टूल बन गया है, जो उनके समय की बचत करता है।

एजुकेशन & कॅरिअर

जीवन में जितनी भी मुश्किलें आएं, उनसे सीख लेकर हम अपनी जीत को उतना ही बेहतर बना सकते हैं।

अमर उजाला Job Alert

Real-time job alerts amarujala.com/jobs

केंद्रीय चयन बोर्ड, बिहार में निकली भर्ती

कॉन्स्टेबल के पदों पर मौके

993 पद

आवेदन की अंतिम तिथि : 31 मार्च, 2026
वेतनमान : रुपये 21,700 से लेकर रुपये 69,100 प्रतिमाह
यहां आवेदन करें : csbc.bihar.gov.in

बैंक ऑफ बड़ौदा में संभावनाएं ■ 104 पद

ग्रुप हेड, डिप्टी मैनेजर व अन्य पदों पर आवेदन आमंत्रित

आवेदन की अंतिम तिथि
16 अप्रैल, 2026
योग्यताएं
ग्रेजुएशन, पोस्ट-ग्रेजुएशन व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें
bankofbaroda.bank.in

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ■ 58 पद

शिक्षक संवर्ग के पदों पर करें अप्लाई

आवेदन की अंतिम तिथि
27 अप्रैल, 2026
आयु-सीमा
न्यूनतम आयु 21 वर्ष व अधिकतम आयु 40 वर्ष
यहां आवेदन करें
upsssc.gov.in

यूपीसीआईएसबी में रिक्तियां ■ 116 पद

प्रबंधक, कनिष्ठ प्रबंधक व अन्य पदों पर करें आवेदन
आवेदन की अंतिम तिथि : 15 अप्रैल, 2026
आयु-सीमा : न्यूनतम 21 वर्ष व अधिकतम 40 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें : upcisb.upsdc.gov.in

एनएचआईडीसीएल में नौकरी के मौके ■ 37 पद

यंग प्रोफेशनल के पदों पर निकली भर्ती

आवेदन की अंतिम तिथि
14 अप्रैल, 2026
पात्रताएं
मास्टर डिग्री, बीई, बीटेक व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें
nhidcl.com

ईसीआईएल में निकली भर्ती ■ 32 पद

प्रोजेक्ट इंजीनियर, टेक्निकल ऑफिसर व अन्य पद रिक्त

वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि
09 व 18 अप्रैल, 2026
योग्यताएं
बीई, बीटेक, डिप्लोमा व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें
ecil.co.in

योग्य उम्मीदवार करें आवेदन ...

- भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण : सीनियर एसोसिएट कंसल्टेंट का पद खाली।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 14 अप्रैल, 2026
- trai.gov.in
- नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर : लीड कंसल्टेंट का पद रिक्त।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 31 मार्च, 2026
- mohfw.gov.in

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

संदेह दूर करना जरूरी है

किसी योजना या काम को लेकर अगर आपके मन में कोई संशय हो, तो जरूरी है कि इसकी तह तक पहुंचा जाए

मेलोडी विल्डिंग
हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू

कार्यस्थल की बैठक में जब नई रणनीति पर सभी सहमत होते हैं, तब भी कभी-कभी आपको भीतर से इस पर संदेह होता है, भले ही आप उसे स्पष्ट शब्दों में न समझा पाएं। इसे अंतर्ज्ञान कहते हैं, यानी अनुभव से बनी वह तेज समझ, जो छोटे संकेतों के रूप में सामने आती है। लंबे समय से नेतृत्व कर रहे लोगों के लिए यह स्थिति सामान्य है। नेतृत्व में, जहां अधूरी जानकारी के बीच फैसले लेने होते हैं, वहां केवल डाटा पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होता। बेहतर निर्णय वही होते हैं, जिनमें विश्लेषण और अंतर्ज्ञान दोनों का संतुलन हो। इसलिए अपने अंतर्ज्ञान को सही तरीके से व्यक्त करना जरूरी है, ताकि संदेह दूर हो और सही निर्णय लिए ले सकें।

Harvard Business Review

■ टीम को ऐसे समझाएं

कभी-कभी हमारा दिमाग नए फैसलों को पुराने अनुभवों से जोड़कर तुरंत यह अंदाजा लगा लेता है कि क्या सही है और क्या गलत। ऐसे में, आप खुद से पूछ सकते हैं कि यह मुझे किस बात की याद दिला रहा है? हो सकता है कि टीम किसी जोखिम को नजरअंदाज कर रही हो। जब आप अपनी बात रखें, तो उसे सरल तरीके से कहें-जैसे, यह पहले जैसा लग रहा है या ऐसा हमने पहले भी देखा है। इससे आपकी बात स्पष्ट होती है।

■ सवाल पूछें

अगर आपको किसी विचार से असहमति है या कोई संदेह है, तो तुरंत कुछ कहने के बजाय थोड़ा समय लें। स्पष्टीकरण वाले सवाल पूछें और जानकारी जुटाएं, जैसे-अपनी राय देने से पहले कहें कि मुझे समय-सीमा के बारे में कुछ शक है। हमने छह महीने कैसे तय किए? या मैं यह समझना चाहता हूं कि इस योजना के पीछे क्या सोच थी? अक्सर उनका जवाब आपकी सोच को साफ कर देगा। इस तरह आप जिज्ञासु होकर सही निर्णय लेने में मदद कर सकते हैं।

■ बातों को उदाहरणों से बताएं

अक्सर लोग संख्याओं को सबसे ज्यादा महत्व देते हैं, क्योंकि वे सटीक और भरोसेमंद लगती हैं। लेकिन हर चीज को नंबर में नहीं मापा जा सकता। बातचीत और अवलोकन से मिली जानकारी भी उतनी ही जरूरी होती है

और इसी से अंतर्ज्ञान बनता है। जब आप अपनी बात कहानी या उदाहरण के साथ बताते हैं, तो लोग उसे बेहतर तरीके से समझते हैं। इसलिए सिर्फ यह कहने के बजाय कि मुझे लगता है, यह उत्पाद सफल होगा, आप उदाहरण दें कि जैसे-हमने कई लोगों से बात की और ज्यादातर ने इसी समस्या के बारे में बताया। इससे आपकी बात ज्यादा भरोसेमंद बनती है।

■ पहले परीक्षण करें

कभी-कभी बिना सबूत के अंतर्ज्ञान पर भरोसा करना जोखिम भरा होता है, इसलिए छोटे परीक्षण या प्रोजेक्ट से शुरुआत करें। इससे जोखिम कम होता है और लोग आसानी से सहमत होते हैं। आप कह सकते हैं कि मुझे लगता है कि यह मौका अच्छा है, क्यों न एक छोटे प्रोजेक्ट से शुरुआत करें? इससे आपका अनुभव और सोच दूसरों को साफ दिखाई देगी।

खुद को परखें

1. राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण की स्थापना किस अधिनियम के अंतर्गत की गई थी?
   (a) पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986
   (b) वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972
   (c) जैविक विविधता अधिनियम, 2002
   (d) वन संरक्षण अधिनियम, 1980
2. हाल ही में खबरों में छाई ग्रेट सॉल्ट लेक किस देश में स्थित है?
   (a) अमेरिका
   (b) यूनाइटेड किंगडम
   (c) फ्रांस
   (d) ऑस्ट्रेलिया
3. 'जिला निर्यात केंद्र पहल' किस मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जाती है?
   (a) वित्त मंत्रालय
   (b) वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
   (c) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय
   (d) विदेश मंत्रालय

उत्तर : 1.c, 2.a, 3.b

इंटर्नशिप अलर्ट

अनुसंधान के क्षेत्र में खास इंटर्नशिप

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), जम्मू की ओर से राइज-अप रिसर्च इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए छात्रों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह साइंस और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एक अंडर-ग्रेजुएट रिसर्च इंटर्नशिप प्रोग्राम है, जिसका उद्देश्य छात्रों के बीच स्नातक स्तर पर अनुसंधान को विकसित और प्रोत्साहित करना है। चयन प्रक्रिया के दौरान प्रोग्रामिंग और तकनीकी कौशल में मजबूत आधार रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस इंटर्नशिप की अवधि चार से आठ सप्ताह की है। चयनित इंटर्न को आईआईटी, जम्मू के संकाय सदस्यों के साथ कार्य करने और व्यावहारिक अनुसंधान अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा, जो उम्मीदवार पूरे आठ सप्ताह की अवधि सफलतापूर्वक पूरी करेंगे, वे छात्रवृत्ति के पात्र होंगे। आवेदक आधिकारिक लिंक iitjammu.ac.in/post/rise-up पर जाकर 10 अप्रैल, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।

फेलोशिप प्रोग्राम

अंतरराष्ट्रीय मंच पर रिसर्च करने का मौका

औद्योगिक फेलोशिप 2026, भारत-जर्मन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र (आईजीएसटीसी) की एक पहल है, जो भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) और जर्मनी के संघीय शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्रालय द्वारा पीएचडी छात्रों के लिए शुरू की गई है। इस फेलोशिप का उद्देश्य औद्योगिक परिवेश में प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से उद्योग-अकादमिक तथा उद्योग-उद्योग के बीच भारत-जर्मन सहयोग को प्रोत्साहित और सशक्त बनाना है। इस फेलोशिप के लिए आवेदक विज्ञान या इंजीनियरिंग में पीएचडी कर रहा होना चाहिए तथा वह अपने दूसरे वर्ष या उससे आगे के चरण में हो। आवेदक की आयु 35 वर्ष से कम होनी चाहिए और वह किसी मान्यता प्राप्त भारतीय अनुसंधान संस्थान से संबद्ध होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को अन्य लाभों के साथ प्रतिमाह 2,500 यूरो का अनुदान प्रदान किया जाएगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदक आधिकारिक लिंक tinyurl.com/4s37fhvb पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन आमंत्रित

आईआईटी, कानपुर का प्रोफेशनल कोर्स

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), कानपुर की ओर से जेनएआई और मशीन लर्निंग में प्रोफेशनल सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए छात्रों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ग्यारह माह की अवधि वाले इस कोर्स का पाठ्यक्रम इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुसार तैयार किया गया है, जिसमें पंद्रह से अधिक प्रोजेक्ट्स और सोलह से अधिक टूल्स शामिल हैं। कोर्स के दौरान छात्रों को इंडस्ट्री विशेषज्ञों तथा आईआईटी, कानपुर के प्रतिष्ठित फैकल्टी द्वारा लाइव इंटरैक्टिव सेशंस के माध्यम से सीखने का अवसर मिलेगा। साथ ही, उद्योग-प्रासंगिक प्रोजेक्ट्स के जरिये उन्हें व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त होगा। कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा करने पर छात्रों को प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। उम्मीदवार आधिकारिक लिंक tinyurl.com/ma5zvysj पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2026 निर्धारित की गई है।

सामान्य ज्ञान

आईवीएफआरटी योजना

■ क्या है

यह एक मिशन-मोड परियोजना है, जो वीजा से लेकर भारत आने-जाने तक की पूरी प्रक्रिया को आसान और सुरक्षित बनाती है। इसे 2010 में मंजूरी मिली थी और इसका नया चरण 2026 से 2031 तक चलेगा।

■ चर्चा में क्यों

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आव्रजन, वीजा, विदेशी पंजीकरण और ट्रैकिंग (आईवीएफआरटी) योजना को पांच वर्षों के लिए जारी रखने की मंजूरी दे दी है।

■ सुरक्षा के लिए खास

इसका मुख्य उद्देश्य वीजा, इमिग्रेशन और विदेशी पंजीकरण की प्रक्रियाओं को आधुनिक और आपस में जोड़ना है, ताकि सही यात्रियों को सुविधा मिले, सुरक्षा मजबूत हो और अवैध लोगों को रोका जा सके।

■ तेज जांच प्रक्रिया

यह योजना देशभर के इमिग्रेशन सिस्टम को जोड़कर वीजा और यात्रा प्रक्रिया को आसान बनाती है। वीजा जल्दी मिल जाता है, हवाई अड्डों पर जांच तेजी से होती है और नई तकनीकों से पूरा सिस्टम तेज व सुरक्षित हो गया है।

पहचान

शख्स : राकेश बेदी

■ **चर्चा :** फिल्म *धुरंधर 2* में अपने किरदार जमील जमाली के कारण सुर्खियां बटोर रहे हैं।
क्यों : उनकी संवाद अदायगी की शैली सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

चश्म-ए-बद्दूर

इंजीनियरिंग की राह छोड़कर अभिनय को चुना। चार्ली चैपलिन से प्रेरित और जॉनी वॉकर, संजीव कुमार व महमूद साहब को आदर्श मानते हैं। गजलें और नज्में लिखने का भी शौक है।

यह वाकया दिल्ली के श्रीराम सेंटर फॉर आर्ट एंड कल्चर का है। सभागार दर्शकों से खचाखच भरा था और चल रहा एक नाटक अपने पूरे शबाब पर था। अचानक बिजली गुल हो गई। दर्शक शोर मचाने लगे। तभी एक कलाकार अंधेरे में ही मंच पर आया और अपनी खनकदार आवाज में किस्सा सुनाने लगा। यह सिलसिला करीब पंद्रह से बीस मिनट तक चला होगा। जब बिजली आई, तो नजारा देखने लायक था। हॉल में बैठा कोई भी दर्शक अपनी सीट से हिला तक नहीं था। पूरा हॉल मंत्रमुग्ध होकर उसे सुन रहा था। जब नाटक दोबारा शुरू हुआ, तो तालियों की गड़गड़ाहट इतनी तेज थी कि शायद ही श्रीराम सेंटर की दीवारों ने वैसी गूंज पहले कभी सुनी हो। समय के साथ 'ये जो है जिंदगी', 'श्रीमान श्रीमती' और 'भाभी जी घर पर हैं', और 'यस बॉस' जैसे टीवी शोज के जरिये उस कलाकार ने घर-घर में अपनी जगह बनाई। समय का पहिया चलता रहा और फिर आया मार्च, 2026। आदित्य धर की *धुरंधर 2* फिल्म का एक डायलॉग 'बच्चा है तू मेरा' सोशल मीडिया पर इस कदर वायरल हुआ कि श्रीराम सेंटर फॉर आर्ट एंड कल्चर का वही कलाकार रातों-रात विज्ञापनों और मीम्स की दुनिया में छा गया। उस प्रतिभाशाली कलाकार का नाम है राकेश बेदी। वह ब्लॉकबस्टर फिल्म *धुरंधर 2* में अपने गंभीर किरदार जमील जमाली के कारण सुर्खियां बटोर रहे हैं।

ओम पुरी के सहपाठी

राकेश बेदी का जन्म एक दिसंबर, 1954 को नई दिल्ली में हुआ था। उनके पिता, मदन गोपाल बेदी, इंडियन एयरलाइंस में एयरोनॉटिकल इंजीनियर थे। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा दिल्ली के केंद्रीय विद्यालय (एंड्रयूज गंज) से पूरी की। स्कूल के दिनों में वह मोनो-एक्टिंग प्रतियोगिताओं में काफी सक्रिय रहते थे। उन्होंने दिल्ली के शहीद भगत सिंह कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की। अभिनय की बारीकियां उन्होंने पुणे स्थित फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) से सीखीं, जहां ओम पुरी जैसे दिग्गज कलाकार उनके सहपाठी थे। राकेश बेदी ने अपने कॅरिअर की शुरुआत थिएटर से की और दिल्ली के प्रसिद्ध थिएटर ग्रुप 'पियरोट्स ट्रूप' के साथ काम किया। आराधना बेदी उनकी जीवनसंगिनी हैं। दंपती की दो बेटियां-रिद्धिमा और रीतिका हैं।

एक नाटक, 24 किरदार

राकेश बेदी के पिता चाहते थे कि उनका बेटा माइनिंग इंजीनियर बने, पर राकेश की रुचि बचपन से ही अभिनय और कला में थी। पिता के दबाव के कारण उन्होंने आईआईटी, दिल्ली की प्रवेश परीक्षा भी दी, लेकिन तीन घंटे की परीक्षा में सिर्फ पांच मिनट परीक्षा हॉल में रहे, फिर निकल गए, क्योंकि उन्हें सिर्फ एक सवाल का उत्तर आता था। इसके बाद उन्होंने एफटीआईआई का रुख किया। एफटीआईआई के दीक्षांत समारोह के दौरान 'शोले' के निर्माता जीपी सिप्पी मुख्य अतिथि थे। वह बेदी का नाटक 'लव इन पेरिस, वॉर इन कच्छ' देखकर इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने वहीं कह दिया था कि वह अपनी अगली फिल्म में उन्हें कास्ट करेंगे। इस तरह उन्हें उनकी पहली फिल्म 'एहसास' (1979) मिली। विजय तेंदुलकर द्वारा लिखित नाटक 'मसाज' में राकेश बेदी ने अकेले ही 24 अलग-अलग किरदारों को निभाया है।

साहित्य, शायरी और चार्ली चैपलिन

अभिनय के अलावा राकेश बेदी को लिखने का भी बहुत शौक है। वह खाली समय में गजलें और नज्में लिखते हैं और अक्सर मुशायरों में अपनी रचनाएं सुनाते हुए देखे जाते हैं। वह चार्ली चैपलिन से प्रेरित हैं और जॉनी वॉकर, संजीव कुमार और महमूद साहब को अपना आदर्श मानते हैं। संवेदनशील कवि होने के साथ संगीत से भी उन्हें गहरा लगाव है। फिल्म *एहसास* (1979) का सारा जमाना छोड़ चले... और कितने रांझे तुझे देख के... तथा *चश्मे बद्दूर* (1981) का इस नदी को मेरा... उनका पसंदीदा गाना है। इसके अलावा, उन्हें साहित्य पढ़ना भी पसंद है।

सई परांजपे की वह शर्त

जब फिल्म 'चश्मे बद्दूर' बन रही थी, तब निर्देशिका सई परांजपे को एक ऐसे अभिनेता की तलाश थी, जो फारुख शेख और रवि वासवानी के साथ फिट बैठ सके। जब राकेश उनके सामने पहुंचे, तो सई ने एक अजीब शर्त रखी। उन्होंने कहा, 'मुझे तुम्हारा अभिनय नहीं, तुम्हारी चाल देखनी है।' राकेश बेदी ने कमरे के एक कोने से दूसरे कोने तक चलकर दिखाया। वह चाल इतनी अजीब और मजाकिया थी कि सई ने तुरंत उन्हें साइन कर लिया। इसी फिल्म के 'ओमी' किरदार से ही राकेश को असली पहचान मिली।

विवादों से नाता

हाल ही में, फिल्म 'धुरंधर' के ट्रेलर लॉन्च का एक वीडियो जारी हुआ। इसमें राकेश बेदी अपनी ऑन-स्क्रीन बेटी का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस सारा अर्जुन के कंधे पर किस करते नजर आते हैं। इसके बाद उन्हें काफी ट्रोलिंग और आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। हालांकि, उन्होंने आलोचकों को जवाब देते हुए कहा कि देखने वालों की आंख में खोट है। इसके अलावा, एक इवेंट का वीडियो भी सामने आया, जिसमें राकेश बेदी, अनन्या पांडे और कियारा आडवाणी से मिलते नजर आए। उन पर आरोप लगाया कि अनन्या पांडे उनके टच से थोड़ा असहज दिखीं। राकेश बेदी ने अपनी फिल्म 'धुरंधर' की सफलता के बीच कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' पर बिना नाम लिए तंज कसा था। एक ओटीटी शो शोस्टापर को लेकर निर्देशक के साथ पेमेंट विवाद हुआ, जिसे बाद में दोनों ने सुलझा लिया था।

आज का दिन

28 मार्च, 1930

तुर्किये के कॉन्स्टेंटिनोपल शहर का नाम बदलकर इस्तांबुल रखा गया था। लगभग 657 ईसा पूर्व में कॉन्स्टेंटाइन द ग्रेट ने इस शहर को अपनी राजधानी बनाकर इसका नाम कॉन्स्टेंटिनोपल कर दिया था।

- 1920 : अमेरिकी अभिनेत्री मैरी पिकफोर्ड और डगलस फेयरबैंक्स का विवाह हुआ था।
- 1935 : नाजी प्रचार डॉक्यूमेंट्री 'ट्रायम्फ डेस विलेन्स' जर्मनी में रिलीज की गई थी।
- 1936 : लेखक मारियो वर्गास लोसा का जन्म पेरू में हुआ था।
- 1985 : फ्रांसीसी चित्रकार मार्क चागाल का निधन हुआ था।

व्रत त्योहार

आज : चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी।
कल : कामदा एकादशी व्रत, वसंत ऋतु, सूर्य उत्तरायणे, उत्तर गोले। **राहुकाल :** सायं 16.30 से 18.00 तक।

■ सूर्योदय : 06.19
■ सूर्यास्त : 18.34
(भारतीय मानक समयानुसार)

कल का पंचांग

विक्रमी संवत 2083, 08 चैत्र मास शक 1948, चैत्र मास 16 प्रविष्टे, 09 सव्वाल हिजरी 1447, चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी 07.46 तक उपरांत द्वादशी, आश्लेषा नक्षत्र 14.37 तक उपरांत मघा नक्षत्र, धृति योग 18.18 तक उपरांत शूल योग, विष्टि (भद्रा) करण 07.46 तक उपरांत बव करण, चंद्रमा सिंह राशि में 14.37 बजे।

amarujala.com/astrology

राशिफल

■ पं. विनोद त्यागी

मेष : दिनमान श्रम साध्य रहेगा। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। व्यवसाय में स्वविवेक से लाभ होगा।

वृष : लोकप्रियता बढ़ेगी। व्यक्तिगत संबंध सहायक रहेंगे। व्यावसायिक लाभ बढ़ेगा। यात्रा संभव है।

मिथुन : आलस्य पर नियंत्रण रखें। स्वजनों से मतभेद पनप सकते हैं। व्यावसायिक लाभ कम होगा। सेहत नरम रहेगी।

कर्क : दिनमान अनुकूल रहेगा। मनोकामना पूर्ति संभव है। व्यवसाय में विस्तार व लाभ होगा। घर में आनंद रहेगा।

सिंह : मान-सम्मान की चिंता रहेगी। बढ़ते व्यय से परेशान रहेंगे। व्यावसायिक देनदारी की चिंता रहेगी।

कन्या : लोकप्रियता में वृद्धि होगी। राजनीतिक संबंध सहायक रहेंगे। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलेंगे।

तुला : सत्ता का सहयोग मिलेगा। नौकरी में अधिकारी अनुकूल रहेंगे। सरकारी क्षेत्र से अर्थ प्राप्ति होगी।

वृश्चिक : राजनीतिक संबंध सहायक रहेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। व्यवसाय में सामान्य लाभ होगा।

धनु : नौकरी में तबादले की आशंका रहेगी। धन उधार देने से बचें। व्यवसाय में धन हानि हो सकती है। यात्रा से बचें।

मकर : मन में आशा का संचार होगा। कार्यक्षेत्र में वर्चस्व बना रहेगा। नई नौकरी का अवसर मिल सकता है।

कुंभ : नौकरी में उन्नति हो सकती है। मानसिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। व्यावसायिक धन लाभ बढ़ सकता है।

मीन : धैर्य सफलता में सहायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बना रहेगा। व्यवसाय में अनुभवी का सहयोग मिलेगा।

जन्मदिन

अक्षय खन्ना, अभिनेता

इस वर्ष सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मान-प्रतिष्ठा को नया आकार मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। मकान या प्लॉट क्रय का अवसर मिल सकता है। रोजगारपरक परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। व्यावसायिक लाभ से मन प्रसन्न रहेगा। अविवाहितों के विवाह प्रस्ताव आएंगे। आरोग्य सुख उत्तम रहेगा।

सुडोकू

	8	7		6	3	4		
6	2		8		1			
		4						
	7		4		6			
4				2				6
			9		5		1	
						2		
			6		8		4	3
		8	1	5		9	6	

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

उत्तर

9	8	7	5	6	3	4	2	1
6	2	3	8	4	1	5	7	9
5	1	4	2	7	9	6	3	8
8	7	5	4	1	6	3	9	2
4	9	1	3	2	7	8	5	6
2	3	6	9	8	5	7	1	4
1	6	9	7	3	4	2	8	5
7	5	2	6	9	8	1	4	3
3	4	8	1	5	2	9	6	7

डेली हेल्थ कैप्सूल

सिंघाड़े का आटा करेगा रक्तचाप कम

सिंघाड़े का आटा पाचन सुधारने, ऊर्जा बढ़ाने, वजन घटाने, हड्डियों को मजबूत करने और थायराइड नियंत्रण में सहायक है।

सिंघाड़े के आटे में कार्बोहाइड्रेट, आयरन, कैल्शियम, जिंक और फॉस्फोरस प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करते हैं। इस आटे में मौजूद उच्च पोटैशियम और कम सोडियम उच्च रक्तचाप को नियंत्रित कर हृदय रोग के खतरे को कम करता है। कई शोधों और अकादमिक लेखों के अध्ययन

में भी पाया गया है कि पोटैशियम का सेवन बढ़ाने से उच्च रक्तचाप में कमी आती है। आयोडीन और मैंगनीज की मौजूदगी के कारण यह थायराइड के लिए अच्छा है। इसके अलावा लोरिक एसिड होने के कारण यह बालों को भी मजबूत बनाता है। इस आटे में फाइबर भी अत्यधिक मात्रा में होता है, इससे बनी रोटियां खाने के बाद देर तक भूख का अहसास नहीं होता है, जिससे वजन के साथ-साथ कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रण में रखने में मदद मिलती है। सिंघाड़े का आटा कब्ज को दूर करने में भी सहायक है। इस आटे में मौजूद विटामिन बी-6 मूड को ताजा रखता है और अच्छी नींद लाने में सहायता करता है। सिंघाड़े के आटे में कैल्शियम, मिनरल्स, प्रोटीन और आयरन जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाते हैं और कमजोरी को दूर करते हैं।

क्या कहते हैं विशेषज्ञ

गैस की समस्या वाले लोगों के लिए सिंघाड़े का आटा परेशानी खड़ी कर सकता है। डायबिटीज के मरीज इसका सेवन करने न करें। इसमें मौजूद प्राकृतिक स्टार्च रक्त शर्करा को बढ़ा सकता है।

-डॉ. नम्रता भट्ट
आयुर्वेद चिकित्सक

जीडीपी पर पश्चिम एशिया तनाव का असर, आपूर्ति संकट से बढ़ेगी महंगाई

अनिश्चित वैश्विक माहौल में ऊर्जा सुरक्षा, मजबूत सप्लाई चेन और संतुलित नीतियां बेहद जरूरी

नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष का असर अब एशिया-प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर साफ दिखने लगा है। अगर यह संकट लंबा चलता है तो 2026-27 के दौरान क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि में 1.3 फीसदी अंक तक गिरावट आ सकती है, जबकि महंगाई 3.2 फीसदी बढ़ सकती है। कहा जा रहा कि संघर्ष का असर मुख्य रूप से महंगे ऊर्जा शुल्क, आपूर्ति शृंखला में बाधा, व्यापार में रुकावट और वित्तीय परिस्थितियों के सख्त होने के रूप में सामने आ रहा है।

रेटिंग एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार, एशिया के देशों का पश्चिम से सीधा व्यापार भले कम हो, लेकिन वे ऊर्जा आयात और वैश्विक आपूर्ति शृंखला पर निर्भर होने के कारण ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। रेटिंग एजेंसियों ने खासतौर पर होर्मुज जलडमरूमध्य का जिक्र किया है, जहां से दुनिया के करीब 20 फीसदी तेल और गैस की सप्लाई गुजरती है। इसका बड़ा हिस्सा एशिया तक पहुंचता है। मौजूदा तनाव के कारण यहां शिपिंग प्रभावित हुई है, जिससे तेल की कीमतों में तेज उछाल देखा गया और कुछ समय के लिए यह 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। इसके अलावा, वित्तीय बाजारों में भी तनाव दिखा। शेयर बाजार गिरे हैं और बॉन्ड यील्ड बढ़ी है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि कीमतों को पूरी तरह नियंत्रित करने के बजाय उन्हें आंशिक रूप से बढ़ने दिया जाए, ताकि ऊर्जा स्रोतों की बचत हो और वैकल्पिक ऊर्जा को बढ़ावा मिले। केंद्रीय बैंक महंगाई पर नजर रखें और बाजार में ज्यादा उतार-चढ़ाव को रोकें। ब्यूरो

आर्थिक गतिविधियों पर पड़ेगा विपरीत प्रभाव

रेटिंग एजेंसी इक्रा का कहना है, अगर संघर्ष जल्दी खत्म हो जाता है तो इसका असर सीमित रह सकता है। अगर हालात लंबे समय ऐसे ही तक बने रहते हैं तो यह क्षेत्र की आर्थिक संभावनाओं को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। एशियाई विकास बैंक ने सरकारों को सलाह दी है कि वे आर्थिक स्थिरता बनाए रखें, ऊर्जा की खपत को नियंत्रित करें और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों पर तेजी से काम करें। साथ ही, सब्सिडी और कीमत नियंत्रण के बजाय जरूरतमंद वर्गों के लिए सीमित समय के समर्थन उपाय अपनाने पर जोर दिया गया है।

खाड़ी देशों से आने वाले धन में कमी : रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने चेतावनी दी है कि शिपिंग में रुकावट से लागत बढ़ेगी, उत्पादन में देरी होगी और आपूर्ति शृंखला पर दबाव बढ़ेगा। उसने कहा, खाड़ी देशों पर निर्भर राष्ट्रों को झटका लग सकता है, क्योंकि वहां आर्थिक गतिविधियां कमजोर होने से प्रवासी कामगारों की आय घट सकती है। इससे रेमिटेंस (विदेश से आने वाला पैसा) कम हो सकता है। ब्यूरो

■ **आगे दिख सकते हैं ये हालात :** एडीबी का मानना है कि अगर संघर्ष जल्दी खत्म हो जाता है तो असर सीमित रहेगा। लंबा संघर्ष ग्रोथ और महंगाई असर डालेगा। दक्षिण-पूर्व एशिया और प्रशान्त देशों की ग्रोथ पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा, जबकि भारत सहित दक्षिण एशियामें महंगाई सबसे ज्यादा बढ़ सकती है। एडीबी के मुख्य अर्थशास्त्री अल्बर्ट पार्क ने कहा कि लंबा संकट देशों के लिए मुश्किल स्थिति पैदा कर सकता है, जहां उन्हें कम ग्रोथ और ज्यादा महंगाई के बीच संतुलन बनाना होगा।

■ **बढ़ सकता है राजकोषीय घाटा :** वेस्ट एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के चलते बढ़ती तेल और गैस की कीमतें भारत की अर्थव्यवस्था पर असर डाल सकती हैं। ऊर्जा की ऊंची कीमतें वित्त वर्ष 2026-27 में सरकार के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य पर दबाव डाल सकती हैं। सरकार को उर्वरक और एलपीजी जैसी सब्सिडी पर ज्यादा खर्च करना पड़ सकता है। ब्यूरो

युद्ध से वैश्विक तेल आपूर्ति में रोजाना 1.1 करोड़ बैरल की कमी

युद्ध गहराया तो 200 डॉलर के पार पहुंचेगा क्रूड

नई दिल्ली/सिंगापुर। पश्चिम एशिया युद्ध के चलते वैश्विक तेल आपूर्ति से करीब 1.1 करोड़ बैरल प्रतिदिन की कमी आई है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने इस संकट को 1970 के दशक के तेल संकट और रूस-यूक्रेन गैस संकट से भी बड़ा बताया है। विश्लेषकों का अनुमान है कि युद्ध गहराया तो तेल की कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच सकती हैं।

ईरान युद्ध को लेकर चल रही कूटनीतिक बातचीत के बीच शुक्रवार को तेल की कीमतों में हल्की गिरावट देखी गई, लेकिन वैश्विक बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमत मामूली गिरकर 107.97 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई, जबकि अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड भी घटकर 94 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। पिछले कुछ हफ्तों में कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला है।

निवेशकों को डर है कि संघर्ष जल्द खत्म नहीं होगा, जिससे ऊर्जा बाजार पर दबाव जारी रह सकता है। उधर, डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले रोकने की समयसीमा 10 दिन बढ़ाकर 6 अप्रैल कर दी है और ईरान से होर्मुज को दोबारा खोलने की मांग की है। अमेरिका और ईरान ने अपने तेवर में नरमी के संकेत दिए हैं, लेकिन पश्चिम एशिया में तनाव अब भी बना हुआ है। एजेंसी

न्यूज डायरी

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर से नीचे

मुंबई। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार दो महीने बाद पहली बार 700 अरब डॉलर के नीचे आ गया है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 20 मार्च 2026 को समाप्त सप्ताह में देश का कुल भंडार घटकर 698.35 अरब डॉलर रह गया, जो एक हफ्ते पहले 709.76 अरब डॉलर था। फरवरी अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 728.5 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इस दौरान गोल्ड रिजर्व का मूल्य 13.5 अरब डॉलर घटकर 117.2 अरब डॉलर रह गया। एजेंसी

आईफोन पर चलेंगे एक साथ दो वॉट्सएप खाते

नई दिल्ली। मेटा के स्वामित्व वाले वॉट्सएप ने नई सेवाओं की पेशकश की। इसके तहत एपल आईफोन उपयोगकर्ता अब एक ही फोन पर दो खाते एक साथ चला सकेंगे। इसके अलावा इमेज एडिटिंग और संदेश लिखने के लिए नए टूल भी जोड़े गए हैं। इस अपडेट के बाद उपयोगकर्ताओं को व्यक्तिगत एवं कामकाजी बातचीत के लिए दो अलग-अलग फोन रखने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। एजेंसी

सोने में नरमी, चांदी 11,250 रुपये सस्ती

नई दिल्ली। दिल्ली सराफा बाजार में शुक्रवार को बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में पांच फीसदी तक गिरावट आई। चांदी 11,250 रुपये या करीब पांच फीसदी सस्ती होकर 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर आ गई। सोने की कीमत भी 1,900 रुपये या 1.3 फीसदी घटकर 1,47,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। कीमतें अस्थिर रहीं, क्योंकि कच्चे तेल में उतार-चढ़ाव और वैश्विक संकेतों ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। एजेंसी

आरबीआई ने अर्थव्यवस्था में डाले 65,322 करोड़

मुंबई। आरबीआई ने शुक्रवार को बैंकिंग प्रणाली में वीआरआर नीलामी के जरिये 65,322 करोड़ की नकदी डाली। वीआरआर यानी परिवर्तनीय रेपो दर बैंकों में नकदी डालने के लिए उपयोग की जाने वाली मौद्रिक नीति है। अग्रिम कर भुगतान और जीएसटी निकासी के कारण डाली गई राशि 75,000 करोड़ से कम रही। 26 मार्च तक बैंकों में 48,698.38 करोड़ रुपये की नकदी थी। एजेंसी

शीर्ष शहरों में घरों की बिक्री 7 फीसदी घटी

नई दिल्ली। देश के रियल एस्टेट सेक्टर में जनवरी से मार्च 2026 के दौरान हाउसिंग बिक्री में तिमाही आधार पर गिरावट देखने को मिली। एनरॉक के मुताबिक, पश्चिम एशिया संकट के चलते बाजार पर दबाव बना रहा। इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में देश के टॉप-7 शहरों में कुल 1,01,675 घरों की बिक्री हुई, जो पिछले साल के मुकाबले 9 फीसदी ज्यादा है। एजेंसी

कच्चे तेल में उछाल और विदेशी निवेशकों की बिकवाली से दो सत्रों की तेजी थमी

शेयर बाजार में बड़ी गिरावट...1,690 अंक टूटा सेंसेक्स, डूब गए 8.86 लाख करोड़

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को जोरदार गिरावट देखने को मिली। दो दिन की तेजी के बाद मुनाफावसूली और वैश्विक तनाव के कारण सेंसेक्स और निफ्टी 2 फीसदी से ज्यादा गिर गए। बीएसई सेंसेक्स 1,690.23 अंक यानी 2.25 फीसदी टूटकर 73,583.22 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,739 अंक तक गिर गया था। निफ्टी 486.85 अंक यानी 2.09 फीसदी गिरकर 22,819.6 पर बंद हुआ। सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी 8.86 लाख करोड़ घटकर 422.15 लाख करोड़ रुपये रह गई।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से ज्यादातर में गिरावट रही। सर्वाधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ, जिसका शेयर 4.55 फीसदी टूट गया। इसके अलावा इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक और एचडीएफसी बैंक में भी भारी गिरावट आई। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल और पावर ग्रिड के शेयर बढ़त में रहे।

विशेषज्ञों के मुताबिक, हालिया तेजी के बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली की, जबकि कमजोर रुपये और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने बाजार की भावना पर असर डाला। जानकारों का मानना है कि जब तक वैश्विक तनाव और कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहेंगी, तब तक बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। उधर, जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, दो-सत्रों की तेजी के बाद मुनाफावसूली शुरू हो गई। निवेशकों को अभी सतर्क रहने की जरूरत है। एजेंसी

बाजार 3 साल के निचले स्तर पर

युद्ध खत्म होने की उम्मीदों और बिगड़ते हालात के बीच दुनियाभर के बाजार राहत और डर के बीच झूल रहे हैं। एशियाई बाजारों में जापान और दक्षिण कोरिया के इंडेक्स कमजोर बंद हुए, जबकि चीन और हांगकांग में हल्की मजबूती रही। यूरोपीय बाजार भी गिरावट में कारोबार कर रहे थे और अमेरिकी बाजार पहले ही दबाव में बंद हुए थे। एशियाई बाजार इस महीने करीब 10 फीसदी गिर चुके हैं।

8 फीसदी उछला डर का इंडेक्स

शुक्रवार को बाजार खुलते ही निवेशकों के बीच अनिश्चितता और चिंता साफ नजर आई। इसका सबसे बड़ा संकेत मिला इंडिया विक्स सूचकांक में आई तेज बढ़त से। इसे आमतौर पर डर का इंडेक्स कहा जाता है। यह आने वाले समय में बाजार के संभावित उतार-चढ़ाव को दिखाता है। 27 मार्च 2026 को इसमें तेज उछाल देखने को मिला और यह करीब 8 फीसदी चढ़कर 26.80 पर पहुंच गया। लगभग डेढ़ साल बाद सूचकांक इस ऊंचाई पर पहुंचा है। इससे पहले ऐसा स्तर जून 2024 में देखा गया था। विक्स का तेजी से बढ़ना इस बात का संकेत होता है कि निवेशक आने वाले समय को लेकर सतर्क हैं और बाजार में बड़े उतार-चढ़ाव की आशंका बढ़ रही है।

विदेशी निवेशकों ने तोड़े सभी रिकॉर्ड

एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 4,367.30 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 3,566.15 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। मार्च, 2026 में विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली ने बाजार की दिशा बदल दी है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने करीब 11 अरब डॉलर (लगभग 1.03 लाख करोड़) के शेयर बेच दिए, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इससे पहले अक्टूबर 2024 में करीब 10.9 अरब डॉलर की बिकवाली हुई थी। वहीं जनवरी 2025 और मार्च 2020 में भी लगभग 8.4 अरब डॉलर का आउटफ्लो देखा गया था। लेकिन इस बार सभी पुराने रिकॉर्ड टूट गए।

■ यह ट्रेंड केवल भारत तक सीमित नहीं है। ताइवान से करीब 24 अरब डॉलर की निकासी हुई है, जबकि दक्षिण कोरिया से लगभग 17 अरब डॉलर की पूंजी बहार गई है। इससे साफ है कि पूरी दुनिया में निवेशक जोखिम वाले बाजारों से दूरी बना रहे हैं। जब तक वैश्विक हालात स्थिर नहीं होते, रुपये में मजबूती नहीं आती और बॉन्ड यील्ड कम नहीं होती, तब तक बाजार में दबाव बना रह सकता है।

रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर...89 पैसे टूटकर पहली बार 94 के नीचे

■ क्रूड में उछाल का असर, कारोबार के अंत में 94.85 पर बंद

मुंबई। डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 89 पैसे टूटकर पहली बार 94 के नीचे 94.85 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। यह रुपये में 10 साल की सबसे बड़ी गिरावट है। विश्लेषकों का कहना है कि कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और विदेशी निवेशकों की पूंजी निकासी से रुपये में बड़ी गिरावट आई।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 94.18 के स्तर खुला और कारोबार के दौरान पहली बार 94.50 के स्तर से नीचे आ गया। अंत में यह 94.85 पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, रुपये में कमजोरी की कई वजहें हैं। तेल कंपनियों और आयातकों ने लगातार डॉलर की खरीदारी की है। ये रुपये में कमजोरी का बड़ा कारण है। निर्यातक डॉलर को बाहर जाने से रोक रहे हैं, जिससे डॉलर की मांग और बढ़ गई है। अगर पश्चिम एशिया संकट और बढ़ता है, तो आने वाले दिनों में रुपये में और भी बड़ी कमजोरी देखने को मिल सकती है।

फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स के अनिल कुमार भंसाली ने कहा, तेल कंपनियों की लगातार खरीदारी के चलते रुपये का 94.50 का स्तर टूट गया। निर्यातकों ने अपनी आमद रोक रखी थी, जबकि आयातक डॉलर खरीद रहे थे। छह मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की ताकत को मापने वाला डॉलर इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.67 पर था। आरबीआई फिलहाल ज्यादा आक्रामक हस्तक्षेप नहीं कर रहा है। एजेंसी

अर्थव्यवस्था पर असर

वैश्विक तनाव और महंगे तेल के बीच भारतीय रुपया दबाव में है और आने वाले समय में इसकी दिशा काफी हद तक अंतरराष्ट्रीय हालात पर निर्भर करेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि बढ़ती महंगाई और धीमी ग्रोथ के बीच सरकार को या तो राजकोषीय घाटा बढ़ाना पड़ेगा या पूंजीगत खर्च में कटौती करनी पड़ सकती है।

इसलिए बढ़ रहा रुपये पर दबाव

■ कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ■ डॉलर की मजबूती ■ पश्चिम एशिया में जारी तनाव ■ विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली

10 साल की सबसे बड़ी गिरावट

ईरान युद्ध बाद से रुपया करीब 4 फीसदी टूट चुका है, जबकि पूरे वित्त वर्ष में इसमें लगभग 11 फीसदी की गिरावट आई है। ये एक दशक में सबसे बड़ी गिरावट है। पश्चिम एशिया संकट, महंगे कच्चे तेल और मजबूत डॉलर के कारण रुपये पर दबाव बना हुआ है। इससे पहले बुधवार को रुपया 93.96 पर बंद हुआ था। बृहस्पतिवार को रामनवमी की छुट्टी के कारण मुद्रा बाजार बंद था।

राज्यों के कर्ज लेने की लागत बढ़कर चार साल में सबसे ज्यादा

वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट...आठ फीसदी के ऊपर पहुंच गई कई राज्यों की बॉन्ड यील्ड, तेल की कीमतों में तेजी का भी असर

नई दिल्ली। भारत में राज्यों के लिए कर्ज लेना तेजी से महंगा होता जा रहा है और शुक्रवार को हुई नीलामी में इसकी साफ झलक देखने को मिली। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, कई राज्यों की बॉन्ड यील्ड 8 फीसदी के ऊपर पहुंच गई। ये जुलाई, 2022 के बाद सबसे ऊंचा स्तर है। इस नीलामी में राज्यों ने करीब 40,000 करोड़ रुपये जुटाए, जिसमें से लगभग 45 फीसदी रकम 8 से 8.09 फीसदी की ऊंची ब्याज दर पर उठानी पड़ी। पिछली नीलामी में यह दर 7.60 से 7.88 फीसदी के बीच थी।

विशेषज्ञों का कहना है कि ब्याज दरों में यह उछाल कई वजहों से आई है। इसमें बाजार में कर्ज की अधिक सप्लाई, वैश्विक स्तर पर बढ़ती यील्ड, और पश्चिम एशिया संकट के चलते कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी शामिल है। इसके अलावा इरडा के प्रस्तावित नियमों ने भी बाजार की धारणा को प्रभावित किया है। इससे बीमा कंपनियों को राज्य बॉन्ड में निवेश पर अधिक पूंजी अलग रखनी पड़ सकती है। इससे इन बॉन्ड की मांग कमजोर पड़ रही है और यील्ड बढ़ रही है। ट्रेडर्स के मुताबिक, इस बार नीलामी में मांग भी खास मजबूत नहीं रही, खासकर बीमा कंपनियों की ओर से, क्योंकि नए नियमों को लेकर अभी स्पष्टता नहीं है। वहीं, पश्चिम एशिया तनाव से तेल कीमतों में 50 फीसदी से ज्यादा उछाल आया है, जिससे महंगाई और वित्तीय संतुलन को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इसका असर केंद्र और राज्य दोनों के कर्ज पर दिख रहा है। आगे बीमा कंपनियों की मांग कम हो सकती है और राज्यों के बॉन्ड कम आकर्षक हो सकते हैं। एजेंसी

क्यों बढ़ रही है ब्याज दर

■ बाजार में ज्यादा कर्ज ■ बॉन्ड यील्ड में सामान्य बढ़ोतरी ■ इरडा के नए नियमों का असर ■ पश्चिम एशिया संकट के कारण तेल कीमतों में उछाल ■ सरकारी बॉन्ड यील्ड मार्च में 28 बेसिस पॉइंट बढ़ी

पर्यावरण के मोर्चे पर राहत, 2025 में कार्बन उत्सर्जन की रफ्तार सबसे धीमी

भारत के लिए पर्यावरण के मोर्चे पर राहत भरी खबर आई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में देश में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की वृद्धि दर पिछले दो दशक में सबसे धीमी रही है। 2025 में भारत का कार्बनडाई ऑक्साइड उत्सर्जन सिर्फ 0.7 फीसदी बढ़ा, जबकि साल की दूसरी छमाही में यह बढ़ोतरी सिर्फ 0.5 फीसदी रही। इससे पहले 2021 से 2024 के बीच यह दर 4 फीसदी से 11 फीसदी के बीच थी। ब्यूरो

ये रहे महत्वपूर्ण बदलाव

3.9% घट गई तेल की मांग

0.4% की बढ़त सिर्फ 2025 में

रिकॉर्ड स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा

सोलर : 47 गीगावाट
पवन : 6.3 गीगावाट
हाइड्रो : 4 गीगावाट
न्यूक्लियर : 0.6 गीगावाट

3.8% घटा पावर सेक्टर में उत्सर्जन

आयातित कोयले की खपत में भी 20 फीसदी की गिरावट

इस साल गेहूं की पैदावार बढ़ने की उम्मीद

बेमौसम बारिश से फसल को नुकसान पहुंचने के कारण अनुमान में कमी

नई दिल्ली। भारत में 2026 में गेहूं की पैदावार पिछले साल के मुकाबले बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से पकती हुई फसल को नुकसान पहुंचने के कारण यह शुरुआती अनुमानों से कम रह सकती है।

सरकार ने इस साल गेहूं उत्पादन का अनुमान करीब 12 करोड़ टन होने का लगाया है, आटा मिल मालिकों के संगठन ने 11.5 करोड़ टन उत्पादन का अनुमान लगाया है। इस साल किसानों ने 3.3 करोड़ हेक्टेयर में गेहूं की बुवाई की है, जो पिछले साल के 3.2 करोड़ हेक्टेयर से ज्यादा है। भारत चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक देश है। यहां गेहूं की बुवाई अक्टूबर-नवंबर में होती है और कटाई मार्च-अप्रैल में की जाती है। हाल के वर्षों में, फरवरी के आखिर में पड़ने वाली गर्मी के कारण पैदावार में कमी देखने को मिली है।

2025 में अनुकूल मौसम के चलते गेहूं उत्पादन में सुधार हुआ था, लेकिन इस साल फरवरी के आखिर में अचानक गर्मी बढ़ने से चिंताएं बढ़ गई हैं। हाल में हुई बारिश से गेहूं उत्पादक किसानों को कुछ राहत मिली है, पर देश के कुछ हिस्सों में हुई ओलावृष्टि ने फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। इससे पैदावार में कमी आने और फसल की गुणवत्ता प्रभावित होने की चिंताएं बढ़ गई हैं। एजेंसी

सेबी ने सात कृषि जिंसों की वायदा ट्रेडिंग पर रोक एक साल के लिए बढ़ाई

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कृषि जिंसों में सट्टेबाजी और कीमतों में उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए बड़ा फैसला किया है। सेबी ने गेहूं, मूंग और गैर-बासमती धान समेत सात कृषि वस्तुओं की डेरिवेटिव ट्रेडिंग पर लगी रोक को एक साल और बढ़ाते हुए 31 मार्च 2027 तक जारी रखने का निर्णय किया है। चना, कच्चा पाम तेल, सरसों और उससे जुड़े उत्पाद, सोयाबीन जैसी फसलें भी इस प्रतिबंध के दायरे में शामिल हैं। सेबी ने साफ किया है कि इस अवधि के दौरान इन जिंसों में नए वायदा कारोबार की अनुमति नहीं होगी, हालांकि पहले ली गई पोजिशन से बाहर निकला जा सकता है। इन जिंसों में ट्रेडिंग पर रोक पहली बार दिसंबर 2021 में लगाई गई थी। सेबी के अनुसार, यह कदम खास तौर पर जरूरी खाद्य वस्तुओं की कीमतों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव और सट्टेबाजी को रोकने के लिए उठाया गया है, ताकि महंगाई पर काबू रखा जा सके। एजेंसी

कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों का वेतन 10 करोड़ के पार, एक साल में 5 फीसदी की वृद्धि

नई दिल्ली। भारत में पेशेवर कंपनियों के प्रमुखों की सैलरी में बढ़ोतरी जारी है, लेकिन हाल के दिनों में इसकी रफ्तार अब धीमी पड़ गई है।

भारत में कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों की सैलरी पर डेलॉय की एक रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 में प्रोफेशनल (नॉन-प्रमोटर) शीर्ष अधिकरियों की औसत सैलरी बढ़कर 10.5 करोड़ रुपये हो गई है। ये पिछले साल के मुकाबले करीब 5 फीसदी ज्यादा है। यह कोविड के बाद सबसे धीमी बढ़ोतरी मानी जा रही है। एजेंसी

मुख्य वित्तीय अधिकारियों पर बढ़ा भरोसा

डेलॉय की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 12-18 महीनों में शेयर बाजार के कमजोर प्रदर्शन और बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं का असर सैलरी ग्रोथ पर साफ दिखाई दिया है। कंपनियां अब सैलरी स्ट्रक्चर को ज्यादा संतुलित और परफॉर्मेंस आधारित बना रही हैं। फिक्स सैलरी के साथ स्टॉक-लिंक्ड इंसेंटिव और लॉन्ग-टर्म रिवॉर्ड प्लान्स का इस्तेमाल बढ़ रहा है। बाजार में उतार-चढ़ाव को देखते हुए कंपनियां अब केवल शेयर कीमत पर आधारित इनाम देने से बच रही हैं और निजी प्रदर्शन पर ज्यादा जोर दे रही हैं। मौजूदा अनिश्चित माहौल में कंपनियां अपने मुख्य वित्तीय अधिकारियों पर ज्यादा भरोसा कर रही हैं, क्योंकि वे वित्तीय रणनीति, लागत नियंत्रण और निवेश फैसलों में अहम भूमिका निभाते हैं। इस पद पर नई प्रतिभाओं की मांग भी बढ़ी है।

बाजार से 8.2 लाख करोड़ उधार लेने की योजना बना रही केंद्र सरकार

वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही में राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिए लेगी कर्ज

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने बताया कि केंद्र सरकार राजस्व घाटे को पूरा करने के लिए 2026-27 की अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान प्रतिभूतियों के माध्यम से 8 लाख करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। वित्तीय घाटे को पूरा करने के लिए वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में सकल बाजार उधार 17.20 लाख करोड़ रुपये था। बजट पेश होने के बाद से राजकोषीय प्रतिभूतियों की अदला-बदली की गई, जिससे सकल बाजार उधार घटकर 16.09 लाख करोड़ रुपये रह गया।

मंत्रालय ने कहा, 16.09 लाख करोड़ रुपये में से, 8.20 लाख करोड़ रुपये (51 प्रतिशत) पहली छमाही में दिनांकित प्रतिभूतियों के माध्यम से उधार लेने की योजना है, जिसमें 15,000 करोड़ रुपये के संप्रभु ग्रीन बॉन्ड शामिल हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत अनुमानित राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिए 17.2 लाख करोड़ रुपये उधार लेने का प्रस्ताव रखा था। पूर्ण रूप से, 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटा 16.9 लाख करोड़ रुपये आंका गया है। बयान के अनुसार, 8.2 लाख करोड़ रुपये का सकल बाजार उधार 26 साप्ताहिक नीलामियों के माध्यम से पूरा किया जाएगा।

संस्थागत और खुदरा निवेशकों को अपने निवेश की कुशलतापूर्वक योजना बनाने में सक्षम बनाने और सरकारी प्रतिभूति बाजार में पारदर्शिता और स्थिरता प्रदान करने के लिए, सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से इस अवधि के दौरान प्रति सप्ताह 28,000 करोड़ रुपये से 34,000 करोड़ रुपये तक का उधार लेने की योजना बनाई है। एजेंसी

पांच फीसदी हिस्सा खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित

सरकार ने कहा कि इस कैलेंडर में शामिल सभी नीलामियों में गैर-प्रतिस्पर्धी बोली की सुविधा होगी, जिसके तहत अधिसूचित राशि का पांच प्रतिशत खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित होगा। सरकार पहले की तरह अधिसूचित राशि, निर्गमन अवधि, परिपक्वता अवधि आदि के संदर्भ में उपरोक्त कैलेंडर में संशोधन करती रहेगी। बाजार की बदलती स्थितियों और अन्य प्रासंगिक कारकों के आधार पर, गैर-मानक परिपक्वता वाले उपकरण, फ्लोटिंग रेट बॉन्ड, मुद्रास्फीति वाले बॉन्ड सहित विभिन्न प्रकार के उपकरण जारी करने के लिए लचीलापन बनाए रखेगी।

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

नई दिशा में नेपाल

यह पूरे दक्षिण एशिया के लिए एक महत्वपूर्ण घटना है कि पड़ोसी देश नेपाल की कमान उसके सबसे युवा प्रधानमंत्री बालेन शाह ने संभाल ली है। इसी महीने की शुरुआत में देश में हुए चुनावों में भारी मतों से जीतने के बाद 35 वर्षीय बालेन शाह ने अपने देश और देशवासियों के नाम पर पद की शपथ ली है। पेशे से रैपर-गायक रहे बालेन शाह साल 2022 में काठमांडू के मेयर नियुक्त हुए थे और अब उनकी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को लगभग दो-तिहाई बहुमत मिलने के बाद उनके हाथों में नेपाल का भविष्य है। अपने देश को लेकर उनके मन में बहुत प्रेम और आस्था है, जिसकी झलक उनके गीतों में भी मिलती रही है। गौर करने की बात है, जब बीते वर्ष सितंबर में नेपाल के युवाओं ने विद्रोह किया, तब बालेन शाह के गीत उनकी प्रेरणा के स्रोत बन गए थे। हिंसक, लेकिन सफल विद्रोह के चलते भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार से ग्रस्त नेपाल सरकार का तख्तापलट हो गया था। युवाओं ने जिन चंद ईमानदार हस्तियों को देश का नेतृत्व करने योग्य माना, उनमें बालेन शाह सबसे आगे थे और अब पूरा देश उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में कामयाब देखना चाहता है।

नेपाल को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने का काम बहुत जरूरी है और यह भारत के भी अनुकूल है। एक समृद्ध और विकास की ओर बढ़ते पड़ोसी देश से भारत के विकास को ही बल मिलेगा। अभी इस देश से प्रतिदिन करीब 1,500 लोग रोजगार के लिए बाहर जाने को मजबूर हैं। इन लोगों को देश में ही रोजगार देना बहुत बड़ी चुनौती है। बालेन शाह अगर इस मोर्चे पर आधे भी कामयाब होते हैं, तो नेपाल गरीबी और अभाव के दलदल से बाहर निकलने लगेगा। वहां के लोगों की शिकायतों पर अगर गौर करें, तो नेपाल को उसके नेताओं ने बहुत लूटा है या लुटने दिया है। तीन करोड़ लोगों के इस देश में राजनीतिक अस्थिरता एक अभिशाप रही है। यह त्रासद तथ्य है, वहां 1990 से अब तक 32 सरकारें सत्ता में आई हैं और किसी भी सरकार ने अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया है।

वहां बीते वर्ष सितंबर में युवाओं द्वारा किए गए विद्रोह के बाद चुनाव जीतकर युवा नेता बालेन शाह ने प्रधानमंत्री पद संभाल लिया है। उनसे सबको उम्मीदें हैं।

बालेन शाह ने अगर प्रधानमंत्री के रूप में बेहतर प्रदर्शन कर दिखाया, तो पहले से स्थापित और सत्ता में रही पार्टियों के लिए अपनी बची हुई जमीन बचाना भी बहुत मुश्किल हो जाएगा। नए प्रधानमंत्री के अच्छे निर्णय देश को नई दिशा और दशा की ओर ले जाएंगे।

यहां यह भी ध्यान देने की बात है, राजशाही के बाद नेपाल में बनी तमाम सरकारें कमोबेश चीन के प्रभाव में रही हैं, जिसके संकेत भारत के साथ नेपाल के संबंधों में यदा-कदा दिखते रहे हैं। नेपाल का चीन के साथ होना गलत नहीं है, पर भारत के विरोध में खड़े हो जाना चिंता की बात है। यह एक हिंदू बहुल देश है, जिससे भारत से रोटी-बेटी के संबंध सदियों पुराने हैं। इस देश में लोग अपनी आस्था को छिपाते नहीं हैं और बालेन शाह ने भी ऐसा ही किया है। शपथ के लिए रामनवमी का दिन चुनना, अंक ज्योतिष के हिसाब से शपथ ग्रहण और प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रवेश करने की बहुत चर्चा है। नेपाल के लोगों में खुशी का संचार है, जिसमें आगे और वृद्धि की आशा करना गलत नहीं होगा। बालेन शाह ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई भारत में की है और उन्हें आगे भी भारत से सकारात्मक चीजें सीखने की जरूरत पड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें उचित ही शुभकामनाएं दी हैं। चुनाव बाद बांग्लादेश की नई सरकार भी देश की नीतियों को दुरुस्त कर रही है। ऐसे में, भारत में भी सरकार और लोगों को बालेन शाह से बड़ी उम्मीदें हैं। उन्होंने जो स्वप्न दिखाएं हैं, उन्हें साकार करने का समय आ गया है।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 28 मार्च, 1951

सरकारी सौदे का रहस्य

बजट की पूरक मांगों पर शुरू हुई बहस में, रक्षा-विभाग के संबंध में, जो बातें सामने आईं वे सामान्य व्यक्ति को चकित किए बगैर नहीं रह सकतीं। भविष्य-निर्माण के नाम पर, जब जनसाधारण को अधिकाधिक कठिनाइयां वहन करने के लिए कहा जा रहा है, तब सरकारी कारबार में शंका के लिए जरा भी गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। लेकिन एक के बाद एक ऐसे रहस्योद्घाटन हो रहे हैं, जिनसे ऐसी धारणा को प्रोत्साहन मिलना संभव है कि सरकार दूसरों को उपदेश देना ही जानती है, खुद अपने को सम्भालने की उसे उतनी चिन्ता नहीं है। ऐसी धारणा यदि जम गई तो कितनी अनर्थकारी होगी, यह कहने की आवश्यकता नहीं; अतः यह प्रश्न सामने लाकर हम सरकार से इस ओर जागरूक बनने की अपेक्षा करते हैं। बने-बनाए मकानों तथा रासायनिक खाद के संबंध में सरकारी लापरवाही या असावधानी के रहस्योद्घाटन के बाद रक्षा-विभाग की बहस में यह रहस्य सामने आया है कि दो हजार जीप मोटरगाड़ियों के लिए एक ऐसी ब्रिटिश कम्पनी से 80 लाख रुपयों में सौदा किया गया और 1,72,000 रुपये उसे पेशगी भी दे दिए गए, जिसकी खुद की पूंजी कुल 605 पॉड 4 शिलिंग थी। ऐसे सौदे का यह परिणाम होना ही था कि जीप गाड़ियां केवल 155 आईं और वे भी निकम्मी। इसके बाद यह कम्पनी अपना दिवाला भी निकाल चुकी बताते हैं और इस प्रकार हमारा इतना रुपया या तो बट्टेखाते गया, या अनिश्चित रूप में फंस गया है।

इसी बहस में रहस्य यह खुला कि इसी तरह 20 लाख पौंड का एक सौदा राइफल व गोला-बारूद के लिए एक ऐसी ब्रिटिश कम्पनी से किया गया, जिसकी कुल पूंजी 100 पौंड ही थी। नतीजा यह होना ही था कि निश्चित समय में माल नहीं मिला। इतने पर भी जब सौदा रद्द करने की बात उठी, तो कम्पनी द्वारा 60 हजार पौंड हर्जाने के मांगे गए और समझौता इस रूप में हुआ कि 25,000 टन इस्पात का 33 पौंड प्रति टन के हिसाब से सौदा उसी की मार्फत दूसरी कम्पनी से किया गया। यह सौदा भी 8 लाख पौंड मूल्य का था, जबकि इस कम्पनी की प्रसारित पूंजी भी 300 पौंड ही थी। इस माल की प्राप्ति भी वक्त पर नहीं हो सकी और जब सौदा रद्द करने को कहा गया तो पता चला कि इसे अपरिवर्तनीय हुण्डी दी जा चुकी है।

सिर्फ डिग्री के पीछे न भागें युवा

अजित रानाडे | अर्थशास्त्री व सीनियर फेलो, तक्षशिला इंस्टीट्यूशन

हमारे स्नातक सरकारी नौकरी की आस में वर्षों वक्त बर्बाद कर देते हैं, वहीं निजी क्षेत्र में रोजगार-सृजन कछुआ चाल से हो रहा है। इस विसंगति से पार पाने की जरूरत है।

अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी की हालिया प्रकाशित 'स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया रिपोर्ट- 2026' में एक चौंकाने वाला पहलू सामने आया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2011 में देश का एक युवा स्नातक हर महीने लगभग 21,800 रुपये कमाता था, वहीं एक गैर-स्नातक की कमाई लगभग 9,000 रुपये थी, जबकि वर्ष 2023 तक आते-आते एक स्नातक की कमाई घटकर 19,573 रुपये रह गई, वहीं गैर-स्नातक की कमाई बढ़कर 10,507 रुपये हो गई। पिछले 12 वर्षों में स्नातक पास लोगों की कमाई आमतौर पर गिरी है। बढ़ी हुई महंगाई को इसमें समायोजित करें, तो उनकी कमाई खत्म हो गई है।

इस रिपोर्ट की सबसे खास बात यह है कि भारत के 20 से 29 वर्ष के 67 प्रतिशत युवा स्नातक बेरोजगार हैं। साल 2004 में यह आंकड़ा सिर्फ 32 प्रतिशत था। दूसरी ओर, युवा स्नातकों की तादाद 2004 के 10 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में करीब 28 प्रतिशत हो गई है। 'आईएलओ-आईएचडी इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024' ने भी खुलासा किया था कि युवा स्नातकों में बेरोजगारी की दर 29 प्रतिशत है, जबकि अनपढ़ नौजवानों में यह दर सिर्फ तीन प्रतिशत पाई गई। स्नातक युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी की यह प्रवृत्ति पिछले एक दशक से पता चलने लगी है।

इसके कारण श्रम बाजार की मांग और आपूर्ति में निहित हैं। आपूर्ति पक्ष को देखें, तो पढ़े-लिखे युवा अब अपनी योग्यता के अनुरूप नौकरी का इंतजार करते हैं। दरअसल, पिछले दो दशकों में सभी आय-वर्ग के परिवारों की आमदनी बढ़ी है। कमाई बढ़ने से अब कम आय वाले परिवार भी अपनी संतानों के नौकरी पाने के इंतजार को बर्दाश्त कर सकते हैं। इससे तो यही साबित होता है कि लोग जितने ज्यादा शिक्षित होंगे, बेरोजगारी दर उतनी ही अधिक होगी!

हालांकि, यह इंतजार एक अलग रूप ले लेता है। बहुत सारे स्नातक सरकारी प्रतियोगी परीक्षाओं की

तैयारी करने लग जाते हैं। कई राज्य सरकारें तो लोक सेवा आयोग की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए रियायत भी देती हैं। साल 2013 से 2019 तक के तमिलनाडु लोक सेवा आयोग के आंकड़ों का विस्तृत अध्ययन दर्शाता है कि साल 2018-2019 में, तमिलनाडु लोक सेवा आयोग के समूह-4 की एक ही भर्ती के लिए 1.37 करोड़ आवेदन आए। उस समय तमिलनाडु के लगभग 80 प्रतिशत बेरोजगार युवा इस परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। इन परीक्षाओं की तैयारी के लिए युवा निजी रोजगार को छोड़ दे रहे हैं। यह प्रवृत्ति सभी राज्यों में है।

सवाल है कि सरकारी नौकरियों के प्रति इतनी दीवानगी आखिर क्यों है? इसके कारण हमारे रोजगार ढांचे में निहित हैं। एक सरकारी पद पा जाने पर पक्की नौकरी, निजी क्षेत्र की तुलना में ज्यादा वेतन (उदाहरण के लिए, एक सरकारी ड्राइवर निजी ड्राइवर से चार गुना ज्यादा वेतन पाता है), स्वास्थ्य बीमा और पेंशन लाभ के साथ निचले स्तर की सरकारी नौकरी से भी सामाजिक रुतबा बन जाता है। लड़कियों के मामले में तो सरकारी नौकरीशुदा के लिए भावी ससुराल पक्ष से तत्काल सहमति मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इन्हीं कारणों से युवा सरकारी नौकरी के लिए बार-बार कोशिश करते हैं, मगर निजी नौकरी की ओर नहीं जाते।

मांग के पहलू पर स्थिति ज्यादा गंभीर है। साल 2012 से 2019 के बीच देश की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) सालाना 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी, लेकिन रोजगार-सृजन में केवल 0.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बड़े पैमाने पर रोजगार-सृजन करने वाले विनिर्माण क्षेत्र की कार्यबल में हिस्सेदारी दो दशकों से 12-14 प्रतिशत पर अटकी हुई है, जबकि उत्पादन में सालाना 7.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। साल 2004 से 2023 के बीच भारत में सालाना 50 लाख स्नातक शिक्षण संस्थानों से निकले, जिनमें से हर साल केवल 28 लाख को रोजगार मिल पाया। इनमें से केवल 17 लाख को ही सरकारी नौकरियां मिलीं। भारत बड़े पैमाने पर उस 'निर्यात-आधारित और श्रम-प्रधान' विकास के रास्ते से चूक गया, जिसने कभी पूर्वी एशिया का कायाकल्प किया था।

साल 2021-22 से 2023-24 के बीच सृजित हुए 8.3 करोड़ काम के अवसरों में से लगभग आधे कृषि क्षेत्र में पैदा हुए थे, जिनमें आय कम थी, जिनकी उत्पादकता सीमित थी और करियर के लिहाज से आगे बढ़ने के खास अवसर न थे। आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 में यह बताया गया है कि केवल 8.25 प्रतिशत स्नातक ही ऐसे पद पर कार्यरत हैं, जो उनकी योग्यता के अनुरूप है। लगभग आधे स्नातक प्राथमिक या अर्द्ध-कुशल श्रेणी के कार्यों में लगे हुए हैं। ये ऐसी नौकरियां नहीं हैं, जो 'करके सीखने', उत्पादकता या कौशल विकास के अवसर देती हों। ये ऐसी बंद गलियां हैं, जिनके लिए केवल डिग्री की आवश्यकता होती है।

हमारे श्रम कानून इस समस्या को और जटिल बना देते हैं। नियोक्ता स्थायी कर्मचारियों को नियुक्त करने से हिचकिचाते हैं, क्योंकि उन्हें वे आसानी से निकाल नहीं सकते। इसलिए उन्होंने संविदा के जरिये नौकरी सुरक्षा के कठोर कानूनों को दरकिनार कर दिया है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र ने इसकी शुरुआत की, जिसका अनुसरण अन्य क्षेत्रों ने किया। इसके विपरीत, अमेरिका में चार प्रतिशत बेरोजगारी दर के साथ-साथ नौकरियों में जबरदस्त गतिशीलता भी है। यहां करीब 20 प्रतिशत कर्मचारी लाभ और अनुभव के साथ साल में कई नौकरियां बदलते हैं।

इस समस्या से पार पाने के लिए नौकरी खोजने में कठिनाई और योग्यता के अनुकूल काम न मिलने की समस्या को कम करने की नीति अपनानी होगी। छोटे-छोटे स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम मांग व आपूर्ति बाजार को राहत दे सकते हैं। साथ ही रोजगार के लिए डिग्री के बजाय नियोक्ता के अनुकूल कौशल विकास अधिक सहायक होगा। श्रम बाजार की बेहतर जानकारी और आसानी से जॉब खोजने वाले पोर्टल आ जाएं, तो इस समस्या को सुलझाने में मददगार बन सकते हैं।

एक अन्य प्राथमिकता यह हो सकती है कि सरकारी नौकरियों में अत्यधिक सुविधाएं कम कर दी जाएं। इसके लिए कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि, संविदा नियुक्ति की शुरुआत और आउटसोर्सिंग में वृद्धि करनी होगी। स्थिति यह है कि हमारे स्नातक सरकारी नौकरी की आस में वर्षों का वक्त बर्बाद कर देते हैं, जबकि निजी क्षेत्र में रोजगार-सृजन कछुआ चाल से हो रहा है और कल्याणकारी नीतियों के लिए धन की कमी पड़ रही है। ऐसे में, हमें इस जटिल समस्या का कुछ न कुछ समाधान निकालना होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

उद्योग और उत्सव का ग्लोबल ब्रांड बना आईपीएल क्रिकेट

शैलेश चतुर्वेदी | वरिष्ठ खेल पत्रकार

यह क्रिकेट का धनतेरस है। भले ही तेरस या त्रयोदश 13 को कहा जाता है और आज से शुरू हो रहा आईपीएल का नया सीजन 65 दिन का होगा, लेकिन इसका हर दिन धनतेरस जैसा ही माना जाएगा। धन बरसने की शुरुआत हो भी चुकी है। पिछले दिनों राजस्थान रॉयल्स और आरसीबी की टीमें जितनी बड़ी रकम में बिकी हैं, कहां कोई सोच सकता था? 2008 में राजस्थान रॉयल्स को 67 मिलियन डॉलर, यानी उस समय के हिसाब से करीब 268 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। अब यही टीम 1.63 बिलियन डॉलर, यानी 15,000 करोड़ रुपये से ज्यादा में बिकी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु तो 16,000 करोड़ से भी ज्यादा में बिकी है। दिल्ली कैपिटल्स टीम के सह-मालिक पार्थ जिंदल तो यह भी मानते हैं कि अगले दशक में आईपीएल की सभी टीमों की कीमत चार से पांच अरब डॉलर हो सकती है।

निस्संदेह, क्रिकेट हमेशा से देश की भावनाओं का हिस्सा रहा है, लेकिन आईपीएल ने इसे एक अलग ही स्तर तक पहुंचा दिया है। ललित मोदी ने एक बार राजधानी के एक पांच सितारा होटल में अनौपचारिक बातचीत में कहा था कि 90 के दशक में उनके दिमाग में दो खेलों की लीग के विचार थे- एक, क्रिकेट और दूसरा, कबड्डी। क्रिकेट लीग पर बात चलती रही। बाद में इसे आनन-फानन में लाया तब गया, जब विद्रोही लीग शुरू हुई, जिसका नाम था आईसीएल। आज की तारीख में ललित मोदी तमाम आरोपों से घिरे देश से बाहर बैठे हैं, पर यह लीग इतना बड़ा रूप ले लेगी, इसका एहसास उन दिनों शायद उनको भी नहीं था।

हमारे खेलों की इकोनॉमी 2025 में दो अरब डॉलर, यानी 16,700 करोड़ रुपये को पार कर गई। क्रिकेट का हिस्सा इसमें 89 फीसदी है।

क्रिकेट ने साल-दर-साल इस देश में अपना राज स्थापित किया है। चंद रोज पहले ही रिपोर्ट आई है कि भारतीय खेल की अर्थव्यवस्था 2025 में दो अरब डॉलर, यानी 16,700 करोड़ रुपये को पार कर गई है। इसमें क्रिकेट का हिस्सा 89 फीसदी है, जो एक साल पहले, यानी 2024 में 85 फीसदी था। हालांकि, इन आंकड़ों से कहीं अलग असर आईपीएल का है। फ्रेंचाइजी, ब्रॉडकास्टर, कंपनियां, टिकट बिक्री से आए पैसे... ये सब एक तरफ हैं, लेकिन एक वर्ग और है, जो खेलों को कामयाब बनाने में अहम होता है। ऐसे खिलाड़ी सहायक भूमिका में टीम में आकर स्टार हो जाते हैं। आईपीएल ने हर साल ऐसे खिलाड़ियों का जश्न मनाया है- चाहे वह टी नटराजन हों, मोहम्मद सिराज हों, रिंकू सिंह हों, यशस्वी जायसवाल हों। यह सूची अंतहीन है। क्रिकेट में छोटे शहरों से खिलाड़ियों का आना तो बहुत पहले शुरू हो चुका था, लेकिन आईपीएल ने उन्हें जिस तरह की जमीन दी है, वैसा पहले कभी नहीं हुआ था। कमजोर घर से आकर इतनी जल्दी स्टार बनना डराता भी है। जल्दी धन-दौलत मिलना कई बार जमीन से पांव हटा देता है। हालांकि, ऐसे मामले चंद ही हैं।

जीवन-स्तर सुधारने की बात उन लोगों तक भी है, जो बेनाम हैं। इनको सिर्फ ग्राउंड स्टाफ के नाम से जाना जाता है। गर्मियों में वे स्थानीय लीग के लिए काम करते थे, लेकिन उसमें पैसा न के बराबर था। अब 65 दिन के टूर्नामेंट का मतलब है, कम-से-कम चार महीने का काम। इसमें स्कोरर, क्यूरेटर, ग्राउंड स्टाफ, कैटरिंग, ड्राइवर, टीवी क्रू... और न जाने कितने सारे लोग हैं, जो फटाफट क्रिकेट की अर्थव्यवस्था से जुड़कर अपना घर चला रहे हैं। हालांकि, कुछ गड़बड़ियां भी हैं। जैसे- भ्रष्टाचार के मामले और कई आरोप, लेकिन यह हमें समझना पड़ेगा कि जहां इतना धन होगा, वहां कुछ मामले तो आएंगे ही। बड़ी तस्वीर यही है कि आईपीएल ने हमारे देश में खेल की, खिलाड़ियों के जीवन-स्तर की तस्वीर बदली है। इसने क्रिकेट को सिर्फ बदला नहीं, बल्कि उसे एक नए युग में पहुंचा दिया है।

यह कहा जाता रहा है कि आईपीएल ने टेस्ट क्रिकेट के स्तर को गिरा दिया। यह सही है कि तकनीकी तौर पर दक्षता कुछ कम हुई है। जरा सी खराब पिच पर बल्लेबाज ढेर हो जाते हैं, पर टेस्ट क्रिकेट में नतीजे बढ़े हैं। नतीजे बढ़ने से खेल ज्यादा रोमांचक होता है। यानी, टेस्ट क्रिकेट को कम-से-कम आईपीएल से खतरा नहीं है। कुल मिलाकर, यह लीग अब एक उद्योग, एक उत्सव और एक ग्लोबल ब्रांड बन चुकी है। अब हर दिन धनतेरस है और प्रशंसकों के लिए दीपावली।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

सेहत के लिए खाइए

सदियों से यह लगातार दोहराया जाता रहा है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। आपके स्वास्थ्य पर सबसे अधिक असर इस बात का पड़ता है कि आप क्या खा रहे हैं?

भोजन के बारे में हमें एक बात याद रखनी चाहिए कि कुछ खास तरह का भोजन पचाने के लिए हमारा पाचन तंत्र जहां क्षार पैदा करता है, वहीं कुछ अन्य प्रकार के भोजन के लिए यह अम्ल पैदा करता है। यदि आप कई तरह का भोजन एक साथ कर लेते हैं, तो आपका पेट भ्रम में पड़ जाता है और क्षार के साथ अम्ल भी पैदा करने लगता है। ये दोनों एक-दूसरे के असर को समाप्त कर देते हैं। इससे हमें पाचन रसों का लाभ नहीं मिल पाता है। इसके कारण भोजन पेट में आवश्यकता से अधिक समय तक बना रहता है और कोशिकीय स्तर पर ऊर्जा प्राप्त करने की हमारी क्षमता कमजोर पड़ जाती है। इससे ऊर्जा प्रणाली में जड़ता भी पैदा होती है, जिसे हम 'तमस' कहते हैं। यदि यह लंबे समय तक रहे, तो आपके गुणों पर असर होने लगता है, और यह न केवल आप क्या हैं बल्कि आप क्या बन सकते हैं, उस पर भी प्रभाव डालता है।

प्राचीन काल से ही, दक्षिण भारत में लोग इस बात का खास ध्यान रखते थे कि कुछ खास व्यंजनों को आपस में न मिलाया जाए। किंतु आजकल, भोजन का महत्व शरीर को स्वस्थ रखने के लिए रह ही नहीं गया है, यह एक सामाजिक मामला बन गया है। लोग जब भोज में खाते हैं, तब शरीर को पोषण देने से अधिक चर्चे इस बात के होते हैं कि कितनी तरह के व्यंजन लगाए गए? सवाल यह नहीं कि क्या नहीं खाएं, बल्कि मुद्दा यह है कि क्या खाएं और कितनी मात्रा में खाएं? यह नैतिकता का नहीं, बल्कि जीवन की समझ का विषय है। शहरी जीवन से जूझने के दौरान आपको चुस्त-दुरुस्त दिमाग की जरूरत पड़ती है। साथ ही शरीर और मन के बीच एक संतुलन रखना पड़ता है। यही नहीं, आप में से कुछ की आध्यात्मिक आकांक्षा (चाहे बरसों में एक बार ही उसकी इच्छा जगे!) भी होती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपना संतुलित भोजन तय करना चाहिए, किंतु इसके लिए उसे कोई शपथ लेने की जरूरत नहीं है, बल्कि यह निरीक्षण और जागरूकता से किया जाना चाहिए।

इस धरती का हर जीव जानता है कि उसे क्या खाना चाहिए और क्या नहीं। फिर समस्या क्या है? समस्या यह है कि आप भरपूर ध्यान नहीं देते, बजाय उसके ढेर सारी जानकारियां बटोर लेते हैं।

यह महत्वपूर्ण है कि आप भोजन को लेकर झक्की न बन जाएं। आप हर समय भोजन के पीछे ही लगे हुए हैं- इसको ऐसा कोई मुद्दा न बनाएं। इस धरती का हर जीव जानता है कि उसे क्या खाना चाहिए और क्या नहीं। फिर समस्या क्या है? आपकी समस्या यह है कि आप भरपूर ध्यान नहीं देते, बजाय उसके ढेर सारी जानकारियां बटोर लेते हैं।

सद्गुरु जग्गी वासुदेव

वी पी मलिक | पूर्व सेनाध्यक्ष

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के निजी सचिव और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे ब्रजेश मिश्रा से मैंने एक सबक सीखा था कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में संवाद बहुत जरूरी है। हां! हालात के हिसाब से इसकी गहनता अलग-अलग हो सकती है।

भरोसेमंद मध्यस्थ की तलाश करे अमेरिका

पश्चिम एशिया में शांति के लिए अमेरिका को किसी ऐसे विश्वसनीय मध्यस्थ की तलाश करनी चाहिए, जिस पर ईरान पूरा भरोसा कर सके। मौजूदा हालात में अमेरिका और ईरान के बीच भरोसे की इतनी कमी हो चुकी है कि बिना किसी विश्वसनीय मध्यस्थ के सार्थक-वार्ता संभव नहीं दिखती। पहली समस्या यही है कि अमेरिका के बयानों और कदमों में एकरूपता नहीं दिखती। एक तरफ, वह युद्ध-विराम का प्रस्ताव देता है, दूसरी तरफ, उसके पुराने रुख व दबाव की नीति ईरान को उस पर भरोसा करने से रोकती है। ऐसे में, ईरान द्वारा प्रस्ताव का मजाक उड़ाना केवल प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि अविश्वास का संकेत है। दूसरी ओर, एक निष्पक्ष मध्यस्थ की कमी साफ दिखाई देती है। इतिहास बताता है कि जब भी दो देशों के बीच तनाव चरम पर होता है, तब तीसरे पक्ष की भूमिका निर्णायक होती है। यहां भी ऐसे किसी पक्ष को आगे लाना जरूरी है। तीसरी महत्वपूर्ण बात है, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिक्रिया अक्सर देर से और कमजोर रही है। जब संकट की शुरुआत में ठोस कदम नहीं उठाए जाते, तो बाद में केवल अपीलें प्रभावी नहीं होतीं। इससे प्रभावित पक्षों में असंतोष और अविश्वास बढ़ता है, जैसा कि ईरान के बयान से स्पष्ट है। बिना इनके पश्चिम एशिया में शांति की बात बेमानी है।

युगल किशोर राही, टिप्पणीकार

डोनाल्ड ट्रंप की ओर से पेश किए गए युद्ध-विराम प्रस्ताव का ईरान ने जिस तरह उपहास उड़ाया, वह इस बात का संकेत है कि कूटनीतिक स्तर पर दोनों पक्षों के बीच कोई ठोस आधार नहीं बन पाया है। इस प्रस्ताव की सबसे बड़ी कमजोरी यह रही कि इसे बिना किसी विश्वसनीय मध्यस्थ के आगे बढ़ाया गया। आमतौर पर ऐसे संवेदनशील मामलों में संयुक्त राष्ट्र या अन्य निष्पक्ष देशों की भूमिका अहम होती है, जिससे दोनों पक्षों के बीच विश्वास कायम किया जाता है। मगर इस मामले में अमेरिका ने सीधे प्रस्ताव रखकर यह मान लिया कि ईरान उस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देगा, जो उसकी एक रणनीतिक भूल साबित हुई। दूसरी ओर, ईरान ने भी अपनी पांच शर्तें रखकर यह स्पष्ट कर दिया कि वह अब दबाव की रणनीति में नहीं फंसने वाला। इन शर्तों को स्वीकार करना अमेरिका के लिए आसान नहीं है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि ईरान अब अपनी स्थिति को पहले से अधिक मजबूत मान रहा है। साफ है, बिना ठोस संवाद, आपसी विश्वास और किसी निष्पक्ष मध्यस्थ की भूमिका के अमेरिका और ईरान के बीच किसी सार्थक समझौते की संभावना फिलहाल बेहद कम है।

विभूति बुपक्या, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम

शांति समझौता

अंतरराष्ट्रीय समुदाय अपना फर्ज निभाएं

आज जब विज्ञान, तकनीक व वैश्वीकरण के सहारे मानव सभ्यता अभूतपूर्व प्रगति की ओर अग्रसर है, तो ठीक उसी समय विश्व के अनेक हिस्सों में युद्ध का उन्माद मानवीय मूल्यों को रौंदता हुआ आगे बढ़ रहा है। यह विरोधाभास पीड़ादायक है कि एक ओर मनुष्य अंतरिक्ष में नई सीमाएं खोज रहा है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से जीवन को सुगम बना रहा है, तो वहीं दूसरी ओर उसके भीतर हिंसा, प्रतिशोध और वर्चस्व की प्रवृत्तियां इतनी प्रबल हो उठी हैं कि वह अपने ही अस्तित्व के मूल आधार मानवता को नष्ट करने पर आमादा है। ईरान युद्ध इसका ताजा उदाहरण है। किसी भी युद्ध की तरह इसका भी सबसे भयावह पक्ष यही है कि इसकी कीमत वे लोग चुका रहे हैं, जिनका इस युद्ध से सीधा संबंध नहीं है। निर्दोष नागरिक, महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग- ये सभी इस हिंसा के सबसे आसान शिकार बन रहे हैं। यहां तक कि स्कूल-अस्पताल भी निशाना बनाए जा रहे हैं, जो साफ संकेत है कि सिर्फ नियमों का उल्लंघन नहीं हो रहा, बल्कि सभ्यता की आत्मा पर प्रहार हो रहा है।

ऐसे में, युद्ध को तुरंत खत्म करने की जरूरत स्वाभाविक ही महसूस की जा रही है। अंतरराष्ट्रीय कानून और युद्ध संबंधी नियम, जिनको जिनेवा कन्वेंशन के माध्यम से स्थापित किया गया है, स्पष्ट रूप से यह कहते हैं कि युद्ध के दौरान नागरिकों, अस्पतालों, स्कूलों और शरणार्थी शिविरों को निशाना नहीं बनाया जाएगा। मगर अब तो निर्लज्जता के साथ ऐसा किया जा रहा है, जो चिंताजनक है। इस स्थिति में सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि इस हिंसा को रोकने की जिम्मेदारी किसकी है? क्या यह सिर्फ अमेरिका और ईरान की जिम्मेदारी है? नहीं! वास्तव में, यह सबकी जिम्मेदारी है। सरकारों को चाहिए कि वे युद्ध के बजाय कूटनीति और संवाद का मार्ग अपनाएं, अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन सुनिश्चित करें और मानवाधिकारों की रक्षा को प्राथमिकता दें। वहीं, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी इसमें अधिक सक्रिय भूमिका निभानी होगी, ताकि नियमों का उल्लंघन करने वाले देशों को जवाबदेह बनाया जा सके।

जागरूकता, सहानुभूति और मानवता के मूल्यों को बढ़ावा देकर हम इस संकट का सामना कर सकते हैं। हमें यह मानना होगा कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि एक नई समस्या की शुरुआत है। शांति केवल समझौतों से नहीं, बल्कि मानसिकता के परिवर्तन से आती है। वास्तव में, यह समय आत्ममंथन का है। यदि मानवता को बचाना है, तो हमें युद्ध के उन्माद से ऊपर उठकर शांति, सह-अस्तित्व और करुणा के मार्ग को अपनाना होगा।

ममता कुशवाहा, शिक्षिका

वाहन खरीदारी में दिखाएं ज्यादा समझदारी

वर्तमान हालात को देखते हुए ऑटोमोटिव कंपनियां अपनी रणनीति तैयार कर चुकी हैं। वहीं, खरीदारों में महंगाई, ईंधन के भावी दाम को लेकर आशंकाएं हैं। वाहन बाजार के अनुमान बताते हैं कि वाहन बिक्री अपनी गति से जारी रहेगी। अगर आपने वाहन खरीदारी की योजना इस दौरान बनाई है, तो आपको कुछ बातों का ध्यान जरूर रखना चाहिए। आपको कैसे वाहन खरीदने चाहिए? वाहन खरीदने के फैसले को आप किन कसौटियों पर परखेंगे, आइए जानते हैं...

लगातार बदलते हालात में ऑटोमोबाइल कंपनियां बेहद रणनीतिक और डेटा-आधारित दृष्टिकोण अपना रही हैं। इस साल बाजार में कीमतों में उतार-चढ़ाव भी देखने को खूब मिला है। वर्तमान में वैश्विक अनिश्चितता के हालात आम आदमी के लिए वाहन की खरीदारी की चिंता बढ़ा रहे हैं।

कंपनियों की रणनीति समझें

कंपनियां फिलहाल दो रणनीतियों पर चल रही हैं पुराने स्टॉक पर डिस्काउंट और नई कीमतों में धीरे-धीरे संशोधन। ऐसे समय में कंपनियां अक्सर पहले बिक्री बढ़ाने के लिए छूट, एक्सचेंज बोनस और आसान किस्त जैसी योजनाएं लाती हैं, फिर लागत बढ़ने पर कीमतों में संशोधन करती हैं।

मार्च में मारुति सुजुकी ने कुछ मॉडल पर 45 हजार रुपये तक के लाभ दिए हैं, जबकि टाटा मोटर्स अप्रैल से कीमत बढ़ाने की घोषणा कर चुकी है। जानकारों के मुताबिक, हालांकि मांग पहले से बहुत ऊंची है और चालू वित्त वर्ष के अंत तक देश में कुल कार बिक्री 45 लाख से ऊपर जा सकती है, लेकिन थोड़ी सी आपूर्ति बाधा भी असर बढ़ा सकती है।

इस सोच से खरीदें नई गाड़ी...

चेरिश टाटा के सीईओ मनीष श्रीवास्तव के अनुसार अगर कोई आज कार खरीद रहा है, तो उसे इमोशनल नहीं, वैल्यू आधारित खरीद की सोचना चाहिए। अपनी जरूरत, बचत, कॉस्ट टु ओनरशिप, रीसेल वैल्यू और ब्रांड देखकर निर्णय लेना समझदारी होगी।

यदि आपका बजट तय है, चुना हुआ मॉडल उपलब्ध है और डीलर छूट दे रहा है तो खरीद को बहुत लंबा टालना जरूरी नहीं है, क्योंकि आने वाले समय में कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। यदि आप किसी नए मॉडल का इंतजार कर रहे हैं या अलग विकल्पों की तुलना करना चाहते हैं तो कुछ समय लेकर फैसला करना बेहतर हो सकता है। इस समय केवल शुरुआती कीमत नहीं, बल्कि अगले 3 से 5 वर्षों का कुल खर्च देखना ज्यादा समझदारी होगी। बेहतर माइलेज, कम रखरखाव और मजबूत सेवा नेटवर्क इस समय सबसे व्यावहारिक आधार माने जा रहे हैं।

इलेक्ट्रिक वाहन किफायती

लंबी दूरी या छोटे शहरों में अभी भी पेट्रोल और मिश्रित ईंधन वाले विकल्प ही अधिक व्यावहारिक माने जा रहे हैं। हालांकि, ईंधन महंगा होने पर शहरों में चलने वालों के लिए इलेक्ट्रिक वाहन उपयोगी साबित होंगे। बता दें कि इस साल फरवरी तक इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की पैठ कुल बाजार में 5 फीसदी रही है। यदि घर पर चार्जिंग की सुविधा है और रोज सीमित दूरी तय करते हैं, तो इलेक्ट्रिक वाहन सबसे अच्छा चयन होंगे।

ओनरशिप कॉस्ट समझें

कुल टीओसी यानी मालिकाना खर्च को समझना जरूरी है। इसके लिए नए वाहन के 5 साल का खर्च निकालें। यदि आप एक 12-15 लाख रुपये की पेट्रोल एसयूवी लेते हैं, और 5 साल तक 50,000 किमी चलाते हैं, तो बीमा, मेंटेनेंस, वैल्यू डेप्रिसिएशन आदि को मिलाकर खर्च लगभग 8.5 -10 लाख रुपये के बीच आता है। ध्यान रखें कि एक औसत एसयूवी के लिए वास्तविक परिस्थितयों में 12 किलोमीटर का माइलेज यहां लिया गया है। इसके विपरीत, एक समान बजट वाली इलेक्ट्रिक कार का 5 साल का खर्च 2.5 लाख से 3 लाख बैठता है, क्योंकि इसकी ईंधन पर आने वाला खर्च 1.2 रुपये प्रति किमी के आसपास है और सर्विसिंग में बहुत कम पुर्जे बदलने पड़ते हैं।

जरूरत देख खरीदें, ट्रेंड से नहीं

भारतीय बाजार में इन दिनों एसयूवी का दबदबा है। इसकी बाजार हिस्सेदारी 2025-26 में बढ़कर लगभग 55 फीसदी तक पहुंच गई है। हालांकि, केवल 'ट्रेंड' के पीछे भागने के बजाय अपनी जरूरत का आकलन करना अधिक समझदारी है। यदि आपका 90 फीसदी उपयोग शहर के भीतर है, तो एक हैचबैक या कॉम्पैक्ट सेडान आज भी कहीं अधिक व्यावहारिक विकल्प है। किफायत की नजर से देखें, तो एक हैचबैक जैसे स्विफ्ट या आई20 का पांच साल का कुल रखरखाव और बीमा खर्च एक एसयूवी की तुलना में लगभग आधा हो सकता है। साथ ही, शहर की तंग गलियों और पार्किंग के लिए हैचबैक का छोटा टर्निंग रेडियस इसे एसयूवी के मुकाबले कहीं अधिक फुर्तीला और तनावमुक्त बनाता है।

सर्विस नेटवर्क भी एक कसौटी

विश्वसनीय ब्रांड्स का सर्विस नेटवर्क व्यापक होने के कारण स्पेयर पार्ट्स आसानी से और सस्ते मिलते हैं। एक लोकप्रिय ब्रांड भरोसा और बचत, दोनों की राह बनता है। इस संदर्भ में मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, महिंद्रा, हुंडई फोर व्हीलर के सबसे ज्यादा लोकप्रिय ब्रांड हैं। वहीं, दोपहिया वर्ग में हीरो मोटोकॉर्प सबसे ज्यादा टच पाइंट्स के लिए जाना जाता है। इसकी आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार 6500 से अधिक टचपॉइंट्स हैं। होंडा और टीवीएस का नेटवर्क भी बहुत अच्छा है। ताजा हालात में खरीदारी भावनात्मक आधार पर कम उपयोगिता के आधार पर करना ज्यादा फायदेमंद सौदा होगा। शायद यही कारण है कि अब लोग एक वाहन खरीदने से पहले यूट्यूब, रिव्यूज, तुलना आदि के शोध अनिवार्य रूप से अपने स्तर पर कर रहे हैं।

ईएमआई का गणित

नई गाड़ी का उत्साह अक्सर वित्तीय दबाव में बदल जाता है, जिससे बचना जरूरी है। विशेषज्ञों का मानना है कि किसी नई कार की मासिक ईएमआई कुल इन हैंड आय के 15 से 20 फीसदी से अधिक नहीं होनी चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि आपकी मासिक आय एक लाख रुपये है, तो 20,000 से ज्यादा की ईएमआई आपके निवेश, आपातकालीन फंड और अन्य खर्चों पर बुरा असर डाल सकती है। अगर निजी बैंक का लोन है तो ब्याज दर 9 फीसदी से अधिक भी हो सकती है। ऐसे में 10 लाख का लोन 5 साल के लिए लगभग 21,000 प्रति माह की ईएमआई बनाएगा।

वेटिंग बनाम ऑफर की पहेली

वाहन खरीदते समय 'वेटिंग' और 'ऑफर' के

पैसे के नजरिए से सही मायने समझना भी जरूरी है। इन दिनों लोकप्रिय वेटिंग मॉडल्स पर अक्सर कुछ लाख रुपये तक का प्रीमियम या एक्सेसरीज का अतिरिक्त बोझ आता है। इसके विपरीत, यदि आप शोरूम में उपलब्ध तैयार वाहन या पिछले साल के मॉडल्स चुनते हैं, तो आप नकद छूट, एक्सचेंज बोनस और कॉर्पोरेट लाभ मिलाकर 1.5 लाख से 2.5 लाख रुपये तक की सीधी बचत कर सकते हैं। वैसे भी इस समय वित्त वर्ष की क्लोजिंग के चलते कई लोकप्रिय मॉडल्स पर छूट ऑफर हो रही है, जो अप्रैल में ज्यादा दाम में बदल सकती है।

रीसेल वैल्यू भी देखें

मारुति स्विफ्ट जैसे लोकप्रिय मॉडल्स 5 साल बाद भी अपनी 60 फीसदी से अधिक वैल्यू बचाए रखते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार वैगन आर जैसी कारों की रीसेल वैल्यू अच्छी है। वहीं टोयोटा हाईक्रॉस इस मामले में किंग कही जाती है। यानी आज के दौर में गाड़ी खरीदना केवल शोरूम प्राइस का खेल नहीं है। कई ऐसे आधुनिक डिजिटल टूल्स आ गए हैं, जिनके आधार पर आप अपनी कार के पांच साल बाद की वैल्यू के बारे में पता कर सकते हैं। जैसे आरेंज बुक वैल्यू (ओबीवी)। यह रीयल-टाइम मार्केट डेटा का उपयोग करते हैं और लंबी अवधि में आपके वाहन की कीमत में गिरावट का स्पष्ट अंदाजा देंगे।

उम्मीद भरे आंकड़े

सरकार के 'वाहन' पोर्टल पर 1 से 17 मार्च तक के डेटा के अनुसार, कुल वाहन पंजीकरण 12.54 लाख यूनिट्स रहा, जो पिछले साल इसी अवधि के दौरान दर्ज किए गए 9.92 लाख यूनिट्स की तुलना में 27% अधिक है।

ग्रामीण और शहरी दोनों बाजारों में वाहनों की मांग है, खासकर एसयूवी और कम ईंधन खर्च वाली गाड़ियों की मांग मजबूत है। ग्रामीण क्षेत्रों से मांग में सुधार और एसयूवी व इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की रिकॉर्ड-तोड़ बिक्री के चलते, ऑटोमोबाइल उद्योग 2022 के बाद से फिलहाल अपने सबसे शानदार प्रदर्शन की राह पर दिखा है।

रूपाली चतुर्वेदी

सुरक्षा सुविधाओं से लैस कुशाक

जनवरी 2026 में पहली बार सामने आई नई कुशाक फेसलिफ्ट अब बाजार में पहुंच चुकी है। यह कार भारतीय बाजार में पांच साल बाद फिर आई है और इसमें 25 से अधिक मानक सेफ्टी फीचर्स मिल रहे हैं।

नई कार

स्कोडा कुशाक के नए फेसलिफ्ट मॉडल को पांच वैरिएंट में लाया गया है, जिसमें क्लासिक प्लस, सिग्नेचर, स्पोर्टलाइन, प्रेस्टीज और मोंटे कार्लो शामिल हैं।

इंजन : दो टर्बो पेट्रोल विकल्प दिए जा रहे हैं- 1.0 टीएसआई या 1.5 टीएसआई, जिसमें मैनुअल या ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन का विकल्प मिलता है। इसका 1.0 टीएसआई इंजन 114 बीएचपी की पावर और 178 एनएम का टॉर्क देता है। यह 6-स्पीड मैनुअल या 8-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ आता है। इसकी एआरएआई ईंधन दक्षता यानी माइलेज की बात करें, तो मैनुअल ट्रांसमिशन के साथ 19.66 किलोमीटर प्रति लीटर और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ 19.09 किमी प्रति लीटर है।

कुशाक फेसलिफ्ट के 1.5 टीएसआई इंजन संस्करण में 148 बीएचपी की पावर और 250 एनएम का टॉर्क मिलता है। इसमें 7-स्पीड डीएसजी ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन का इस्तेमाल किया गया है। एआरएआई के अनुसार, इसकी फ्यूल एफिशिएंसी 18.72 किलोमीटर प्रति लीटर है।

सुरक्षा में कैसी : सभी वेरिएंट को ग्लोबल एनकैप से 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली है। टॉप वेरिएंट में 40 तक सेफ्टी फीचर्स हैं। स्टैंडर्ड फीचर्स में 6 एयरबैग, लेवल 2 अडास दिया गया है। अन्य फीचर्स में एलईडी हेडलैंप और टेललैंप, इलेक्ट्रिक सनरूफ, और क्लाइमेट्रॉनिक ऑटो एसी शामिल हैं। हाई ट्रिम्स में वर्चुअल कॉकपिट, पैनोरमिक सनरूफ और पिछली सीट पर मसाजर भी मिलते हैं।

आठ रंगों में आई: नई कुशाक 8 रंगों में उपलब्ध हैं, जिनमें तीन नए शेड्स शिमला ग्रीन, स्टील ग्रे और चेरी रेड शामिल किए गए हैं। फेसलिफ्ट के साथ 4 साल या 1 लाख किलोमीटर की वारंटी के साथ 4 साल की रोडसाइड असिस्टेंस और 2 साल या 30,000 किलोमीटर तक चार लेबर-फ्री सर्विस मिलती हैं। कीमत एक्स-शोरूम 10.69 लाख रुपए से शुरू।

नरेंद्र

ब्लाइंड स्पॉट मॉनिटरिंग सिस्टम वाली कुछ कारें

आमतौर से कार की ड्राइविंग सीट पर बैठकर बाहर के कुछ हिस्सों को देख पाना बिल्कुल संभव नहीं हो पाता। इन्हें ब्लाइंड स्पॉट कहते हैं। इसके समाधान के लिए ब्लाइंड स्पॉट मॉनिटरिंग सिस्टम अब हर कार की जरूरत है। यहां हम दे रहे हैं ऐसी चार कारें, जो बनाएंगी ड्राइविंग को आसान :

कार बाजार

यदि आप नियमित रूप से गाड़ी चलाते हैं, तो आपने ब्लाइंड स्पॉट के बारे में जरूर सुना होगा। सड़क दुर्घटनाओं के कारणों पर चर्चा करते समय इस शब्द का अक्सर उल्लेख किया जाता है। ब्लाइंड स्पॉट ड्राइव करते हुए कार के आसपास का वह हिस्सा होता है, जहां चालक वस्तुओं या अन्य वाहनों की उपस्थिति का पता नहीं लगा सकता।

ब्लाइंड स्पॉट की वजह से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए ही कारों के लिए ब्लाइंड स्पॉट मॉनिटरिंग अब एक प्रीमियम फीचर से बदलकर एक अनिवार्य सुरक्षा जरूरत बन गया है। कुछ कारों में भारतीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर यह सिस्टम बेहतर तरीके से तैयार किया गया है। आइए जानें, विभिन्न सेगमेंट की ऐसी कुछ एसयूवी, जो ब्लाइंड स्पॉट मॉनिटरिंग के साथ आती हैं :

महिंद्रा एक्सयूवी 7 एक्सओ

महिंद्रा एक्सयूवी 7 एक्सओ मौजूदा समय में भारतीय बाजार में उपलब्ध सबसे उपयोगी ब्लाइंड-स्पॉट मॉनिटरिंग सिस्टम में से एक मुहैया करती है। इसकी शुरुआती एक्स शोरूम कीमत 13.66 लाख रुपये है। इस कार में ऐसे स्मार्ट सेंसर और कैमरे लगे हैं, जो सड़क पर नजर रखते हैं। कार में कोलिजन अवॉयडेंस और लेन असिस्ट जैसे फीचर्स भी हैं। अगर अचानक कार के सामने कोई आ जाए और ड्राइवर ब्रेक न लगा पाए, तो कोलिजन अवॉयडेंस सिस्टम खुद ब्रेक लगाकर टक्कर रखने की कोशिश करता है। वहीं, लेन असिस्ट ड्राइवर को कार को दोबारा सही लेन में लाने की चेतावनी देता है। इस सिस्टम को भारतीय ट्रैफिक की अनिश्चितताओं से निपटने के लिए तैयार किया गया है। यह टर्बो पेट्रोल और टर्बो डीजल इंजन विकल्पों के साथ उपलब्ध है।

नई रेनॉ डस्टर

10.29 लाख रुपये एक्स शोरूम की कीमत से शुरू होने वाली नई रेनॉ डस्टर बीती 17 मार्च को लॉन्च हो चुकी है। ब्लाइंड-स्पॉट मॉनिटरिंग जैसी आधुनिक सुरक्षा तकनीक के साथ इसमें शानदार ग्राउंड क्लियरेंस और रफ-टफ लुक्स जैसे कई खास आकर्षण हैं। इसमें दो टर्बो पेट्रोल इंजन दिए गए हैं और जल्द ही एक हाइब्रिड मॉडल भी इसमें शामिल होगा। नई डस्टर न केवल चलाने में मजेदार और सुरक्षित है, बल्कि यह लंबी दूरी की यात्राओं के लिए किफायती एसयूवी भी साबित होगी।

टाटा हैरियर

12.89 लाख एक्स शोरूम की शुरुआती कीमत वाली टाटा हैरियर की सुरक्षा में अडास फीचर्स और 360 डिग्री कैमरा जुड़ने से महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं। अगर आप हाईवे पर बहुत ज्यादा सफर करते हैं, तो अपने बड़े व शक्तिशाली इंजन और शानदार सस्पेंशन सेटअप के साथ टाटा हैरियर आपके लिए बेहतरीन एसयूवी है। इसकी लोकप्रियता युवाओं में बहुत अधिक है।

टिग्वान आर लाइन

प्रीमियम सेगमेंट की वोक्सवैगन टिग्वान आर लाइन दिखने में बहुत तड़क-भड़क वाली नहीं लगती, लेकिन इसका ब्लाइंड-स्पॉट मॉनिटरिंग सिस्टम काफी सटीक है।

यह रडार-आधारित डिटेक्शन और रियर क्रॉस-ट्रैफिक अलर्ट पर निर्भर करता है। 200 पीएस की ताकत वाला इंजन और 7-स्पीड डीएसजी वाला गियरबॉक्स इस कार को सबसे खास बनाता है। अगर आपको लॉन्ग ड्राइव पर जाना पसंद है, तो यह एसयूवी आपके लिए बेहतरीन विकल्प है। इस कार कीमत 45.73 लाख रुपये एक्सशोरूम है।

Hindustan Times

रोजनामचा

पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

मेष : आत्म संयत रहें। बेकार के क्रोध से बचें। दूसरों से वाद-विवाद न करें। संतान की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा।

वृष : मन अशांत रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकते हैं।

मिथुन : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के विस्तार के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। आय वृद्धि होगी।

कर्क : मन में शांति और प्रसन्नता रहेगी। आत्म-विश्वास भी भरपूर रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें।

सिंह : मन परेशान रहेगा। आत्म विश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। लाभ में वृद्धि होगी।

कन्या : मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। सेहत का ध्यान रखें। खर्च में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

तुला : आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। किसी मित्र के सहयोग से किसी नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

वृश्चिक : आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। मन लेकिन परेशान हो सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। आय में वृद्धि के योग।

धनु : आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। मित्रों का सहयोग भी मिल सकता है।

मकर : मन प्रसन्न रहेगा। परंतु बातचीत में संतुलित रहें। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा से लाभ के अवसर मिलेंगे।

कुंभ : मन परेशान हो सकता है। आत्म संयत रहें। बेकार के क्रोध से बचें। बातचीत में संतुलित रहें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ में भी बढ़ोतरी होगी।

मीन : मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। कारोबार में बाधा आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से लाभ के अवसर मिल सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी।

व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋषिकांत गोस्वामी

28 मार्च, शनिवार, **शक संवत्:** 07, चैत्र (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग:** 15, चैत्र मास प्रविष्टे 2083 **इस्लाम:** 08 शव्वाल 1447, **विक्रमी संवत्:** चैत्र शुक्ल दशमी तिथि प्रातः 08.46 मिनट तक पश्चात एकादशी तिथि, गर करण चन्द्रमा कर्क राशि में (दिन-रात)
सूर्य उत्तरायण। सूर्य उत्तर गोल। प्रातः 09 बजे से प्रातः 10.30 मिनट तक राहुकालम्। भद्रा रात्रि 08.17 बजे से। श्री धर्मराज दशमी। नवरात्र व्रत पारण। गण्डमूल दोपहर 02.51 मिनट से।

वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

ईएमएफ क्या होता है और वास्तु के अनुसार कैसे प्रभावित करता है? -प्रभास, दिल्ली

किसी भी भवन में बिजली के उपकरणों या वायरिंग से जो इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फील्ड बनती है, उसे ईएमएफ कहते हैं। लगातार इसके प्रभाव में रहने के कारण शरीर की कोशिकाओं की कार्यप्रणाली और नींद पर असर पड़ सकता है।

- जिससे गहरी नींद न आने की समस्या हो सकती है। सुबह उठने पर भारीपन, सिरदर्द हो सकता है। लंबे समय तक संपर्क से एकाग्रता कम हो सकती है। ज्यादा संवेदनशील लोगों की त्वचा में झुनझुनी हो सकती है। उपाय के तौर पर नियमित नंगे पैर जमीन या घास पर चलें। सोते समय सिर के पास मोबाइल चार्जर या बिजली के बोर्ड न हों।

वर्ग पहेली : 8281



बाएं से दाएं
3. स्थिर; अचल; अटल (4)
6. जनता का हित चाहने वाला; जनसेवक; लोकसेवा करने वाला; लोकसेवी (5)
8. चटक मटक; दीप्ति; तड़क भड़क; शान (3,3)
9. अकस्मात; अचानक; एकाएक (3)
11. डाली; पतली शाखा (3)
12. घातक; नाशक; भयानक; मर्मांतक, हिंस्र (3)
16. किसी घटना का मंच पर प्रदर्शन; मंचन योग्य कथा (3)
17. चमक दमक; ठसक; नाज नखरा; बनाव सिंगार; वेशविन्यास और हावभाव (3,3)
19. छुट्टी मारना; नियम तोड़ना (2,3)
20. आदमी-औरत; नर- नारी; (2,2)

ऊपर से नीचे
1. चिकना होने का भाव; चिकनापन (5)
2. छाल; आवरण; जिरह बख्तर (3)
4. झगड़ा करना; दावा करना; बहस करना; मुकदमा चलाना (3,3)
5. ऊंचे स्थान से बंधना; झूलना; टंगना (4)
7. शरीर का मध्य भाग; कटि (3)
10. जीवट दिखाना; जोखिम भरा काम करने का प्रयास करना; हिम्मत करना (3,3)
13. कट कर मर जाना; जान की बाजी लगा देना; लड़ मरना (2,3)
14. जल पीना; मुखशुद्धि हेतु जल लेना; मंत्र पढ़ कर दाहिने हाथ से जल पीना (4)
15. तल से तल मिलना; चिपकना; (3)
18. नदी का किनारा; ऊंचा टीला (3)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

वर्ग पहेली : 8280

■	1 स	■	2 ज	3 न	मा	4 न	स	■
5 बा	ह	र	■	ट	■	ज	■	6 वा
■	ना	■	7 अ	व	स	र	वा	द
8 सं	य	9 त	■	र	■	ल	■	क
■	10 क	म	रा	■	11 दं	ग	12 ल	■
13 वि	■	त	■	14 स	■	15 ना	ह	क
16 मा	ला	मा	ल	हो	ना	■	ल	■
न	■	ह	■	द	■	17 ब	हा	र
■	18 झ	ट	का	र	ना	■	ना	■

सुडोकू : 8263 *कठिन

3		5	8					
				3			8	
7					6		3	1
		6					9	7
4	1					8		
1	2		4					6
	6			5				
					1	7		4

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

सुडोकू : 8262

6	5	3	7	8	1	4	2	9
4	9	7	5	6	2	3	1	8
1	8	2	9	4	3	5	7	6
9	2	4	6	1	8	7	3	5
7	3	8	4	5	9	2	6	1
5	1	6	2	3	7	9	8	4
8	4	9	3	2	6	1	5	7
2	7	1	8	9	5	6	4	3
3	6	5	1	7	4	8	9	2

Last Day To Join Private channel

I GIVE YOU MY GUARANTEE, THIS PURCHASE WILL BE WORTH IT.

📚Indian Newspapers:

1) Times of India
2) Hindustan Times
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times
6) The Hindu
7) Live Mint
8) Financial Express
9) Business standard
+All Editorial PDFs

Uploding starts from 5AM

🎈Access to all this In Just 19 Rupees [lifetime Validity]

Click below to

Join

📚International Newspapers Channel

📚 Magazine Channel (National & International)

संपादकीय जागरण

शनिवार, 28 मार्च, 2026 : चैत्र शुक्ल - 10 वि. 2083

प्रयास जैसा होगा, परिणाम भी वैसा ही प्राप्त होगा

खतरे में ट्रंप की साख

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के बिजली और ऊर्जा ठिकानों को तबाह करने की धमकी देने के बाद पहले जिस तरह पांच दिन तक इन ठिकानों पर हमले टालने की घोषणा की और अब कहा कि कुछ और दिन की मोहलत दे रहे हैं, उससे यही लगता है कि वे समझौते के मूड में आ गए हैं। हालांकि रह-रहकर वे ईरान को धमकाते भी हैं, पर उन्होंने जिस तरह होर्मुज समुद्री मार्ग खोलने के लिए भी समयसीमा बढ़ा दी, उससे यही लगता है कि वे किसी तरह इस युद्ध से निकलना चाह रहे हैं। उनके ऐसे संकेतों के बाद भी यह कहना कठिन है कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ा युद्ध थम जाएगा। इसका कारण यह है कि ईरान बिना इस भरोसे अपने कदम पीछे खींचने के लिए तैयार नहीं कि उस पर फिर हमला नहीं किया जाएगा। जिस तरह ईरान अमेरिका की युद्ध विराम संबंधी शर्तें मानने के लिए तैयार नहीं हो सकता, वैसे ही अमेरिका और इजरायल के लिए भी उसकी शर्तें मानना संभव नहीं। वास्तव में इसी कारण युद्ध थमता नहीं दिख रहा है। जहां इजरायल ईरान को निशाना बनाने में लगा हुआ है, वहीं ईरान उस पर हमले करने के साथ ही अपने पड़ोसी देशों पर मिसाइलें दाग रहा है। यह स्वाभाविक ही है कि इससे इन देशों का धैर्य जवाब दे रहा है। ये देश इसलिए अधिक परेशान हैं कि ईरान उनके नागरिक और ऊर्जा ठिकानों को भी निशाना बना रहा है।

यदि खाड़ी के देशों ने ईरान पर जवाबी हमले करने शुरू किए तो युद्ध एक नए मोड़ पर पहुंच जाएगा। निःसंदेह ऐसा न तो ट्रंप चाहेंगे और न ही विश्व के अन्य देश, क्योंकि ऊर्जा संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इसकी चपेट में भारत समेत अन्य एशियाई देश ही नहीं, यूरोप और अमेरिका भी आ गए हैं। इस ऊर्जा संकट के लिए प्रत्यक्ष रूप से तो ईरान जिम्मेदार है, जिसने होर्मुज जल मार्ग बाधित कर रखा है, पर परोक्ष जिम्मेदार अमेरिका ही है, जिसने बिना कुछ सोचे-समझे इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोल दिया। ईरान ने अपनी जवाबी कार्रवाई से न केवल अमेरिका-इजरायल को तंग किया है, बल्कि पड़ोसी देशों को भी। यदि ईरान और अधिक समय तक जवाबी कार्रवाई करने में समर्थ बना रहता है तो अमेरिकी राष्ट्रपति को अपना रुख और नरम करने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है। इस स्थिति में उनका प्रभाव कम ही होगा-न केवल अमेरिका में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी। ध्यान रहे कि विश्वव्यापी ऊर्जा संकट के लिए वही जिम्मेदार माने जा रहे हैं और घरेलू स्तर पर भी उनका विरोध बढ़ रहा है। ईरान युद्ध के पहले उन्होंने जिस तरह वेनेजुएला पर हमला किया और अपनी मनमानी टैरिफ नीति से अपने मित्र देशों समेत दुनिया भर को तंग किया, उसके चलते उनकी विश्वसनीयता और साख पहले ही कम हो चुकी है।

उचित कदम

दिल्ली सरकार एसटीपी के उपचारित पानी का उपयोग निर्माण कार्यों में करने के लिए एक नीति तैयार की जाएगी। राजधानी में पानी की बढ़ती आवश्यकता व कमी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने यह सही निर्णय लिया है। यहां पेयजल की मांग करीब 1250 एमजीडी है, जबकि सभी स्रोतों से 1000 एमजीडी पानी ही मिल रहा है। मांग पूरी करने को पानी की बर्बादी रोकने के साथ उपचारित पानी के फिर से उपयोग को सुनिश्चित करना होगा। दोनों ही मामलों में वर्तमान स्थिति बहुत खराब है। ऐसे में जल प्रबंधन में सुधार की तत्काल आवश्यकता है। सरकार ने पुरानी पाइपलाइनों को बदलने सहित कई महत्वपूर्ण कदम उठाने की घोषणा भी की है।

पेयजल की मांग पूरी करने के लिए पानी की बर्बादी रोकने के साथ उपचारित पानी के फिर से उपयोग को सुनिश्चित करना होगा

राजधानी में सीवेज उपचार के लिए 37 एसटीपी हैं, जिनकी कुल क्षमता 814 एमजीडी है। इनमें से उपचारित पानी का मात्र करीब 100 एमजीडी ही उपयोग में लाया जा रहा है। शेष पानी नालों में बह जाता है। यदि इसका उपयोग गैर-पेयजल कार्यों में किया जाए, तो पेयजल संकट से निपटने में काफी मदद मिल सकती है। उपचारित पानी के उपयोग न होने का एक प्रमुख कारण यह है कि कई एसटीपी अभी तक निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हैं। सरकार का कहना है कि सभी पुराने एसटीपी का उन्नयन किया जा रहा है, ताकि वे विश्व मानकों के अनुरूप बन सकें।

कह के रहेंगे

माधव जोशी

जागरण जनमत

कल का परिणाम

क्या अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप युद्ध से निकलने की राह तलाशते दिख रहे हैं?

आज का सवाल

क्या इलाहाबाद हाईकोर्ट का यह कहना सही है कि शादीशुदा पुरुष का बालिग के साथ लिव इन में रहना अपराध नहीं?



परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

दूरगामी असर वाले विधानसभा चुनाव

आशुतोष झा

एसआइआर के साथ होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजों का असर बहुत व्यापक होगा

अवधेश राजपूत

अगले डेढ़ माह में चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में नई सरकार बननी है। नजरें इस पर टिकी हैं कि इन राज्यों में सत्तारूढ़ पार्टी क्या वापस जनादेश पाती है या फिर विपक्ष में बैठे दल काबिज होते हैं? जाहिर तौर पर वापसी का बड़ा कारण तो जनहित में लिए गए फैसले ही होते हैं, पर महत्वपूर्ण कारक विभिन्न दलों के नेतृत्व की विश्वसनीयता भी है। एक पहलू नैरेटिव का भी होता है। जनता यह आकलन करती है कि केवल उनका ही नहीं, उनके बच्चों का भी भविष्य संबंधित दल कितना सुरक्षित रख पाएंगे? विधानसभा चुनावों में हालांकि यह सीमित होता है, पर कई बार तो यह पैमाना परिवार और बच्चों से आगे बढ़कर देश तक पहुंचता है। चुनावी राज्यों में ये पहलू प्रभावी रहने वाले हैं।

असम को लेकर बहुत असमंजस नहीं है और इसका बड़ा कारण यह है कि विपक्षी कांग्रेस के नेता भी अपनी तैयारी से संतुष्ट नहीं दिख रहे हैं। नेतृत्व, प्रदर्शन और नैरेटिव के मोर्चे पर फिलहाल सत्ताधारी भाजपा काफी आगे खड़ी है। राज्य में घुसपैठ एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है और भाजपा इसके विरुद्ध चैंपियन बनकर खड़ी है। पुडुचेरी केंद्रशासित प्रदेश है और वहां तमिलनाडु की राजनीति का असर होता है। लिहाजा तमिलनाडु, केरल और सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में देश की रुचि है। बंगाल की जनसांख्यिकी के साथ 15 साल से सत्ता में बनीं ममता बनर्जी की जो राजनीति है, उसमें कोई भी यह भविष्यवाणी करने से बच रहा है कि वह चौथी बार सत्ता में नहीं आ सकतीं, पर एक फार्मूला इन तीनों राज्यों में बहुत प्रखर है और वह है एंटी इनकंबेंसी। बंगाल की लगभग एक चौथाई सीटें ऐसी हैं, जहां 30 प्रतिशत से ज्यादा मुस्लिम वोटर हैं और वे नैरेटिव के आधार पर भाजपा के खिलाफ हैं। ममता की चुनावी शक्ति का यह बड़ा आधार है, लेकिन उन्हें पिछली बार इसका अहसास हो गया था कि जमीन भुरभुरी हो रही है। विकास की तड़प और बदलाव की छटपटाहट भी एक बड़े वर्ग में है। प्रबुद्ध वर्ग के अंदर तृणमूल सरकार की कई नीतियों को लेकर बेचैनी है। संदेशखाली से लेकर आरजी कर मेडिकल कालेज में महिलाओं के साथ हुई निर्ममता ने महिला सुरक्षा और संवेदनशीलता को झकझोर दिया है। विपक्षी दल इसे फिर से याद दिला रहे हैं। ममता सरकार इससे अनभिज्ञ नहीं होगी, लेकिन पता नहीं कि वे भद्रलोक की आशंकाओं को निर्मूल करने के लिए क्या कर रही हैं?

माना जा रहा है कि इस बार का बंगाल चुनाव मुख्यतः कोलकाता प्रेसीडेंसी या ग्रेटर कोलकाता में ही लड़ा जाएगा, जहां पिछली बार भाजपा फिसड्डी रह गई थी। हावड़ा, हुगली, दक्षिण और उत्तर 24 परगना तथा नादिया में लगभग सवा सौ सीटें हैं। पिछली बार भाजपा के बड़े नेताओं ने इस क्षेत्र में चुनाव प्रचार ही नहीं किया था। कोविड के कारण आखिरी के तीन चरणों में प्रधानमंत्री मोदी ने निर्णय लिया था कि चुनाव प्रचार नहीं किया जाएगा। इसे विपक्षी दल भी खारिज नहीं करते कि आखिरी दिनों में होने वाले प्रचार में मोदी कुछ बदलाव तो ला ही देते हैं। बंगाल में आठ चरणों के मुकाबले होने वाले दो चरणों के चुनाव भी अहम हो सकते हैं। इस बार चुनाव एक सप्ताह के अंदर ही खत्म होगा। इससे उपद्रवियों की गतिविधियां भी बहुत सीमित होने की उम्मीद है। इस सबके बावजूद फिलहाल ममता को खारिज नहीं किया जा रहा है, क्योंकि अपने लंबे राजनीतिक संघर्ष में उन्होंने यह साबित किया है कि वह एक फाइटर हैं और एक बड़ी हद तक बंगाल के मूड का प्रतिनिधित्व करती हैं। उनकी जीत विपक्षी दलों में उन्हें सबसे बड़े नेता के रूप में स्थापित कर देगी, पर यदि वह हारती हैं तो भाजपा के लिए यह बिहार, दिल्ली और महाराष्ट्र से भी बड़ी जीत होगी। उसे विस्तार के लिए एक नई जमीन मिलेगी और इसका असर 2029 तक जाएगा, पर एक बड़ी चुनौती भी होगी, क्योंकि बंगाल की राजनीतिक संस्कृति बदलना बहुत आसान नहीं।

केरल में पिछली बार भी एंटी इनकंबेंसी थी, पर अंदरूनी लड़ाई में कांग्रेस नेतृत्व वाला यूडीएफ माकपा के अगुआई वाले एलडीएफ से दोबारा हार गया था। राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा रखने वाली माकपा इस बार देश की राजनीति में गुम हो सकती है। वाम विचारधारा की इस सिकुड़न को सिर्फ एक राज्य की विधानसभा से जोड़कर देखना सही नहीं होगा। जानकार कांग्रेस के गिरते ग्राफ को भी इसी विचारधारा से जोड़कर देखते हैं। बंगाल में वाम दल ममता के हाथों हारे, त्रिपुरा में भाजपा के हाथों और अब केरल में कांग्रेस के हाथों साफ होने की कगार पर हैं। केरल में वाम मोर्चे के लिए और बड़ी परेशानी यह है कि वहां कमल खिलने लगा है। त्रिवेंद्रम नगर निगम में वाम दलों के पांच दशक के शासन को भाजपा ने छीना है। विधानसभा में पैर जमे तो वाम दलों का हिंदू जनाधार डोल सकता है। ऐसे में केरल कांग्रेस के लिए बड़ी राहत लेकर आ सकता है। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद से अब तक आधा दर्जन राज्यों में चुनाव हो चुके हैं और कांग्रेस को अच्छी खबर कहीं से नहीं मिली। जम्मू कश्मीर में उमर अब्दुल्ला सरकार ने कांग्रेस को हाशिए पर रखा। झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार में जरूर प्रतिनिधित्व मिला, लेकिन इकबाल नहीं मिला। जबकि हरियाणा, महाराष्ट्र, बिहार और दिल्ली में भाजपा और राजग ने बाजी मार ली।

तमिलनाडु में एमके स्टालिन को सत्ता से बाहर करने की कोशिश कर रहे विपक्षी दलों का भरोसा इस पर टिका है कि एंटी इनकंबेंसी काम कर जाएगी। यह एक फैक्टर तो है, पर चुनाव के लिए जिस नेतृत्व की जरूरत होती है, वह फिलहाल उस अन्नाद्रमुक में नहीं दिख रहा, जो राजग का नेतृत्व करेगा। सिने स्टारों की इस राज्य में धमक होती है और इस बार विजय के साथ राज्य के युवा दिख रहे हैं, पर यदि वे ही एंटी इनकंबेंसी वोट ले गए तो स्टालिन की राह आसान हो जाएगी। भाजपा के लिए यह शुभ नहीं होगा, क्योंकि केरल की तरह पार्टी यहां भी भविष्य का आधार रखना चाह रही है।

2029 के लोकसभा चुनाव से पहले देश में परिसीमन भी हो जाएगा, सीटों की संख्या में बढ़ोतरी भी हो जाएगी और महिला आरक्षण भी लागू हो जाएगा, इसलिए एसआइआर के साथ होने वाले इन चुनावों का असर दूर तक दिखेगा।

(लेखक दैनिक जागरण के राजनीतिक संपादक हैं)

response@jagran.com

भारतीयों से भयभीत अमेरिकी

क्षमा शर्मा

भारतीयों को रोकना अमेरिका के लिए भी हानिकारक होगा, क्योंकि उसकी प्रगति में भारतीय भी अहम योगदान दे रहे हैं

विश्व पटल पर अपनी छाप छोड़ते भारतीय ● प्रतीकात्मक

हाल में प्यू रिसर्च से जुड़ी खबर में बताया गया कि अमेरिका में रहने वाले तमाम धार्मिक समूहों में हिंदू सबसे अधिक पढ़े-लिखे हैं। इसके बाद यहूदी समुदाय है। 70 प्रतिशत हिंदुओं ने स्नातक या उससे अधिक पढ़ाई की है। इसी क्रम में 65 प्रतिशत यहूदियों के पास स्नातक या उससे अधिक पढ़ाई की योग्यता है। इन दोनों समूहों की तुलना में अमेरिकियों में मात्र 35 प्रतिशत लोगों के पास इतनी शिक्षा है। मुस्लिम, बौद्ध और ईसाई समूहों में दस में से चार के पास स्नातक तक की शिक्षा है। प्रोटेस्टेंट ईसाइयों के पास भी औसत से अधिक शिक्षा है, जबकि कैथोलिक समूहों की शिक्षा राष्ट्रीय औसत से कम है। प्यू रिसर्च से जुड़ी खबर यह भी बताती है कि अधिकांश भारतीय जो अमेरिका आए हैं, वे उच्च शिक्षा लेकर ही आए हैं।

एक अन्य खबर में बताया गया कि भारतीयों को भारत से बहुत कम शिकायत है। वे अपने देश के निंदा अभियानों में शामिल नहीं होते। सिर्फ तीन प्रतिशत भारतीय ही अपने देश के बारे में नकारात्मक राय रखते हैं। अमेरिका में अपने देश को नापसंद करने वाले लोगों की संख्या 20 प्रतिशत और ब्रिटेन में 29 प्रतिशत है। भारत, स्पेन, कनाडा, इंडोनेशिया आदि देशों के लोगों को इस पर भी गर्व है कि उनके देश में बहुत सी भाषाएं बोली जाती हैं। यह निष्कर्ष 25 देशों के 30 हजार लोगों से बातचीत करके निकाला गया।

अपने ही देश भारत की निंदा करने वाले तीन प्रतिशत लोगों में बुद्धिजीवी तबका और विशेष तौर पर शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की संख्या ज्यादा प्रतीत होती है। इसका एक उदाहरण इस लेखिका को हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान मिला। एक बड़े विश्वविद्यालय में भारत के बारे में एक संगोष्ठी थी। वहां जाना हुआ। बोलने वाले विश्वविद्यालय के वरिष्ठ भारतीय प्रोफेसर ही थे। लगभग दो घंटे के संबोधन और पीपीटी में उन्होंने जो चीजें दिखाईं, उनमें बारंबार यही कहा गया कि इस देश में यह बुराई है, वह बुराई है। यहां तो कुछ हुआ ही नहीं है। आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ा ही पिछड़ा है। महिलाओं के मामले में तो इसका रिकार्ड बहुत खराब है। जो आंकड़े उन्होंने प्रस्तुत किए, वे भी पता नहीं कहां से निकाल कर लाए थे। उनसे भारत की एक बहुत ही पिछड़े हुए देश की छवि बनती थी। निःसंदेह अपने देश की आबादी के लिए बहुत कुछ करना अभी बाकी है, लेकिन कुछ हुआ ही नहीं, यह बात तथ्यों से परे हैं। संगोष्ठी के बाद यह लेखिका उन प्रोफेसर महोदय से मिलने गई। उनसे पूछा कि आखिर उन्होंने ऐसा क्यों मान लिया है कि भारत से कोई उम्मीद ही नहीं है और वह एक बेकार देश है। चूंकि वे परिचित थे, तो बाहर निकलते वक्त साथ आए। अपनी कार में बैठते हुए उन्होंने जो कहा, उसे सुनकर बहुत हैरानी हुई। वह बोले कि अगर हम ऐसा नहीं करेंगे, तो हमें कौन पूछेगा? यानी हमें कोई पूछे, हमारा करियर परवान चढ़े, हम प्रसिद्धि के शिखर पर पहुंचें, इसलिए हम कहेंगे कि भारत किसी लायक ही नहीं है। आखिर यह बेईमानी नहीं तो और क्या है?

कुछ दशक पहले एक परिचित लड़की एक बड़े अंतरराष्ट्रीय संगठन में काम करती थी। अक्सर बहुत से देशों में जाती थी। एक बार अमेरिका में एक सेमिनार में गई। वहां एक अमेरिकी लड़की ने उसे देखकर नफरत से कहा कि तुम यहां क्या कर रही हो। क्या आता है तुम्हें? एक तरफ तो प्यू रिसर्च कह रहा है कि भारतीय, जिनमें अधिकांश हिंदू हैं, सबसे ज्यादा पढ़े-लिखे हैं, तो दूसरी तरफ पिछले सालों में ट्रंप के दिए गए बयान उनके इस डर की पुष्टि भी करते हैं कि कहीं भारतीय उनकी रही-सही दुनिया को न उजाड़ दें। इसीलिए भारतीयों पर तरह-तरह के प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं ताकि उन्हें किसी तरह से रोका जा सके। इसकी एक वजह यह भी है कि अमेरिका में वहां के नागरिकों की पढ़ने-लिखने और अपनी योग्यता बढ़ाने में कोई खास दिलचस्पी नहीं है। इसीलिए दुनिया भर के पढ़े-लिखे लोग अमेरिका के विभिन्न विश्व प्रसिद्ध संगठनों में बड़ी संख्या में काम करते हैं। जिस सिलिकान वैली पर अमेरिका इतराता है, उसमें भारतीयों का ही वर्चस्व है। इसीलिए अब कोशिश है कि रोजगार में प्राथमिकता अमेरिकी लोगों को ही मिले। इस तरह की बातें अमेरिकी सरकार द्वारा ही की जा रहीं हैं। आखिर कौन रोकता है कि ऐसा न हो, लेकिन इसके लिए अपने नागरिकों में वह योग्यता भी पैदा कीजिए। यद्यपि अमेरिका के बड़े-बड़े उद्योगपति कह चुके हैं कि यदि भारतीयों को रोका गया, तो यह अमेरिका के लिए ही नुकसानदायक होगा। आम तौर पर विदेश में भारतीयों की बहुत सकारात्मक छवि है।

एक बार आस्ट्रेलिया के सबसे बड़े रेडियो समूह में काम करने वाली एक भारतीय महिला ने कहा था कि हमारे बारे में माना जाता है कि हम शांति प्रिय समूह है। अपने काम से काम रखते हैं। प्यू रिसर्च ने भारतीयों के जिस देश प्रेम के बारे में बताया, वह भी मैंने खुद महसूस किया। एक बार फ्रांस जाते हुए एक मुस्लिम महिला मिली। उसने बड़े दुख से कहा कि वह पांच साल से भारत नहीं जा पाई है। उसे अपने देश की बहुत याद आती है। अपने देश से अच्छा कुछ नहीं है। यह कहते हुए उसकी आंखें भर आईं। वास्तव में यह देश ही है, जो हमें पालता-पोसता है और पहचान दिलाता है, लेकिन कुछ लोग हैं, जो यह भूल जाते हैं। हैरानी इस पर है कि इनमें बुद्धिजीवी अधिक हैं।

(लेखिका साहित्यकार हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

मौन का महत्व

यदि हम प्रकृति का सूक्ष्म विश्लेषण करें तो समझ पाते हैं कि प्रत्येक स्वरूप जो विविधताओं के साथ प्रस्फुटित हुआ है, उसकी इस अवस्था तक की यात्रा का बीज एकांत से ही होकर निकला है। यही बात मनुष्यों पर भी लागू होती है। मन का स्वभाव है आसपास की प्रकृति द्वारा प्रभावित होते रहना और जब तक मन ऐसे प्रवाह द्वारा गतिमान होता रहेगा, तब तक महानता का उदय होना असंभव है। प्रकृति का गुण है कि वह अपनी समूची तीव्रता के साथ उस ऊर्जा का दमन करे जो बहाव के साथ न जाकर एक क्रांति को जन्म दे। महानतम विचार भी इसी कारण से कई बार असफल हो जाते हैं, क्योंकि प्रकृति और संस्कार का आवेग उन्हें रोक देता है। ऐसे में यदि हम महानता की आशा रखते हैं तो ये आवश्यक है कि हम मौन का भी अभ्यास करें।

वस्तुतः, मौन ही वह मानसिक एकांत की अवस्था है जहां से महानतम विचार जन्म लेते हैं और तब मन भी स्वामी के स्थान पर दास के रूप में कार्य करने लगता है। यदि हम प्राचीन ऋषियों, महापुरुषों का जीवन देखें तो हम जानेंगे कि महानता का उदय होने से पहले उनके जीवन में एकांत का एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है, क्योंकि उस एकांत की अवस्था ने ही उन्हें उनके जीवन के उद्देश्य और दिशा का बोध कराया। जगत के कोलाहल से प्रभावित होकर मन चाहकर भी एकाग्र नहीं हो सकता, जिसके परिणामस्वरूप चित्त अशांत ही रहता है। मौन जीवन को अर्थ से भरता है और जब जीवन में वास्तविक अर्थ प्रवेश करता है, तब देश-काल-पात्र का कोई मोल नहीं रहता, क्योंकि मन प्रकृति की परिधि से ऊपर उठ चुका होता है। हालांकि उस अवस्था तक पहुंचने के लिए यह आवश्यक है कि मन को निरंतर प्रशिक्षित किया जाए। विचारों, संस्कारों पर दृष्टि बनाई रखी जाए और आवश्यकता अनुसार ही बोला जाए। मौन से होकर जो शब्द प्रस्फुटित होंगे, वही प्रभावशाली और बोधपूर्ण होंगे।

आदित्य नारायण अवस्थी

पाठकनामा

pathaknama@nda .jagran.com

रचनात्मक भूमिका निभाए विपक्ष

'आलोचना की आदत' शीर्षक से प्रकाशित संपादकीय पढ़ा। इसमें वर्तमान राजनीतिक विडंबनाओं को उचित ही रेखांकित किया गया है। यह किसी से छिपा नहीं है कि पश्चिम एशिया में छिड़े युद्ध से पूरी दुनिया में ऊर्जा संकट और अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियां बढ़ी हैं और भारत भी इससे अछूता नहीं है। इससे उपजी परिस्थितियों से निपटने में राजनीतिक सहमति बनाने के लिए केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई, लेकिन इस बैठक के उपरांत भी कांग्रेस का रवैया निराशाजनक रहा है। कांग्रेस हर परिस्थिति में सरकार की आलोचना को प्राथमिकता देती नजर आती है। पश्चिम एशिया संकट में भारत की कोई सीधी भूमिका न होने के बावजूद सरकार की कूटनीति को विफल बताना वास्तविकता से दूर है। आलोचना लोकतंत्र का आवश्यक अंग है, लेकिन वह रचनात्मक और समाधान-उन्मुख होनी चाहिए। केवल नकारात्मकता फैलाने या राजनीतिक लाभ के लिए मुद्दों को तूल देना देशहित में नहीं माना जा सकता। ऊर्जा संकट जैसे गंभीर विषय पर विपक्ष से अपेक्षा होती है कि वह ठोस सुझाव दे, न कि केवल आरोप-प्रत्यारोप करे। पूर्व में वैश्विक आपदा के दौरान विपक्षी दलों ने हमेशा सरकार का साथ दिया है, लेकिन कांग्रेस राजधर्म को भूल चुकी है। कांग्रेस को रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभानी चाहिए।

himanshushekhar.mca@gmail.com

कोर्ट का आभार

गत 24 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐसा ऐतिहासिक फैसला दिया है जिससे कि मतांतरण करा के डिमोग्राफी को बदलने की साज़िश रचने वाले बदमाशों को बड़ा धक्का लगा है। अपने फैसले में कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म का कोई व्यक्ति या समूह, इन धर्मों को छोड़कर किसी अन्य धर्म को अपनाते हैं तो उन्हें एससी, एसटी या ओबीसी को मिलने वाली सुविधाओं को त्यागना पड़ेगा। अभी तक मौलवी एवं पादरी एससी, एसटी या ओबीसी के लोगों को प्रलोभन देकर या भय दिखाकर अपने धर्मों में शामिल करने का कुचक्र रचते रहते हैं। पर जब उनको यह ज्ञात होगा कि मतांतरण के पश्चात वह आरक्षण एवं अन्य सुविधाओं से वंचित हो जाएंगे तो वह अपने वर्तमान धर्म को छोड़ने को तैयार नहीं होंगे। इसी तरह के एक अन्य निर्णय में किसी भी व्यक्ति को मतांतरण करने के 60 दिन पूर्व जिला अधिकारी को अपनी इच्छा से अवगत कराना होगा, ऐसी सूचना प्राप्त होने पर शासन एवं मतांतरण के इच्छुक व्यक्ति के वर्तमान धर्म के लोगों के पास 60 दिन का समय होगा कि वे इस बात की जांच कर सकें कि मतांतरण का इच्छुक व्यक्ति किसी दबाव में, भयवश या प्रलोभन के कारण तो ऐसा नहीं कर रहा है? इन दोनो फ़ैसलों के कारण हिन्दू, सिख एवं बौद्ध धर्मों की रक्षा हो सकेगी। इस मामले में डिमोग्राफी बदलने के लिए लव जिहाद, जनसंख्या जिहाद को रोकने के साथ बंग्लादेशी एवं रोहिंग्या घुसपैठियों को बाहर निकालना भी आवश्यक है।

धर्मेन्द्र नाथ रस्तोगी, गाजियाबाद

कालाबाजारी रोकना जरूरी

हमारे देश में इस समय पेट्रोल, डीजल और कुकिंग गैस की किल्लत को लेकर अफवाहों का दौर चल रहा है। जबकि भारत सरकार ने कई बार स्पष्ट तौर पर भरोसा दिलाया है कि देश में एलपीजी, पेट्रोल व डीजल की कोई कमी नहीं है। पश्चिमी एशिया में युद्ध के बादल अभी पूरी तरह छटे नहीं है। इस मौजूदा स्थिति को देखते हुए भारत सरकार पूरी तरह सचेत नज़र आ रही है। पश्चिमी एशिया में चल रहा युद्ध अब चौथे सप्ताह में प्रवेश कर चुका है और अभी जल्दी युद्ध रुकने के कोई आसार नज़र नहीं आ रहें है। युद्ध को लेकर बढ़ती अनिश्चितता की स्थिति में कुछ लोग नकारात्मक खबरों को फैलाने में लगे हुए है। इस पूरे मामलें में एक बात जो निकलकर सामने आ रही है कि कुछ लोग देश की जनता में ये अफवाह फैलाने में लगे है कि निकट भविष्य में जल्दी ही गैस व पेट्रोलियम जैसी चीजों के मूल्यों में वृद्धि हो सकती है। देश की जनता को ऐसे लोगों की बातों में ना आकर सरकार का पूर्ण सहयोग करना चाहिए और इस समय अपनी बुद्धि व विवेक का प्रयोग करते हुए पूरे संयम से काम लेना चाहिए। भारत सरकार को ऐसे लोगों पर ठोस कार्रवाई करनी चाहिए जो मौजूदा स्थिति का फायदा उठाकर पेट्रोल, एलपीजी व डीजल आदि प्रदार्थो की कालाबाजारी जैसे कार्यों में लगे हुए है। संकट के इस दौर में कुछ लोगों ने कालाबाजारी भी शुरू कर दी है। हालांकि सरकार की सख्ती जारी है। फिर भी इस तरह की छिटपुट घटनाएं देश में कई जगहों से सामने आ रही हैं।

हितेंद्र डेढ़ा, दिल्ली

X पोस्ट

भारत, पाकिस्तान की तरह 'दलाल' देश नहीं है, यह बात भू-राजनीति की एक कड़वी सच्चाई है। जो भी इस सच के साथ सहज नहीं हैं तो समझिए कि वे पाकिस्तान के वास्तविक चरित्र से परिचित नहीं और न ही कभी हो पाएंगे।

आदित्य राज कौल@AdityaRajKaul

पिछले चार साल से लगातार युद्धक्षेत्र में सक्रिय रहा हूं। रूस, यूक्रेन, इजरायल, ईरान, लेबनान, सीरिया या कोई और दूसरा देश हो, वहां जनता में इतनी अफरा-तफरी देखने को नहीं मिलती, जितनी अपने देश में। इसे सात पीढ़ियों के लिए जमा करने की हमारी मानसिकता कहिए या समाज का स्वार्थी सोच कि हम तुरंत जमाखोरी में लग जाते हैं।

मनीष झा@ManishJhaTweets

अब देश में विधान परिषद और राज्यसभा खत्म कर देनी चाहिए। इनकी आकांक्षाएं बहुत गड़बड़ियां कराती हैं। इन्हें समाप्त करने से बहुत कुछ सुधर जाएगा। जिसे भी देश सेवा करनी हो, वह जनता के बीच जाकर चुनाव लड़े और जनादेश लेकर आए।

अमिताभ अग्निहोत्री@Aamitabh2

जनपथ

अबकी पड़ता जा रहा दीदी का दिल सर्द,
आय हैदराबाद से मियां बने सिरदर्द।
मियां बने सिरदर्द करेंगे गड़बड़झाला,
छीनेंगे इस बार हुमायूं संग निवाला।
मुस्लिम पर इस बार निगाहें अटकी सबकी,
देखो किसका साथ निभाएंगे वे अबकी!

– ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन.नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस.बिल्डिंग,रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित
संपादक (दिल्ली एनसीआर) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 36 अंक 252

चिंतन

परिस्थितियां कठिन लेकिन भरोसा रखें

वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर भारत पर भी देखने को मिल रहा है, खासकर पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों और सप्लाई चेन पर। हालांकि, हालात चुनौतीपूर्ण जरूर हैं, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि यह सरकार पर भरोसा रखने का समय है। सबसे पहले यह स्पष्ट कर देना जरूरी है कि देश में पेट्रोल, डीजल या गैस की कोई कमी नहीं है। सरकार और संबंधित मंत्रालयों ने बार-बार यह आश्वासन दिया है कि सभी रिफाइनरी 100 प्रतिशत क्षमता से काम कर रही हैं और सप्लाई चेन को सुचारू बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। एलपीजी के उत्पादन में 40 प्रतिशत तक की वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि सरकार स्थिति को संभालने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। हाल के दिनों में कुछ अफवाहों के चलते पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखी गईं, जिससे लोगों में अनावश्यक भय का माहौल बना, लेकिन यह समझना जरूरी है कि ऐसी अफवाहें ही असली समस्या को बढ़ाती हैं। जब लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन या गैस खरीदने लगते हैं तो सप्लाई पर दबाव बढ़ता है और अस्थायी संकट पैदा हो सकता है। इसलिए नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोरोना काल के संदर्भ में दी गई टिप्पणी को भी कुछ लोगों ने गलत तरीके से प्रस्तुत किया। उनका उद्देश्य केवल यह बताना था कि उस समय लॉकडाउन एक विशेष परिस्थिति में लगाया गया था, जबकि वर्तमान हालात उससे अलग हैं। सरकार ने साफ कर दिया है कि देश में लॉकडाउन लगाने की कोई योजना नहीं है। केंद्रीय मंत्रियों ने भी इस बात की पुष्टि की है, जिससे स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाती है। कोरोना काल में लोग एक-दूसरे के संपर्क में न आएं, इसलिए लॉकडाउन लगाया गया था। अब ऐसे हालात नहीं हैं, इसलिए लॉकडाउन नहीं होगा। परिस्थितियां भले ही कठिन हों, लेकिन लोग घबराएं नहीं, पैनिक न हों, सरकार पर भरोसा रखें। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। जहां पहले यह लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थी, वहीं अब 110 डॉलर के पार पहुंच चुकी है। इसका सीधा असर तेल कंपनियों पर पड़ा है, जिन्हें प्रति लीटर 30 रुपये तक का नुकसान उठाना पड़ रहा था। ऐसे में कीमतें बढ़ना तय माना जा रहा था, लेकिन सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में कटौती कर जनता को राहत दी है। पेट्रोल और डीजल पर 10-10 रुपये की कटौती से कीमतों को स्थिर रखने में मदद मिली है। शुरुआत में कमर्शियल उपयोग के लिए सप्लाई कम की गई थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर लगभग 70 प्रतिशत तक कर दिया गया है। भारत की कूटनीति भी इस कठिन समय में एक मजबूत स्तंभ के रूप में सामने आई है। रूस, अमेरिका, ईरान और अर्जेंटीना जैसे देशों के साथ संवाद स्थापित कर भारत ने अपनी ऊर्जा जरूरतों को संतुलित किया है। यह दिखाता है कि देश केवल आंतरिक स्तर पर ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी सक्रिय और सक्षम है। इन सभी प्रयासों के बावजूद यह मानना होगा कि परिस्थितियां पूरी तरह आसान नहीं हैं। वैश्विक संकट का प्रभाव किसी न किसी रूप में पड़ता ही है, लेकिन ऐसे समय में सबसे महत्वपूर्ण है जनता का धैर्य और सरकार पर विश्वास। परिस्थितियां भले ही कठिन हों, लेकिन विश्वास और संयम से हर चुनौती को पार किया जा सकता है।

मुद्दा

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

इच्छा मृत्यु की जीत से उपजे सवाल

दुनिया के विभिन्न देशों में इच्छा-मृत्यु पर अलग-अलग बहस है। कई देशों ने इसे मान्यता भी दी है, लेकिन भारत में इसकी स्वीकृति विशेष परिस्थिति में ही मिलती है। अब जब हरीश राणा के बहाने इच्छा मृत्यु एक बार भारत में जीत गई है तो भारत को पुनः सोचना होगा कि कैसे हम आने वाले समय में ऐसे आवेदकों से निपटेंगे। यह सोचना होगा कि हम किस स्तर पर इच्छा मृत्यु को स्वीकृति दें। न्यायालय और सामाजिक न्याय के बीच जीवन व गरिमा का यह युद्ध अब नया रूप न ले ले और हम भारत के लोग कहीं लक्षित न होने लगें, इस पर भी विचार करना होगा। यह विचार भी ज़रूरी है कि मानवाधिकारों की बहस में इच्छा-मृत्यु कहीं सभ्यता पर ही न सवाल करने लगे।

दिल्ली में 2014 से जीवन व मृत्यु की जंग लड़ रहे हरीश हार गए और इच्छा-मृत्यु जीत गई। इस जीत ने मानवाधिकार को हरा दिया। दुनिया के विभिन्न देशों में इच्छा-मृत्यु पर अलग-अलग बहस है। कई देशों ने इसे मान्यता भी दी है, लेकिन भारत में इसकी स्वीकृति विशेष परिस्थिति में ही मिलती है। गीता के अनुसार, जातस्य ही ध्रुवो मृत्युः ध्रुव जन्म मृतस्य च। जिसका तात्पर्य है कि जन्म के बाद मृत्यु है, मृत्यु के बाद नया जन्म ध्रुव सत्य है। इसलिए जन्म और मृत्यु के सौंदर्य को भारतीय मानस उत्सव का स्वरूप प्रदान करता है। भारतीय मानस की कल्पना है कि जीवन आनंदमय है और मृत्यु भी आनंदोत्सव के रूप में वरेण्य है। जैन, बौद्ध, हिन्दू और लगभग सभी धर्मों ने कुछ न कुछ इस प्रकार की चर्चा अपने धर्मशास्त्रों में की। किंतु फिर भी जन्म तो उत्सव के रूप में खूब स्वीकार्य रहा। मृत्यु शोक, जीवन-इच्छा से विरक्ति एवं अवसाद के रूप में ही ज्यादा समझी गई। अपनों के जाने का शोक, अपनों से बिछुड़ने का शोक और फिर कभी न मिल पाने का शोक इतना जल्दी स्वीकार नहीं हो पाता और न ही इसे कोई उत्सव के रूप में मनाता है।

बहुत पहले की बात है, मेरे नाना के पिता 140 वर्ष के हो गए थे। तीन पेंशन उन्हें मिलती थी। हर महीने आईबी के लोग यह पता करने आते थे कि यह पेंशन कोई और तो नहीं ले रहा है। लेकिन हर महीने वे जिंदा मिल जाते थे तो जांच अधिकारी कुछ भी कहे बगैर चले जाते थे। मेरे नानाजी की मृत्यु भी 115 वर्ष में हुई। उनके पिताजी की मृत्यु हो ही नहीं रही थी तो पण्डितों से पूछा गया कि उनकी मृत्यु कैसे होगी। शरीर बूढ़ा और कमजोर हो गया था, लेकिन मृत्यु नहीं हो रही थी। मुझे बताया गया कि पंडितों ने कहा कि इनकी मृत्यु यहां होगी ही नहीं। यदि इन्हें जिंदा बनारस ले जाया जाए तो काशी में कुछ समय बाद इनकी मृत्यु हो सकती है। कहते हैं कि उन्हें जीते जी उत्सव के साथ गाजा-बाजा के साथ हाथी के जुलूस के साथ जिंदा कफन सहित बड़ी तादात में लोग हजारों लोग काशी के लिए बिदा करके आए और वहां सवा महीने रहने के बाद उनकी मृत्यु हुई। अखबारों में उनकी मृत्यु के विषय में लिखा गया। लोग कहते हैं कि मृत्यु आए तो इतनी जल्दी से आ जाए। न आए तो वर्षों की प्रतीक्षा। कौमा में पड़े व्यक्ति के जीवन का भी क्या? जिंदा लाश, जी भी रहा है तो उससे परिवार, सगे-संबंधियों को केवल रोज मरना व जीना पड़ता है।

अपनी सुध खोया हुआ, मृत-प्राय मनुष्य को तो कुछ पता भी नहीं होता। मृत्यु के नखरे के साथ जूझते लोग और उनके परिजन और डॉक्टर ऐसी स्थितियों में अनिर्णीत स्थितियों में जीने को विवश होते हैं। निर्णय क्षमता की परीक्षा बहुत ही कठोर होती है। ऐसी ही कुछ स्थितियां तेरह वर्ष से अधिक समय से कोमा में पड़े हरीश राणा और उसके परिवार व चिकित्सकों की थी। अब हरीश नहीं हैं। प्रेक्षक यह स्वीकार कर रहे हैं कि परिजन व चिकित्सक को बहुत बड़ी राहत मिली है अब और सबसे अधिक राहत उस दिवंगत आत्मा को मिली होगी जो इतने लंबे समय से एक शरीर में कुछ कैद, कुछ उलझी हुई थी। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय ने भारतीय

बहस, चिंतन के पुराने निर्णय को ही स्वीकार किया है। संविधान ने व्यावहारिक रूप से यह सुविधा अब दी है, जबकि शास्त्रों ने पहले से ही ऐसी स्वीकृति दी थी। जीवन की परीक्षा किसी शरीर के लिए नरक न बन जाए, और मृत्यु एक कहानी न बन जाए, इसके लिए भारत वर्ष में बहुत पहले से ही विचार होते रहे हैं।

इच्छा-मृत्यु फिर भी सहजता से स्वीकारी नहीं जा सकती। यह हरीश व उनके परिजनों का संघर्ष बताता है। नीदरलैंड ने 2002 में सबसे पहले इच्छा-मृत्यु को मान्यता दी थी। विश्व का प्रथम ऐसा प्रावधान करने वाला नीदरलैंड, जिसने दुनिया में नई बहस को छेड़ दिया था। बेल्जियम में कुछ मानसिक अवसाद में जीने वाले लोग जब इच्छा मृत्यु मांगने लगे तो बेल्जियम ने भी प्रावधान कर दिया, लेकिन उसकी शर्त यह थी कि हम इच्छा मृत्यु को लीगल रूप से प्राप्त करने के पक्ष में हैं। अगर इस तरह की गतिविधियों में यदि किसी की संलिप्तता पाई गई तो तीन साल तक कि सजा भी होगी। फिर ऐसी मान्यताएं ऑस्ट्रिया, कोलंबिया, स्विट्जरलैंड और दूसरे कई देशों में मिलीं। लक्जमबर्ग, अमेरिका व जर्मनी में भी ऐसी अनेक इच्छा मृत्यु के लिए कोशिशों ने अपनी कानूनी मान्यता प्राप्त कर लीं। यह मान्यताएं भी पूरे विश्व में अपना असर दिखाने लगी हैं। भारी संख्या में विश्व भर में इच्छा-मृत्यु के लिए मिले आवेदन हैरान कर देने वाले हैं। अब दुनिया में अवसाद बढ़ रहे हैं।

भूख और गरीबी भी है। शरणार्थियों के अपने घर नहीं हैं और न ही उनकी नागरिकता। ऐसे में वे भी अपने जीवन से तंग आकर यदि इच्छा मृत्यु की मांग करने लगे तो क्या होगा? भारत में जिन बुजुर्गों की सेवा करने वाले नहीं होते। जिन्हें अपने बच्चे किसी आश्रम में छोड़ जाते हैं या अपमानजनक स्थिति में पहुंचा देते हैं, उनके मन व मस्तिष्क में बरबस आता है, ऐसा कि हे भगवान! हमें उठा लो। सोचिए अगर वे अपने जीवन से मुक्ति की मांग आवेदन देकर करने लगेंगे तो क्या होगा? भारत में सर्वोच्च न्यायालय ने जिस पैसिव यूथेनेसिया को मान्यता दी है उससे जीवन व मृत्यु से जूझते लोगों व उनके परिजनों को कितनी राहत मिली, पता नहीं लेकिन भारत भी इसके लिए राजी हो ही गया और थोड़ा अलग तरह से राजी हुआ। माना कि यह वैज्ञानिक युग है। साइंटिफिक आविष्कारों ने जीवन को दीर्घजीवी बना दिया है। कृत्रिम ढंग से जीने की भी सुविधाएं बढ़ती जा रही हैं। हमारा जीवन गरिमामय हो, अर्थपूर्ण हो। मृत्यु भी गरिमामय मनुष्य चाहता है लेकिन मृत्यु का पैमाना कहीं अनेक जीवन को खो देने से न निर्धारित होने लगे, इसके लिए इच्छा मृत्यु पर खुली छूट भी तो नहीं दी जा सकती। हम जीवन से खेलने के आदी न हो जाएं, इसके लिए भी यह छूट नहीं दी जा सकती।

जैन धर्म में भी कुछ प्रथाओं पर इस वजह से प्रश्न खड़ा किया जाता रहा है। दूसरे धर्मों में भी ऐसी चीजें जो अपना आकार ले रही थीं, उन पर समय-समय पर चिंता व्यक्त की जाती रही है। अब जब हरीश राणा के बहाने इच्छा मृत्यु एक बार भारत में जीत गई है तो भारत को पुनः सोचना होगा कि कैसे हम आने वाले समय में ऐसे आवेदकों से निपटेंगे। यह सोचना होगा कि हम किस स्तर पर इच्छा मृत्यु को स्वीकृति दें। न्यायालय और सामाजिक न्याय के बीच जीवन व गरिमा का यह युद्ध अब नया रूप न ले ले और हम भारत के लोग कहीं लक्षित न होने लगें, इस पर भी विचार करना होगा। यह विचार भी जरूरी है कि मानवाधिकारों की बहस में इच्छा-मृत्यु कहीं सभ्यता पर ही न सवाल करने लगे।

(लेखक सीयूपी बठिंडा में वेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

संसाधन

बलकार सिंह पूनिया

ऊर्जा संकट और गांवों की ओर लौटता समाधान

वर्तमान ऊर्जा संकट केवल ईंधन की उपलब्धता का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह हमारे विकास मॉडल की बुनियादी कमजोरियों को उजागर करता है। लंबे समय से अपनाया गया शहर-केंद्रित विकास ढांचा सुविधाओं और उपभोग पर आधारित रहा है, जिसने जीवन को आधुनिक तो बनाया, परंतु उसे बाहरी संसाधनों पर अत्यधिक निर्भर भी कर दिया। परिणामस्वरूप, गैस, बिजली या अन्य ऊर्जा स्रोतों में थोड़ी-सी बाधा भी शहरी जीवन को असंतुलित कर देती है। रसोई से लेकर परिवहन और दैनिक आवश्यकताओं तक सबकुछ प्रभावित हो जाता है। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि आधुनिक शहरी व्यवस्था जितनी आकर्षक है, उतनी ही संवेदनशील और अस्थिर भी है। इसके विपरीत, भारतीय गांवों की जीवन-शैली आज भी आत्मनिर्भरता, स्थानीय संसाधनों और सामुदायिक सहयोग पर आधारित है। गांवों में व्यक्ति केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादन प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार होता है। यही कारण है कि संकट के समय गांव अधिक लचीले और टिकाऊ साबित होते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान बड़े पैमाने पर हुआ पलायन इस सत्य का प्रमाण है कि जब शहरों की सीमाएं सामने आती हैं, तब गांव ही सुरक्षा और स्थिरता का आधार बनते हैं।

ऊर्जा के संदर्भ में यदि देखा जाए तो गांवों के पास अनेक ऐसे विकल्प हैं, जो उन्हें आत्मनिर्भर बना सकते हैं। बायोगैस इसका सबसे सशक्त उदाहरण है। पशुओं के गोबर, कृषि अवशेष और जैविक कचरे से तैयार की जाने वाली यह ऊर्जा न केवल स्वच्छ और सस्ती है, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी है। बायोगैस संयंत्रों के माध्यम से गांव अपनी ऊर्जा जरूरतों को स्थानीय स्तर पर पूरा कर सकते हैं, जिससे एलपीजी जैसी बाहरी निर्भरता में कमी आती है। इसके अतिरिक्त, इस प्रक्रिया से प्राप्त जैविक खाद मिट्टी की उर्वरता बढ़ाती है और रासायनिक उर्वरकों पर होने वाले खर्च को कम करती है। इस प्रकार बायोगैस केवल ऊर्जा का स्रोत नहीं, बल्कि एक समग्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार बन सकती है। इसी प्रकार सौर ऊर्जा भी ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण संभावना प्रस्तुत करती है। भारत की भौगोलिक स्थिति सौर ऊर्जा के लिए अत्यंत अनुकूल है। यदि गांवों में सोलर पैनल, सोलर पंप और माइक्रो-ग्रिड जैसी व्यवस्थाओं को बढ़ावा दिया जाए तो न केवल ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि एक विकेंद्रीकृत और टिकाऊ ऊर्जा तंत्र भी विकसित हो सकेगा। यह मॉडल न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगा, बल्कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को भी मजबूत करेगा। फिर भी, समस्या केवल तकनीकी समाधान की नहीं है, बल्कि नीतिगत दृष्टिकोण की भी है। अब तक की विकास नीतियों में गांवों को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिली, जिसके कारण स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान की उपेक्षा हुई है।

आवश्यकता इस बात की है कि विकास की दिशा को पुनः परिभाषित किया जाए और गांवों को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास के केंद्र के रूप में स्वीकार किया जाए। इसके लिए पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना होगा, ताकि वे ऊर्जा उत्पादन और प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभा सकें। विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं की भूमिका इस परिवर्तन में अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है। वे घरेलू संसाधनों के प्रबंधन की धुरी होती हैं और यदि उन्हें बायोगैस, सौर ऊर्जा और अन्य तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाए, तो वे न केवल परिवार की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर सकती हैं, बल्कि "ऊर्जा उद्यमी" के रूप में उभरकर अतिरिक्त आय और रोजगार के अवसर भी सृजित कर सकती हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। अंततः यह स्पष्ट है कि ऊर्जा संकट का समाधान केवल आयात बढ़ाने या सब्सिडी देने में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम उठाने में निहित है। इसके लिए आवश्यक है कि स्थानीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जाए, विकेंद्रीकृत ऊर्जा मॉडल को अपनाया जाए और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ा जाए।

आज समय की मांग है कि "गांवों की ओर लौटने" की अवधारणा को केवल भावनात्मक अपील न समझा जाए, बल्कि इसे एक व्यावहारिक और दूरदर्शी रणनीति के रूप में अपनाया जाए। क्योंकि एक आत्मनिर्भर, संतुलित और संकट-प्रतिरोधी भारत का निर्माण तभी संभव है, जब गांवों की शक्ति, उनकी आत्मनिर्भरता और उनके संसाधन-आधारित जीवन मॉडल को विकास की मुख्यधारा में स्थान दिया जाए।

(लेखक इग्नू नई दिल्ली में सहायक प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

आनंदमय कोष की प्राप्ति

संकलित

दर्शन

अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष के पश्चात प्रवेश होता है आनंदमय कोष में। अन्न से उत्पन्न यह शरीर त्वचा, मांस, चर्म और रुधिर युक्त है। यह आत्मा नहीं है। प्राणमय कोष भी आत्मा नहीं, क्योंकि प्राण वायु के रूप में शरीर में आता-जाता है। मनोमय कोष व्यक्ति को विषयों में आसक्त करता है और आत्मभाव में स्थित नहीं होने देता है, इसलिए यह भी आत्मा नहीं है। जागृति, स्वप्न, सुषुप्ति, सुख-दुख, जन्म-मरण, लाभ-हानि विज्ञानमय कोष में रहते हैं, इसलिए यह भी आत्मारूप आनंदमय कोष नहीं हो सकता है। श्रीरामचरितमानस में मात्र श्रीभरत इन कोषों का उपादान रूप में उपयोग करते हुए भी आनंदमय कोष हैं, जिनका राम से सर्वथा ऐक्य है। सारा संसार भरत की इस महत भूमिका के कारण ही दीपावली का प्रकाश पर्व मनाता है।दीपावली सनातन संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहार है। पूरा कार्तिक माह घरों तथा व्यापारिक संस्थानों की स्वच्छता व सजावट में लग जाता है। दीपावली के इस दृष्ट बाह्य और लौकिक रूप में कौन-सा आंतरिक तत्व छिपा है, जिसे जानने के पश्चात दीपावली हमें हमारे मूल वैदिक परंपराओं की नींव से जोड़ देती है। श्रीरामचरितमानस में भक्ति के सोपानों का वर्णन अरण्यकांड में है, जिसका विश्लेषण भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण की जिज्ञासा-समाधान में करते हैं। उसी तरह ज्ञान प्राप्ति के सोपानों का वर्णन मानस के अंतिम उत्तरकांड में काकभुशुंडि जी गरुड़ जी के समक्ष करते हैं।

संस्कार क्या है?

संकलित

प्रेरणा

एक राजा के पास सुन्दर घोड़ी थी। कई बार युद्ध में इस घोड़ी ने राजा के प्राण बचाये और घोड़ी राजा के लिए पूरी वफादार थी। कुछ दिनों के बाद इस घोड़ी ने एक बच्चे को जन्म दिया, बच्चा काना पैदा हुआ, पर शरीर हष्ट पुष्ट व सुडौल था। बच्चा बड़ा हुआ, बच्चे ने माँ से पूछाः माँ मैं बहुत बलवान हूँ, पर काना हूँ, यह कैसे हो गया? इस पर घोड़ी बोलीः बेटा जब में गर्भवती थी, तू पेट में था तब राजा ने मेरे ऊपर सवारी करते समय मुझे एक कोड़ा मार दिया, जिसके कारण तू काना हो गया। यह बात सुनकर बच्चे को राजा पर गुस्सा आया और माँ से बोलाः माँ मैं इसका बदला लूंगा। माँ ने कहा राजा ने हमारा पालन-पोषण किया है, तू जो स्वस्थ है, सुन्दर है, उसी के पोषण से तो है, यदि राजा को एक बार गुस्सा आ गया तो इसका अर्थ यह नहीं है कि हम उसे क्षति पहुंचाये, पर उस बच्चे के समझ में कुछ नहीं आया, उसने मन ही मन राजा से बदला लेने की सोच ली। *एक दिन यह मौका घोड़े को मिल गया राजा उसे युद्ध पर ले गया। युद्ध लड़ते-लड़ते राजा एक जगह घायल हो गया, घोड़ा उसे तुरन्त उठाकर वापस महल ले आया।* इस पर घोड़े को ताज्जुब हुआ और माँ से पूछाः माँ आज राजा से बदला लेने का अच्छा मौका था, पर युद्ध के मैदान में बदला लेने का ख्याल ही नहीं आया और न ही ले पाया, मन ने गवारा नहीं किया। इस पर घोडी हंस कर बोलीः बेटा तेरे खून में और तेरे संस्कार में धोखा है ही नहीं, तू जानकर तो धोखा दे ही नहीं सकता है। तुझ से नमक हरामी हो नहीं सकती, क्योंकि तेरी नस्ल में तेरी माँ का ही तो अंश है।

अंतर्मन

आज की पाती

बातचीत से सुलझाया जाए अमेरिका-ईरान युद्ध

अनिश्चित भविष्य वाला युद्ध केवल सीमाओं की लड़ाई नहीं होता, बल्कि यह राजनीति, अर्थव्यवस्था, कूटनीति और मानवता, सभी को गहराई से प्रभावित करता है। अमरीका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव केवल दो देशों का द्विपक्षीय विवाद नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक भू-राजनीति, ऊर्जा सुरक्षा और कूटनीतिक तंत्र की विफलता का एक जटिल उदाहरण बन चुका है। युद्धविराम के प्रस्ताव पर जिस तरह दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के प्रति अविश्वास दिखाया, उससे स्पष्ट है कि संवाद की बुनियाद ही कमजोर है। अमरीका द्वारा प्रस्तुत 15 सूत्रीय प्रस्ताव को ईरान ने खारिज करते हुए अपनी शर्तें सामने रख दीं, जो यह संकेत देता है कि दोनों देशों के बीच कोई प्रभावी बैक-चैनल वार्ता नहीं चल रही है। पूरे विश्व के हित में यही है कि इस मसले को बातचीत के जरिए सुलझाया जाए।

- राजेंद्र ठाकुर, रायपुर

ट्रेंड

नोएडा हवाई अड्डा

28 मार्च उत्तर प्रदेश और एनसीआर के लोगों के लिए महत्वपूर्ण दिन है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन होगा। इससे व्यापार और कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा। नोएडा हवाई अड्डा हमारे देश की प्रमुख हरित परियोजनाओं में से एक है।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

कांग्रेस की भावना

कांग्रेस की जिस प्रकार की नकारात्मक भावना है, संसद उसका संस्थान नहीं है। कांग्रेस पार्टी को स्ट्रक्चर के साथ चर्चा करना पसंद नहीं है; हो-हल्ला करना और हुड़दंग मचाना ही उसकी परंपरा रही है।

- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षामंत्री

सरकार की नाकामी

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को 4 घंटे की प्रोपोगंडा पिक्चर देखने भेजने से अच्छा था कि उन्हें पेट्रोल पंपों पर भेजते। नाकाम भाजपा सरकार ने बेचारे सिपाहियों को जनता के गुस्से का सामना करने के लिए अकेला छोड़ दिया है।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

आमजन को राहत

वैश्विक स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे अधिकांश देशों में आम जनता पर बोझ बढ़ा है। ऐसे समय में भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है जहां सरकार ने करों में कटौती कर आम लोगों को राहत देने का कार्य किया है।

-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा

करंट अफेयर

अमेरिकी डॉलर पर जल्द दिखाई देंगे ट्रंप के हस्ताक्षर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर जल्द ही अमेरिकी मुद्रा (डॉलर) पर दिखाई देंगे और यह 1861 में डॉलर की शुरुआत के बाद से पहली बार होगा जब किसी मौजूदा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर मुद्रा पर अंकित किए जाएंगे। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने यह निर्णय ऐसे वक्त लिया है जब अमेरिका इस वर्ष देश की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ का जश्न मना रहा है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के अधिकारी ब्रैंडन बीच ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा ''अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप के हस्ताक्षर वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के हस्ताक्षर के साथ जल्द ही अमेरिकी मुद्रा पर दिखाई देंगे। ऐसा इतिहास में पहली बार होगा और यह राष्ट्रपति के नेतृत्व एवं हमारे महान राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है। इस महीने की शुरुआत में, एक संघीय कला आयोग ने अमेरिकी स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ पर ट्रंप की छवि वाले 24 कैरेट सोने के स्मारक सिक्के के अंतिम डिजाइन को मंजूरी दी थी। बेसेंट ने एक बयान में कहा, ''राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में, हम अभूतपूर्व आर्थिक विकास, डॉलर के स्थायी प्रभुत्व और राजकोषीय मजबूती एवं स्थिरता की राह पर हैं।

ऑफ बीट

कसरत की थकान से उबरने में आइस बाथ है लोकप्रिय

पिछले कुछ साल में 'आइस बाथ' का चलन तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर में खुद को स्वस्थ रखने वाले और व्यायाम करने वाले लोग इसे अपना रहे हैं, हालांकि पहले केवल एथलीट ही इसका उपयोग करते थे। 'आइस बाथ' का मतलब बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़ों से भरे पानी में नहाना है। कसरत की थकान से उबरने के लिए 'आइस बाथ' 'आइस बाथ' लेने का मुख्य कारण मांसपेशियों में दर्द को कम करना और व्यायाम के बाद थकान से उबरना है। धावक, भारोत्तोलक और फुटबॉल खिलाड़ी सहित एथलीट आमतौर पर 'आइस बाथ' का उपयोग करते हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 'आइस बाथ' लेने से कसरत के बाद होने वाली थकान को दूर किया जा सकता है। शोध से पता चला है कि गहन व्यायाम के तुरंत बाद 'आइस बाथ' लेने से अगले कुछ घंटे और दिनों में मांसपेशियों का दर्द कम हो सकता है। 'आइस बाथ' से मांसपेशियों की ताकत, मजबूती और लचीलेपन जैसी चीजों में मदद मिल सकती है। 'आइस बाथ' से व्यायाम के बाद होने वाली सूजन, मांसपेशियों की सूजन और मांसपेशियों की क्षति जैसी चीजों में सुधार हो सकता है। अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें लगातार कई दिन तक तीव्र व्यायाम करना पड़ता है तो आपके लिए 'आइस बाथ' एक अच्छा विकल्प हो सकता है, लेकिन अगर आप एक एथलीट हैं तब भी हमेशा 'आइस बाथ' नहीं लेना चाहिए।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।